सूर्योदय 5:35 सूर्यास्त 7:21

आज का तापमान

शिमला	17.5 न्यू	22.2 अधि
धर्मशाला	18.4 न्यू	27.1 अधि

बाजार

सेंसेक्स	76,059
निफ्टी	23,767
सोना	1,42,000
चांदी	2,19,000

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 26 जुलाई 2026 | 11 श्रावण, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 208, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

इंडोनेशिया से डिपोर्ट गैंगस्टर बिल्ला लाया गया पंजाब

एजेंसी, चंडीगढ़। पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने फरार गैंगस्टर जोबनजीत सिंह उर्फ जोबन बिल्ला को इंडोनेशिया के जकार्ता से डिपोर्ट कर भारत लाने में सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई करीब छह महीने तक चले अभियान के बाद पूरी हुई। अमृतसर ग्रामीण निवासी जोबन बिल्ला बंबीहा गैंग का सक्रिय सदस्य बताया जा रहा है। उस पर हत्या, हत्या के प्रयास, नशा तस्करी, फिरौती और आर्म्स एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक वह चार हत्या मामलों में वांछित था। (अनंत ज्ञान)

मणिपुर में हैंड ग्रेनेड और डेटोनेटर-मैगजीन बरामद

एजेंसी, इम्फाल। मणिपुर के इम्फाल पश्चिम जिले के पटसोई थाना क्षेत्र स्थित संगाईथेल पार्क के निकट 24 जुलाई को चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और सैन्य सामग्री बरामद की। बरामद सामग्री में आठ पिस्तौल मैगजीन सहित, चार राइफलें, तीन हैंड ग्रेनेड, तीन डेटोनेटर, बड़ी संख्या में जिंदा कारतूस और खाली खोखे, कई मैगजीन तथा बुलेटप्रूफ जैकेट, मैगजीन पाउच और वायरलेस संचार सेट सहित अन्य सैन्य उपकरण शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

विदेश से एमबीबीएस करने वाले छात्रों को अब सिर्फ एक वर्ष की इंटर्नशिप : सीएम

कोविड प्रभावित विद्यार्थियों को मिलेगा सीधा लाभ, करियर की राह होगी आसान

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। विदेशी चिकित्सा महाविद्यालयों से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले व कोविड-19 महामारी के दौरान ऑनलाइन माध्यम से अध्ययन करने वाले पात्र विद्यार्थियों के लिए राज्य सरकार ने बड़ा राहतभरा निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऐसे योग्य चिकित्सा स्नातकों की इंटर्नशिप अवधि दो वर्ष के स्थान पर एक वर्ष करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्णय से लंबे समय से अनिश्चितता और असमंजस का सामना कर रहे अनेक विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा तथा वे बिना अनावश्यक देरी के अपने चिकित्सा करियर की शुरुआत कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को विद्यार्थियों और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार छात्र हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के दौरान उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों का खामियाजा योग्य विद्यार्थियों को नहीं भुगतना चाहिए। सरकार निष्पक्ष, व्यावहारिक और छात्र हितैषी दृष्टिकोण अपनाते हुए सभी प्रभावित विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेश से चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने वाले एक ही शैक्षणिक बैच के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग इंटर्नशिप अवधि तय होने से भ्रम और असमानता की स्थिति पैदा हो गई थी। कुछ छात्रों को एक वर्ष की इंटर्नशिप की अनुमति मिली, जबकि समान परिस्थितियों में पढ़ाई करने वाले अन्य विद्यार्थियों को दो वर्ष की इंटर्नशिप करने के निर्देश दिए गए। सरकार ने इस असमानता को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की समीक्षा की।

बैठक में प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, स्वास्थ्य सचिव आशीष सिंहमार तथा चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. गोपाल बेरी भी उपस्थित रहे।

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू स्वास्थ्य विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

एनएमसी के प्रावधानों के अनुरूप लिया गया निर्णय

मुख्यमंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने कोविड-19 महामारी के दौरान ऑनलाइन माध्यम से पढ़ने वाले विदेशी चिकित्सा स्नातकों के लिए प्रतिपूरक प्रशिक्षण अवधि का आकलन करने का अधिकार राज्य सरकारों को दिया है। इसी अधिकार और विद्यार्थियों की वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने पात्र अभ्यर्थियों के लिए इंटर्नशिप अवधि एक वर्ष निर्धारित करने का फैसला लिया है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कर आदेश तत्काल जारी करने के निर्देश भी दिए, ताकि प्रभावित विद्यार्थी बिना किसी अतिरिक्त बाधा के अपनी इंटर्नशिप शुरू या पूरी कर सकें।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा

बोले-युवा शक्ति ही देश की असली ताकत

अनंत ज्ञान, नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर चल रहे छात्र आंदोलन के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया है। नीट पेपर लीक मामले में देशभर के छात्र पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। जंतर-मंतर पर आंदोलन में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स हिस्सा ले रहे। छात्रों की पहली डिमांड शिक्षा मंत्री प्रधान का डस्तीफा थी, प्रधान ने शनिवार दोपहर को मंत्रिपद से इस्तीफा दे दिया। अपने इस्तीफे में उन्होंने कहा कि युवाशक्ति ही देश की असली ताकत है और पिछले 10 दिनों के घटनाक्रम को देखकर मन दुखी हो गया।

सोशल मीडिया पर शेयर किए गए पोस्ट में धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, 'मेरे युवा साथियों, मैं पिछले 4 दशकों से अधिक समय से छात्र, शिक्षक और शिक्षा सुधार के लिए समर्पित रहा हूं। मेरा सदैव यह विश्वास रहा है कि एक सशक्त, समावेशी और दूरदर्शी शिक्षा व्यवस्था ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला होती है। मैं देश के युवाओं की आकांक्षाओं, भावनाओं और उनकी न्यायोचित अपेक्षाओं का गहरा सम्मान करता हूं। भारत की युवा पीढ़ी के सपनों को साकार करना हम सभी के राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन का नैतिक संकल्प रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में राष्ट्र की सेवा करने का जो अवसर मुझे प्राप्त हुआ उसके लिए मैं प्रधानमंत्री जी का आभार प्रकट करता हूं।' (अनंत ज्ञान)

वांगचुक बोले-यह लोकतंत्र की जीत

सोनम वांगचुक ने अस्पताल से किए पोस्ट में लिखा- यह लोकतंत्र की जीत है, प्रत्यक्ष लोकतंत्र... सड़कों से मिली जीत। यह शांति, धैर्य और दृढ़ता की जीत है। सीजेपी और जेन-जेड को बधाई। देश के हर कोने से उठ खड़े होने के लिए सभी नागरिकों को धन्यवाद।

धर्मेंद्र प्रधान भ्रष्टाचार के प्रतीक, इस्तीफा देना ही था : राहुल गांधी

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद मीडिया से कहा- प्रधान को तो जाना ही था। अच्छा है चला गया। वो भ्रष्टाचार का सिंबल है। उसने देश के एजुकेशन सिस्टम खोखला कर दिया। मेरी तरफ से छात्रों को जो सपोर्ट चाहिए हम तैयार हैं। हम छात्रों और उनके भविष्य को बचाने के लिए खड़े हैं। राहुल ने कहा कि हमारा शिक्षा सिस्टम, जिसे कभी दुनिया भर में अच्छा माना जाता था, उस पर हमले हो रहे हैं, उस पर कब्जा किया जा रहा है। उसका निजीकरण किया जा रहा है। इसमें जितनी गलती पीएम की है। उतनी ही आरएसएस की है। राहुल ने कहा- छात्रों पर हुई हिंसा के लिए अमित शाह सीधे जिम्मेदार हैं। छात्रों पर चलाई गई पैलेट गन के लिए जिम्मेदार हैं। हम यह नहीं स्वीकार कर सकते कि पुलिस छात्रों पर इस तरह का एक्शन ले।

कॉमनवेल्थ गेम्स : झंडू कुमार ने भारत को दिलाया पहला पदक, पैरा पावरलिफ्टिंग में जीता कांस्य

एजेंसी, ग्लासगो

भारत ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में अपना पदक खाता खोल दिया है। भारतीय पैरा पावरलिफ्टर झंडू कुमार ने शुकवार देर रात पुरुषों के हेवीवेट पैरा पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश को खेलों का पहला पदक दिलाया। ग्रुप-बी में प्रतिस्पर्धा करते हुए झंडू कुमार ने पहले प्रयास में 181 किलोग्राम वजन सफलतापूर्वक उठाया। इसके बाद दूसरे प्रयास में उन्होंने 190 किलोग्राम वजन उठाकर अपनी स्थिति मजबूत की। तीसरे प्रयास में उन्होंने 196 किलोग्राम वजन उठाने की कोशिश की, लेकिन इसमें सफल नहीं हो सके।

72.4 किलोग्राम शरीर भार वाले झंडू कुमार को उनके सर्वश्रेष्ठ सफल प्रयास के आधार पर 130.9 अंक मिले। वह ग्रुप-बी में पहले स्थान पर रहे। अंतिम परिणाम ग्रुप-ए और ग्रुप-बी के खिलाड़ियों के अंकों को शरीर के वजन और सफल लिफ्ट के आधार पर मिलाकर तैयार किए गए, जिसमें झंडू तीसरे स्थान पर रहे और कांस्य पदक अपने नाम किया। नाइजीरिया के रिलुवान इदरीस ने 132.8 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि इंग्लैंड के मैथ्यू हार्डिंग ने 131.0 अंक हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया। झंडू कुमार महज 0.1 अंक के अंतर से रजत पदक से चूक गए। भारतीय खिलाड़ी ने मलेशिया के निकोडेमस मंगोई मोसेस (120.3 अंक) को पीछे छोड़ते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

नीट पेपर लीक के विरोध में आक्रोश

नीट पेपर लीक के विरोध में शिमला में शनिवार देर शाम मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी व अन्य राजनीतिक दलों ने आक्रोश रैली निकाली। इस दौरान कांग्रेस व दूसरे दलों के नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ खूब गुबार निकाला और जमकर नारेबाजी भी की।

जंतर-मंतर पर सीजेपी का आंदोलन खत्म

एजेंसी, नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी ने शनिवार को आंदोलन खत्म कर दिया। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, जितेंद्र सिंह के साथ प्रवक्ता सौरभ दास, आशुतोष रांका ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। सौरभ दास ने कहा कि जंतर-मंतर पर मौजूद सभी प्रदर्शनकारी अब अपने घर लौट जाएं।

रांका ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में सरकार से 3 बार बातचीत हुई। हमारी तीनों मांगें मान ली गई हैं। इनमें धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, सभी केस वापस लिए जाएं और नीट पीड़ितों को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए शामिल हैं। इससे पहले शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर आते ही जंतर-मंतर पर जश्न का माहौल है। छात्रों ने छात्र एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। राष्ट्रगान गाया। इस दौरान नीट पेपर लीक के बाद जान गंवाने स्टूडेंट्स के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। नड्डा ने कहा, 'मित्रों, आज सौरव के साथ हमारी तीसरी बैठक हुई। आज भी लंबी बातचीत हुई। उन्होंने चार प्वॉइंट दिए और उनकी मांगों पर चर्चा हुई। सबसे पहली मांग थी कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न हो, जिसे सरकार ने स्वीकार कर लिया है। वहीं, पांच बिंदुओं के प्रस्ताव पर हमारा कहना है कि परीक्षा सुधार के लिए चिंतन करेंगे और फिर इन्हें इसकी जानकारी देंगे।' नड्डा ने कहा, 'सरकार ने मांगों को मान लिया है। मेरा निवेदन है कि प्रदर्शनकारी अपना आंदोलन खत्म करें।'

इसके बाद कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने आंदोलन खत्म करने का ऐलान किया और कहा, 'सरकार ने हमारी मांगें मान ली हैं, इसलिए हम तुरंत प्रदर्शन खत्म करने की अपील करते हैं। आगे की जानकारी बाद में देंगे।' (अनंत ज्ञान)

◆ कहा-तीनों मांगें पूरीं; पहली-धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, दूसरी-प्रदर्शनकारियों से केस वापसी और तीसरी मुआवजा

श्री मणिमहेश यात्रा में लंगर लगाने के लिए अब नहीं लगेगी फीस

सीएम से मिला श्री मणि महेश लंगर एसो. का प्रतिनिधिमंडल, डीसी चंबा को दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

सोनल, नादौन। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में आयोजित होने वाली श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान निशुल्क लंगर सेवा लगाने वाली संस्थाओं को अब लंगर लगाने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लंगर समितियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार करते हुए उपायुक्त चंबा को इस संबंध में शुल्क न लेने के निर्देश दिए हैं।

श्रीमणिमहेश लंगर एसोसिएशन के अध्यक्ष मोती जोशी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बताया कि यात्रा के दौरान दशकों से सेवा भाव से निशुल्क लंगर लगाने वाली संस्थाओं से भी शुल्क लिया जाता रहा है। उन्होंने इसे अनुचित बताते हुए फीस समाप्त करने की मांग उठाई।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बात सुनने के बाद मांग को उचित ठहराया और मौके पर ही डीसी चंबा को निर्देश दिए कि लंगर समितियों से किसी प्रकार का शुल्क न लिया जाए। इस फैसले से यात्रा के दौरान सेवा देने वाली करीब 100 स्वयंसेवी संस्थाओं को राहत मिलेगी।

प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के सचिव रितेश गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कुमार, सुभाष चंद, दीपक कैंथल, अजय सौंधी, पुष्पेंद्र शर्मा और डॉ. ओपी सौंधी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

एसोसिएशन के अध्यक्ष मोती जोशी ने कहा कि विभिन्न सरकारों से वर्षों से लंगर समितियों के लिए शुल्क माफी की मांग की जा रही थी, लेकिन इसके बजाय फीस बढ़ाई जाती रही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उनकी मांग को स्वीकार कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके लिए सभी लंगर समितियों और मणिमहेश यात्रा के श्रद्धालुओं की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया।

पेयजल बिलों ने लोगों के उड़ाए 'होश', 138 की बजाय अब 578 का बिल

कमर्शियल को जाएगा 7000 प्रति माह का बिल; अक्तूबर 2024 से होगी सारी रिकवरी, तीन माह का बिल 1734 रुपए

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। सूबे में जल शक्ति विभाग ने उपभोक्ताओं को 3 माह के घरेलू कनेक्शन के बिलों के रूप में जोर का झटका धीरे से लगाने का प्रयास किया है। पिछले तकरीबन 2 सालों से जल शक्ति विभाग शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के बिलों की वसूली नहीं कर रहा था। इस महीने से यह सिलसिला शुरू हो गया है।

अब अर्बन एरिया में घरेलू कनेक्शन पर 578 और कमर्शियल कनेक्शन पर तकरीबन 7000 रुपए प्रति माह का बिल उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बिल जैसे-जैसे उपभोक्ताओं के घर-द्वार तक पहुंच रहे हैं, बरसात के इस मौसम में निश्चित रूप से उनके 'पसीने' भी और ज्यादा 'छूट' रहे हैं। वहीं, नई अधिसूचना जो वर्ष 2024 में जारी की गई थी, उससे पहले 138 रुपए की प्रतिमाह शहरी क्षेत्र में वसूली होती थी और ग्रामीण क्षेत्रों में यह वसूली तकरीबन 40 रुपए रहती थी। अभी ग्रामीण क्षेत्रों में वसूली को लेकर स्थिति साफ नहीं है, लेकिन 100 रुपए के आसपास यह भी की ही जाएगी। शहरी क्षेत्र में कमर्शियल उपभोक्ताओं के लिए जल शक्ति विभाग के बिल आफत परोसने वाले हैं। अधिसूचना के मुताबिक तकरीबन 7000 रुपए का बिल इन्हें थमाया जाएगा। इसमें होटल, ढाबे, चाय वाले तमाम उपभोक्ता शामिल होंगे। अभी एनआईसी के सिस्टम में इनको भी बिल कब कटना शुरू होंगे, इसकी जानकारी अधिकारी नहीं दे रहे, लेकिन अगले महीने से यह सिलसिला भी शुरू हो जाएगा।

उधर, शहरी क्षेत्र में घरेलू उपभोक्ताओं को 444.07 रुपए के पानी के बिल के साथ 30 फीसदी सीवरेज कनेक्शन की राशि भी जोड़ी जा रही है और यह कुल-मिलाकर 578 बन रहे हैं। इसी पर तीन माह की कैलकुलेशन हो रही है और बिल 1734 रुपए के आसपास तैयार हो रहा है। हमीरपुर नगर निगम के तहत अभी पुराने सभी 11 वार्डों में इन बिलों को भिजवाने का क्रम शुरू हो गया है। वार्ड नंबर 1, 3 और 4 में बिल तैयार करके उन्हें भिजवाए जा रहे हैं। उपभोक्ता दौड़े-दौड़े विभाग के दफ्तर पहुंच रहे हैं। क्योंकि एक दिन की भी तय तारीख से यदि 'चूक' हो गई तो 10 फीसदी सर चार्ज इसमें और जुड़ेगा। अभी जो इलाके पुरानी नगर परिषद में नगर निगम में मर्ज किए गए हैं, उन्हें इसमें शामिल नहीं किया गया है। यानी उन्हें किसी भी तरह के बिल नहीं जाएंगे।

क्या कहते हैं जलशक्ति विभाग के एसडीओ

जल शक्ति विभाग के स्थानीय एसडीओ राकेश कुमार का कहना है कि हमीरपुर में तकरीबन 5600 उपभोक्ता हैं जिन्हें नोटिफिकेशन में तय दरों के मुताबिक बिल भेजने का काम शुरू हो गया है। अभी वार्ड नंबर 13 और 4 में बिल भेजे जा रहे हैं। बारी-बारी से सभी 11 वार्डों में इन्हें भेजा जाएगा। कमर्शियल उपभोक्ताओं के बिल अभी तैयार नहीं हो रहे। लेकिन इसमें तकरीबन 7000 रुपए प्रतिमाह बिल उनका भी रहेगा।

2 साल से नहीं हुई वसूली

जल शक्ति विभाग ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में करीब दो साल से पेयजल और सीवरेज के बिल उपभोक्ताओं को जारी नहीं किए थे। वर्ष 2024 में बिल दरों में बढ़ोतरी की अधिसूचना जारी होने के बावजूद इसे अब तक लागू नहीं किया गया था। अब विभाग ने अधिसूचना को लागू करते हुए अक्तूबर से दिसंबर 2024 तक तीन महीनों का बिल उपभोक्ताओं को भेजा है। वहीं, जनवरी 2025 से अब तक के बकाया बिलों का भुगतान भी उपभोक्ताओं को करना होगा। विभाग एक साथ पूरी रिकवरी करने के बजाय तीन-तीन महीने के अंतराल में बिल जारी कर रहा है।

असम में एसबीएन नेटवर्क के तीन संदिग्ध गिरफ्तार

एजेंसी, गुवाहाटी

असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने पाकिस्तान आधारित आतंकी-आपराधिक संगठन शहजाद भट्टी नेटवर्क (एसबीएन) से जुड़े तीन संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई धुबड़ी, चिरांग और बरपेटा जिलों में संयुक्त अभियान के तहत की गई।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धुबड़ी के अकरमुल इस्लाम, चिरांग के अमीनुर रहमान और बरपेटा के अब्दुल हुसैन के रूप में हुई है। इनके कब्जे से मोबाइल फोन, सिम कार्ड, बैंकिंग दस्तावेज और अन्य सामग्री बरामद की गई है। एसटीएफ ने बताया कि कार्रवाई खुफिया इनपुट के आधार पर की गई। जांच एजेंसियां आरोपियों से पूछताछ कर नेटवर्क की गतिविधियों, संपर्कों और अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही हैं। मामले में आगे की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

मत्स्य

मछली पर 100 रुपए का ऐतिहासिक 'सुरक्षा कवच', रात की काली मेहनत को मिला दिन का उजाला

गोबिंदसागर के 'जलपुत्रों' की चमकी किस्मत, बिचौलियों का सिंडिकेट ध्वस्त

अनंत ज्ञान

अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर। बिलासपुर की तकदीर और हजारों परिवारों की आजीविका का मुख्य केंद्र रही गोबिंदसागर झील के मछुआरों के लिए आखिरकार न्याय की सुबह हो गई है। प्रदेश सरकार ने दशकों पुराने बिचौलियों के सिंडिकेट को पूरी तरह ध्वस्त करते हुए एक अभूतपूर्व फैसला लिया है। 'मुख्यमंत्री मछुआरा सहायता योजना' के तहत अब जलाशय की मछली पर 100 रुपए प्रति किलो का न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू कर दिया गया है। कागजी दावों को पीछे छोड़कर सीधे धरातल पर उतरी इस योजना ने बिलासपुर के मत्स्य पालन क्षेत्र में एक नई आर्थिक क्रांति का बिगुल फूंक दिया है।

अब तक गोबिंदसागर झील में आधी रात को जान जोखिम में डालकर जाल फेंकने वाले स्थानीय मछुआरों की किस्मत का फैसला चंद ठेकेदार और बिचौलिये करते थे। बाजार के उतार-चढ़ाव का डर दिखाकर मछुआरों का खून-पसीना बेहद कौड़ियों के दाम खरीद लिया जाता था, लेकिन अब सरकार के इस कड़े फैसले के बाद, कोई भी ताकत मछुआरों से 100 रुपए प्रति किलो से एक पैसा भी कम पर सौदा नहीं कर पाएगी। यह हक का पैसा सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर होगा, जिससे बिचौलियों की कमीशनखोरी पर हमेशा के लिए ताला लग गया है।

'दशकों का अंधेरा छंटा, अब सुधरेगी हमारी जिंदगी'

गोबिंदसागर के वरिष्ठ मछुआरे राम प्रकाश ने नम आंखों से कहा कि हम पीढ़ियों से पानी से सोना निकाल रहे थे, लेकिन अमीर बिचौलिये हो रहे थे। 100 रुपए का यह पक्का रेट हमारे लिए सिर्फ सरकारी आदेश नहीं, बल्कि हमारे बच्चों के बेहतर भविष्य की गारंटी है।

जालसाजी की तो सीधे होगी जेल

बिलासपुर जिला प्रशासन और मत्स्य विभाग ने इस जमीनी योजना को लागू करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। झील के सभी कलेक्शन सेंटरों पर औचक निरीक्षण के लिए विशेष टीमें तैनात कर दी गई हैं। मत्स्य निदेशक ओम कांत ठाकुर ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि अगर किसी भी ठेकेदार ने निर्धारित एमएसपी से कम पर मछली खरीदने की हिमाकत की, तो उसका लाइसेंस सिर्फ रद्द नहीं होगा, बल्कि सीधे कानूनी और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मछुआरों का शोषण अब बर्दाश्त नहीं होगा। यह ऐतिहासिक कदम न केवल बिलासपुर से होने वाले पलायन को रोकेगा, बल्कि यह साबित करता है कि सरकार जब ठान ले, तो राहत सीधे आम आदमी की जेब और चूल्हे तक पहुंचती है।

गोबिंदसागर पर बड़ी राहत

- **नया समर्थन मूल्य (एमएसपी):** 100 रुपए प्रति किलोग्राम (न्यूनतम तय दर)।
- **सीधा लाभ:** बिलासपुर के लगभग 2,500 से अधिक पंजीकृत मछुआरा परिवार।
- **सुरक्षा कवच:** बिचौलियों और ठेकेदारों की मनमानी और कमीशनखोरी पर पूरी तरह रोक।
- **पारदर्शिता:** मछली की बिक्री का पैसा बिना किसी कटौती के सीधे मछुआरे के बैंक खाते में।
- **कंट्रोल रूम:** किसी भी प्रकार के शोषण की शिकायत के लिए जिला मत्स्य कार्यालय में विशेष विंग स्थापित।

कारगिल युद्ध में पालमपुर ने खोए थे अपने दो वीर जवान

कैप्टन विक्रम बत्रा को अदम्य साहस के लिए मिला था परमवीर चक्र, कैप्टन सौरभ कालिया ने अमानवीय यातनाएं झेलकर देश के लिए दी थी कुर्बानी

अनंत ज्ञान

राजेश कुमार, धर्मशाला। कारगिल विजय दिवस वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के अदम्य साहस और ऑपरेशन विजय की ऐतिहासिक जीत का प्रतीक है। कारगिल युद्ध के दौरान जिला कांगड़ा के पालमपुर के दो वीर जवानों ने शहादत का जाम पिया था। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा को कारगिल युद्ध के दौरान अदम्य साहस का परिचय देने पर परमवीर चक्र से नवाजा गया था, वहीं शहीद कैप्टन सौरभ कालिया अमानवीय यातनाएं झेलते हुए देश के लिए कुर्बान हो गए थे।

परमवीर चक्र विजेता विक्रम बत्रा का पालमपुर निवासी जीएल बत्रा और कमलकांता बत्रा के घर 9 सितंबर, 1974 को दो बेटियों के बाद दो जुड़वां बच्चों का जन्म हुआ। माता कमलकांता की श्रीरामचरितमानस में गहरी श्रद्धा थी तो उन्होंने दोनों का नाम लव-कुश रखा। लव यानी विक्रम और कुश यानी विशाल। सेना छावनी में स्कूल होने से सेना के अनुशासन को देख और पिता से देश प्रेम की कहानियां सुनने पर विक्रम में स्कूल के समय से ही देश प्रेम प्रबल हो उठा। विज्ञान विषय में स्नातक करने के बाद विक्रम का चयन सीडीएस के जरिए सेना में हो गया। जुलाई 1996 में उन्होंने भारतीय सेना अकादमी देहरादून में प्रवेश लिया।

दिसंबर 1997 में शिक्षा समाप्त होने पर उन्हें 6 दिसंबर 1997 को जम्मू के सोपोर नामक स्थान पर सेना की 13 जम्मू-कश्मीर राइफल्स में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति मिली। उन्होंने 1999 में कमांडो ट्रेनिंग के साथ कई प्रशिक्षण भी लिए। 1 जून 1999 को उनकी टुकड़ी को कारगिल युद्ध में भेजा गया। हम्प व राकी नाब स्थानों को जीतने के बाद उसी समय विक्रम को कैप्टन बना दिया गया। इसके बाद श्रीनगर-लेह मार्ग के ठीक ऊपर सबसे महत्वपूर्ण 5140 चोटी को पाक सेना से मुक्त करवाने का जिम्मा भी कैप्टन विक्रम बत्रा को दिया गया। बेहद दुर्गम क्षेत्र होने के बावजूद विक्रम बत्रा ने अपने साथियों के साथ 20 जून 1999 को सुबह तीन बजकर 30 मिनट पर इस चोटी को अपने कब्जे में ले लिया। शेरशाह के नाम से प्रसिद्ध विक्रम बत्रा ने जब इस चोटी से रेडियो के जरिए अपना विजय उद्घोष



'यह दिल मांगे मोर' कहा तो सेना ही नहीं बल्कि पूरे भारत में उनका नाम छा गया। इसी दौरान विक्रम के कोड नाम शेरशाह के साथ ही उन्हें 'कारगिल का शेर' की भी संज्ञा दे दी गई। अगले दिन चोटी 5140 में भारतीय झंडे के साथ विक्रम बत्रा और उनकी टीम का फोटो मीडिया में आया तो हर कोई उनका दीवाना हो उठा। इसके बाद सेना ने चोटी 4875 को भी कब्जे में लेने का अभियान शुरू कर दिया। इसकी भी बागडोर विक्रम को सौंपी गई। उन्होंने जान की परवाह न करते हुए लेफ्टिनेंट अनुज नैयर के साथ कई पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट उतारा। अंतिम समय मिशन लगभग पूरा हो चुका था जब कैप्टन अपने कनिष्ठ अधिकारी लेफ्टिनेंट नवीन को बचाने के लिए लपके। लड़ाई के दौरान एक विस्फोट में लेफ्टिनेंट नवीन के दोनों पैर बुरी तरह जख्मी हो गये थे। जब कैप्टन बत्रा लेफ्टिनेंट को बचाने के लिए पीछे घसीट रहे थे, तब उनकी की छाती में गोली लगी और वे जय माता दी कहते हुए वीरगति को प्राप्त हुए।

बेटे सौरभ को मिली यातनाओं का परिजनों को दर्द



कारगिल शहीद कैप्टन सौरभ कालिया के परिजनों को आज भी बेटे को मिली अमानवीय यातनाओं का दर्द है। कोविड के बाद से तो उनकी अपील पर कोई सुनवाई तक नहीं हुई है। 22 साल के कैप्टन सौरभ कालिया 4-जाट रेजीमेंट के अधिकारी थे। उन्होंने ही सबसे पहले कारगिल में पाकिस्तानी फौज के नापाक इरादों की सेना को जानकारी मुहैया कराई थी। कारगिल में तैनाती के बाद 5 मई 1999 को वह अपने पांच साथियों अर्जुन राम, भंवर लाल, भीखाराम, मूलाराम, नरेश के साथ लद्दाख की बजरंग पोस्ट पर पेट्रोलिंग कर रहे थे, तभी पाकिस्तानी सेना ने सौरभ कालिया को उनके साथियों सहित बंदी बना लिया। 22 दिनों तक इन्हें बंदी बनाकर रखा गया और अमानवीय यातनाएं दी गईं। पाकिस्तान ने इन शहीदों के शव 22-23 दिन बाद 7 जून 1999 को भारत को सौंपे थे। सौरभ के परिवार ने भारत सरकार से इस मामले को पाकिस्तान सरकार के सामने और 'इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस' में उठाने की बात कही थी। आपको बता दें कि किसी युद्धबंदी की नृशंस हत्या करना जेनेवा संधि व भारत-पाक के बीच हुए द्विपक्षीय शिमला समझौते का भी उल्लंघन है। शहीद कैप्टन सौरभ कालिया के पिता डा. कालिया पिछले 23 सालों से अपने शहीद बेटे के साथ पाकिस्तान के द्वारा किए गए अमानवीय बर्ताव के बारे में न्याय दिलाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं।

परमवीर चक्र विजेता संजय कुमार नई पीढ़ी में जगा रहे राष्ट्रसेवा का जज्बा

कारगिल के रणबांकुरे से प्रेरित होकर सेना में जा ले रहे विद्यार्थी

अनंत ज्ञान

अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर। कारगिल युद्ध में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देकर देश का सर्वोच्च सैन्य सम्मान परमवीर चक्र प्राप्त करने वाले मानद कैप्टन (सूबेदार मेजर) संजय कुमार सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद भी राष्ट्रसेवा के अपने मिशन में पूरी निष्ठा के साथ जुटे हुए हैं। अब वे हथियारों से नहीं, बल्कि अपने अनुभवों, प्रेरक विचारों और राष्ट्रभक्ति के संदेश से देश की युवा पीढ़ी को जागरूक कर रहे हैं। मार्च 2026 में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद संजय कुमार ने सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों, विशेष रूप से नशामुक्ति अभियान, युवा जागरूकता और राष्ट्रनिर्माण से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभानी शुरू की। वे लगातार विभिन्न स्कूलों, महाविद्यालयों, एनसीसी शिविरों और सामाजिक आयोजनों में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद कर रहे हैं। अपने संबोधनों में संजय कुमार कारगिल युद्ध के संघर्ष, भारतीय सैनिकों के साहस, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और मातृभूमि के प्रति समर्पण के प्रेरक प्रसंग साझा करते हैं। वे युवाओं से कहते हैं कि भारतीय सेना केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि देश सेवा का सर्वोच्च अवसर है, जहां समर्पण, साहस और अनुशासन जीवन का आधार बनते हैं।

उनकी प्रेरक बातें विद्यार्थियों के दिलों को छू रही हैं। विभिन्न स्कूलों के बच्चे और युवा उनके अनुभव सुनकर बेहद उत्साहित और प्रेरित हो रहे हैं। कई विद्यार्थी सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करने का संकल्प ले रहे हैं, जबकि एनसीसी कैडेट्स भी उनके मार्गदर्शन को अपने भविष्य के लिए अमूल्य मान रहे हैं। संजय कुमार युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने, शारीरिक रूप से फिट रहने और अनुशासित जीवन अपनाने का संदेश भी देते हैं। उनका मानना है कि स्वस्थ, जागरूक और राष्ट्रभक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं।

आज संजय कुमार केवल कारगिल युद्ध के एक वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा, साहस और राष्ट्रभक्ति के जीवंत प्रतीक बन चुके हैं। उनके अनुभव और संदेश हजारों युवाओं के भीतर देश के लिए कुछ कर गुजरने का जुनून पैदा कर रहे हैं। यही कारण है कि जहां भी उनका कार्यक्रम आयोजित होता है, वहां विद्यार्थियों और युवाओं में उन्हें सुनने का विशेष उत्साह देखने को मिलता है।

शहीद डोला राम ने बंकर में घुसकर 17 दुश्मन किए थे ढेर

ऑपरेशन विजय में देश के लिए दी थी शहादत, आज भी क्षेत्र के लिए हैं प्रेरणा स्रोत

अनंत ज्ञान

जितेंद्र गुप्ता, आनी। कारगिल युद्ध के वीर सपूत और कुल्लू जिले के एकमात्र कारगिल शहीद डोला राम का बलिदान आज भी पूरे आनी क्षेत्र को गौरवान्वित करती है। निथर तहसील के शकरोली गांव के निवासी डोला राम ने 3 जुलाई 1999 को ऑपरेशन विजय के दौरान अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनकी शहादत की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 3 जुलाई को श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जाता है, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोग उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

भीषण गोलीबारी के बीच डोला राम की छाती में पांच गोलियां लगीं, लेकिन उन्होंने पीछे हटने के बजाय अंतिम सांस तक मोर्चा संभाले रखा। शहीद होने से पहले उन्होंने और उनके साथियों ने 17 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया। उनकी इस वीरता ने दुश्मन के मंसूबों को ध्वस्त कर दिया और भारतीय सेना के ऑपरेशन विजय को मजबूती प्रदान की। शहीद की पत्नी प्रेमा देवी बताती हैं कि सरकार द्वारा वादानुसार उन्हें मुआवजा और एक पेट्रोल पंप मिला, जिससे उन्होंने खुद का और अपने छोटे बच्चों का पालन-पोषण किया। शहीद के भाई रघुवर कटोच को सरकारी नौकरी मिली और निथर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल का नाम शहीद डोला राम के नाम पर रखा गया।

कारगिल शहीद की पत्नी को इस बात का है मलाल

शहीद डोला राम की पत्नी प्रेमा देवी ने मांग की है कि देश के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले कुल्लू जिला के एकमात्र कारगिल शहीद डोला राम मेमोरियल पीएमश्री आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल निथर में स्थापित सीमेंट की प्रतिमा के स्थान पर धातु की प्रतिमा स्थापित की जाए, ताकि शहीद की शहादत को असली सम्मान मिल सके। वे बताती हैं कि प्रतिमा बनाने को लेकर सरकार और प्रशासन ने कंजूसी बरती है। पहले तो प्रतिमा लगाई ही नहीं गयी, लेकिन जब सचेत संस्था सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने आवाज बुलंद की तो शहादत के 16 वर्षों बाद प्रतिमा स्थापित की गई जो सीमेंट से बनी है और कभी भी खराब हो सकती है।

फौजी होने के साथ बॉक्सर व पर्वतारोही भी थे डोला राम

डोला राम भारतीय सेना में एक कुशल बॉक्सर और दक्ष पर्वतारोही के रूप में जाने जाते थे। ऑपरेशन विजय के दौरान उन्हें अपने साथियों के साथ सियाचिन की ऊंची चोटियों पर दुश्मनों की गतिविधियों की जानकारी जुटाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसी दौरान उनकी नजर बंकरों में छिपे पाकिस्तानी घुसपैठियों पर पड़ी। बताया जाता है कि उन्होंने अपने साथियों के साथ साहसिक कार्रवाई करते हुए बंकरों में घुसकर घुसपैठियों पर हमला बोल दिया।

शहीद के दोनों बेटों का सपना भी सैनिक बनना

शहीद डोला राम की पत्नी प्रेमा देवी बताती हैं कि उनके दोनों पुत्र अश्वनी कटोच और अंकुश कटोच का सपना भी अपने पिता की तरह सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करना था। उनके अनुसार डोला राम के मन में राष्ट्रप्रेम कूट-कूटकर भरा था और उन्होंने देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। शहीद के सम्मान में सरकार ने निथर स्कूल का नाम उनके नाम पर रखा। साथ ही कोयल-निथर सड़क का निर्माण किया गया, जिससे उनके तीनों गांवों शकरोली, शनाह और भूटी में का संपर्क बेहतर हुआ। शहीद कोटे से परिवार को पेट्रोल पंप भी आवंटित किया गया, जो आज परिवार के आजीविका का आधार है।

कै. अमोल कालिया ने चौकी 5302 पर फहराया था तिरंगा

अनंत ज्ञान

राजेश शर्मा, ऊना। कारगिल युद्ध भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। इस युद्ध में हिमाचल प्रदेश के अनेक वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की सीमाओं की रक्षा की। इन्हीं में थे कैप्टन अमोल कालिया, जिन्होंने बटालिक सेक्टर की 18 हजार फुट ऊंची बर्फीली चोटियों पर दुश्मन से आमने-सामने की लड़ाई लड़ते हुए अद्वितीय वीरता का परिचय दिया और मातृभूमि की रक्षा करते हुए चौकी 5302 पर दोबारा तिरंगा फहराकर वीरगति प्राप्त की थी। 8 जून 1999 को कैप्टन अमोल और उनकी टुकड़ी को पैराशूट के माध्यम से बटालिक सेक्टर के येल्डोर क्षेत्र में उतारा गया। उनका मिशन था सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण चौकी संख्या 5302 को पाकिस्तानी घुसपैठियों के कब्जे से मुक्त कराना। वरिष्ठ अधिकारियों को इस विशेष रूप से प्रशिक्षित टुकड़ी पर पूरा भरोसा था। जवानों के सामने सबसे बड़ी चुनौती 18 हजार फुट की ऊंचाई, जमा देने वाली ठंड, ऑक्सीजन की कमी और दुश्मन की मजबूत स्थिति थी।

75 फुट ऊंची बर्फीली दीवार बनी सबसे बड़ी चुनौती

पैराशूट से उतरने के बाद टुकड़ी को लगभग दो हजार फीट की कठिन चढ़ाई पार करनी थी। रास्ते में 75 फुट ऊंची बर्फ की सीधी दीवार थी, जिसके पार दुश्मन ने अपनी मजबूत चौकी बना रखी थी। दुश्मन ऊंचाई पर होने के कारण भारतीय सैनिकों की हर गतिविधि पर नजर रखे हुए था। दिन में आगे बढ़ना आत्मघाती साबित हो सकता था। इसलिए कैप्टन अमोल ने पूरी टुकड़ी को बर्फीली चट्टानों की आड़ में रुकने का आदेश दिया। इसी दौरान उन्होंने इलाके का बारीकी से अध्ययन किया, रात में आगे बढ़ने का रास्ता तय किया और पूरी रणनीति तैयार की।

घायल होने के बाद भी नहीं छोड़ा मोर्चा

अगली रात भारतीय सैनिकों ने 75 फुट ऊंची बर्फीली दीवार पार कर दुश्मन की चौकी तक पहुंचने में सफलता हासिल कर ली। इसके बाद दोनों ओर से भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। करीब सात घंटे तक चले इस संघर्ष में कैप्टन अमोल कालिया के दो मशीनगनधारी साथी वीरगति को प्राप्त हो गए और स्वयं कैप्टन अमोल भी गोलियां लगने से घायल हो गए। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने अपने शहीद साथी की लाइट मशीनगन संभाली और दुश्मन पर भीषण जवाबी हमला कर छह घुसपैठियों को ढेर कर दिए और चौकी संख्या 5302 पर दोबारा तिरंगा फहरा दिया। हालांकि इस विजय की कीमत भी बड़ी थी। कैप्टन अमोल कालिया सहित उनके 13 वीर साथियों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

दुश्मन संग रातभर चलता रहा संघर्ष

रात होते ही भारतीय जवान आगे बढ़े। दुश्मन की लगातार गोलाबारी के बीच सैनिक धीरे-धीरे अपनी मंजिल की ओर बढ़ते रहे। ऊंचाई पर बैठे घुसपैठियों को स्पष्ट बढ़त हासिल थी, लेकिन भारतीय जवानों का हौसला किसी भी कीमत पर पीछे हटने वाला नहीं था। पहली रात संघर्ष के बाद दोनों पक्षों को नुकसान हुआ। इसी बीच पाकिस्तानी घुसपैठियों ने अतिरिक्त मदद भी मंगा ली, जबकि भारतीय सैनिक सीमित संसाधनों के साथ अपने मिशन पर डटे रहे।

सोलन में लायंस क्लब ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, सोलन। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर लायंस क्लब सोलन वैली (डिस्ट्रिक्ट 321-ए2) ने अपने सिग्नेचर प्रोजेक्ट के तहत शनिवार को सोलन में भव्य कारगिल विजय रैली का आयोजन किया। रैली में 200 से अधिक विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स, भारतीय सेना के जवानों, वरिष्ठ नागरिकों और क्लब सदस्यों ने भाग लेकर कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और देशभक्ति व राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। रैली का शुभारंभ उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने चिल्ड्रन पार्क, मॉल रोड से सुबह 10:30 बजे हरी झंडी दिखाकर किया। रैली के आयोजन में भारतीय सेना की स्थानीय यूनिट, एनसीसी कैडेट्स और स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों का विशेष सहयोग रहा। रैली में साईं इंटरनेशनल स्कूल, सेंट ल्यूक, साउथ वैली, बीएल सेंट्रल, राजकीय विद्यालय कोठो, सोलन पब्लिक स्कूल और एसआरवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान देशभक्ति के नारों और 'भारत माता की जय' के उद्घोष से पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन विनीत राय सूद, लायन सुमित ढंग, लायन रमेश सिंगला, लायन गुरचरण सिंह और लायन शिवानी वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कारगिल में बिलासपुर के सात जवान हुए थे शहीद

अनंत ज्ञान

अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर। कारगिल का युद्ध हुए आज 27 वर्ष का समय हो चुका है, उस समय बिलासपुर जिले से सात जवान मातृभूमि पर बलिदान हुए थे।

10 जून 1999: पहली आहुति (राइफलमैन विजय पाल)

गांव शाशन (पट्टा पंचायत) के 26 वर्षीय जवान विजय पाल ने 10 जून की सुबह दुश्मन को आंखों के सामने देखा। यह कोई दूर की गोलाबारी नहीं थी; आमने-सामने की उस खूनी मुठभेड़ में हर गोली जाँच रही थी। विजय पाल ने बिना पीछे हटे, अपनी चौकी पर डटकर मोर्चा संभाला। वह बिलासपुर के उस पहले वीर सपूत बन गए, जिन्होंने देश के लिए अपनी जवानी न्योछावर कर दी। इस बलिदान ने पूरे जिले को हिलाकर रख दिया, लेकिन बाकी जवानों में जोश और भड़का दिया।

13 जून 1999 -अंधेरे की तलवार (हवलदार उधम सिंह, वीर चक्र)

तीन दिन बाद, 13 जून। 18 ग्रेनेडियर्स के हवलदार उधम सिंह को सबसे मुश्किल मिशन मिला। रात का अंधेरा और खड़ी चढ़ाई — दुश्मन को ऊपर से फायदा था। लेकिन घुमारवीं की चैहड़ी गाँव की मिट्टी में जन्मे इस सिपाही ने चतुराई दिखाई। उन्होंने अपने छोटे-से दस्ते को ऐसे रास्ते से ले जाया, जहाँ दुश्मन को भनक तक नहीं लगी। उन्होंने दुश्मन के बंकर पर धावा बोल दिया। हवा बर्फीली थी, पर उनका लहू उबल रहा था। इस ऑपरेशन में उन्होंने दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया, लेकिन वीरगति को प्राप्त हुए। बाद में उनकी बहादुरी को वीर चक्र से सम्मानित किया गया। वे बिलासपुर के पहले ऐसे शहीद थे, जिन्होंने इस तरह से अपनी रणनीति से इतिहास रच दिया।

नायक मंगल सिंह, हवलदार प्यार सिंह, नायक अश्वनी कुमार, नायक मस्त राम

जून खत्म हुआ और जुलाई की शुरुआत हुई। कारगिल की बर्फ अब लाशों और बारूद के धुएं से पिघल रही थी। बिलासपुर के बाकी चारों वीर — मंगल सिंह, प्यार सिंह, अश्वनी कुमार और मस्त राम — युद्ध के सबसे घने गोलाबारी वाले इलाकों में तैनात थे। टोलोलिंग हो या मश्कोह घाटी, इन चारों ने जहाँ कदम रखा, वहाँ हिम्मत ने जवाब दिया। ऑक्सीजन की कमी में सांस लेना मुश्किल था, लेकिन इन्होंने मशीनगनों के साथ दुश्मन के हर हमले को नाकाम किया। दुश्मन के तोपखाने पहाड़ियाँ हिला रहे थे, पर ये चारों अपनी जगह से हिले नहीं। बारी-बारी से एक-एक करके ये सभी अपनी-अपनी चौकियों पर दुश्मन की गोलियां चीरते हुए शहीद हो गए।

11 जुलाई 1999 - आखिरी अड़ंगा (हवलदार राजकुमार)

11 जुलाई को बटालिक सेक्टर के घनासक क्षेत्र में हवलदार राजकुमार ने अपनी आंखों के सामने भारी तबाही देखी। दुश्मन की मोर्टार गोलियां बारिश की तरह बरस रही थीं। इसी बीच उनके साथियों के पास हथियार खत्म होने लगे। राजकुमार को पता था कि गोलियों की इस बौछार के बीच हथियार पहुंचाना मौत के कुएं में कूदने जैसा है। पर उन्होंने जान की परवाह किए बिना, गोला-बारूद उठाया और आगे बढ़ गए। गोली उनके सीने पर लगी, लेकिन जाते-जाते उन्होंने हथियार अपने साथियों तक पहुंचा ही दिया। उनका अंतिम सांस यही कह रहा था 'तिरंगा ऊंचा रखना।' जब युद्ध समाप्त हुआ और भारत विजयी हुआ, तो इन सातों के पार्थिव शरीर बिलासपुर वापस लौटे। शाशन, चैहड़ी, झंड़ुता और बाकी गांवों का हर घर मातम में डूब गया। मांएं रो रही थीं, पर उनकी आंखों में गर्व भी था। पूरा जिला मानो इन सात शहीदों का कर्जदार हो गया।

विजय दिवस कारगिल में 18 ग्रेनेडियर यूनिट के 35 जवानों ने पीया था 'शहादत का जाम', 95 हुए थे घायल

माइनस डिग्री तापमान में भी नहीं डगमगाए थे वीर जवानों के कदम

अनंत ज्ञान

कमलेश वर्मा, कुल्लू। दुश्मन चोटी पर था और ऐसे में माइनस डिग्री तापमान में 18000 फुट की ऊंचाई पर बैठे दुश्मनों को खदेड़ने के लिए 18 ग्रेनेडियर के जवान आक्सीजन की कमी में भी आगे बढ़ रहे थे। पथरीली-सीधी चढ़ाई और छिपने के लिए एक घास का तिनका तक नहीं ऐसे हालातों में भी जवानों के कदम नहीं डगमगाया और सभी जवान घुसपैठियों के मंसूबों को ध्वस्त करने के उद्देश्य से डटे रहे और रात के अंधेरे में चोटी की ओर रुख करते थे। देश के वीर जवानों के बुलंद हौसले और कारगिल युद्ध के दौरान हालातों की यह गाथा 18 ग्रेनेडियर यूनिट का नेतृत्व करने वाले और कारगिल युद्ध के हीरो सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर खुशहाल ठाकुर ने अपनी जुबानी सुनाई। उनके अनुसार दिन के समय जवान छोटे-छोटे पत्थरों के नीचे छूपते थे और वहां से दुश्मनों की हर हरकत पर नजर रखते थे। इस दौरान 18 ग्रेनेडियर के 35 जवानों में जिनमें कि तीन हिमाचली थे, ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी, जबकि 95 जवान घायल हुए थे और घायल व शहीद हुए, एक-एक जवान को आठ जवानों द्वारा नीचे पहुंचाया जाता था।

उन्होंने बताया कि वर्ष 1999 में जब 18 ग्रेनेडियर यूनिट कश्मीर में दुश्मनों के दांत खट्टे करने में जुटी थी और इसी दौरान उन्हें कारगिल युद्ध में जाने के आदेश हुए। पूरी यूनिट जिसमें 900 के करीब जवान शामिल थे, 15 मई को पूरे यूनिट अन्य यूनिट के जवानों के साथ चोटी पर धाक लगाकर बैठे घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए डट गई थी और 26 जुलाई बेहद

कठिन दौर से और हालातों से रहे। उन्होंने बताया कि वह दिन आज भी हर उस जवान जिसने इस युद्ध में अपनी भागीदारी दी के अलावा हर भारतीय को याद है जब 18 ग्रेनेडियर ने टाइगर हिल को दुश्मनों के कब्जे से छुड़ाकर वहां पर अपना तिरंगा फहराया था। उन्होंने बताया कि हल्की बर्फबारी और तेज हवाओं के साथ-साथ दुश्मनों की गोलियों का जवाब देते हुए 18 ग्रेनेडियर टीम ने सबसे पहले तोलोलिंग चोटी को फतह किया और उसके बाद दुश्मन टाइगर हिल पर था और वहां से सीधे श्रीनगर, कारगिल व लेह मार्ग पर गोलीबारी कर रहा था। उस चोटी पर पहुंचकर देश के वीर जवानों ने दुश्मनों को खदेड़कर तिरंगा लहराया था।

कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में जवानों ने अदम्य साहस के साथ लक्ष्य को प्राप्त किया : ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर

अनंत ज्ञान, नगवाई। देश 26 जुलाई को 27वां कारगिल विजय दिवस मना रहा है। वर्ष 1999 में भारतीय सेना ने कारगिल की दुर्गम और बर्फीली चोटियों पर अद्वितीय साहस, उत्कृष्ट रणनीति और सर्वोच्च बलिदान का परिचय देते हुए दुश्मन के कब्जे से भारतीय क्षेत्र को मुक्त कराया था। कारगिल युद्ध के दौरान 18 ग्रेनेडियर्स की कमान संभालने वाले मंडी निवासी ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) खुशाल ठाकुर का कहना है कि कारगिल विजय केवल सैन्य सफलता नहीं थी, बल्कि भारतीय सैनिकों के साहस, नेतृत्व, अनुशासन और अटूट संकल्प का प्रतीक भी थी। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और विपरीत मौसम के बावजूद जवानों ने अदम्य मनोबल के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त किया।

न्यूज ब्रीफ

एसडीएम फतेहपुर रमण ने संभाला पदभार

अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी, फतेहपुर। जिला कांगड़ा के उपमंडल फतेहपुर में रमण कुमार शर्मा ने नए एसडीएम के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता आम जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता और समयबद्ध तरीके से समाधान करना होगी, ताकि लोगों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने राजस्व मामलों के शीघ्र निपटारे पर भी जोर दिया। एसडीएम ने युवाओं से चिट्टे सहित अन्य नशों से दूर रहने और शिक्षा, खेल व सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान करते हुए समाज से नशा मुक्ति अभियान में सहयोग की अपील की।

कांगड़ा के 23 स्वयंसेवक करेंगे पीएम से संवाद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। विकसित भारत वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत 26 जुलाई को एनआईसी हॉल, धर्मशाला में आयोजित विशेष संवाद कार्यक्रम में मेरा युवा भारत (माय भारत) जिला कांगड़ा के 23 स्वयंसेवकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में स्वयंसेवक सीमांत ग्राम विकास से जुड़े अपने अनुभव और सुझाव साझा करेंगे। जिला उप निदेशक ध्रुव डोगरा ने चयनित स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनके समर्पण और उत्कृष्ट कार्यों का सम्मान है तथा वे कांगड़ा और हिमाचल का प्रभावी प्रतिनिधित्व करेंगे।

शांता ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए एक लाख रुपए

अनंत ज्ञान, पालमपुर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने शाहपुर के बोह गांव में वर्षा से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए एक लाख रुपए का चेक भेजा है। उन्होंने आग्रह किया कि यह राशि केवल बोह क्षेत्र के आपदा पीड़ितों की सहायता पर खर्च की जाए। शांता कुमार ने विधायक केवल सिंह पठानिया और सुधीर शर्मा द्वारा राहत कार्यों में निभाई जा रही भूमिका की सराहना की तथा प्रदेशवासियों से भी मुख्यमंत्री राहत कोष में उदारतापूर्वक सहयोग देने की अपील की।

आंगनबाड़ी वर्कर्स के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुलह कंचन राणा ने बताया कि धीरा और पालमपुर उपमंडलों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के रिक्त पद भरे जाएंगे। धीरा में 11 कार्यकर्ता और 28 सहायिकाओं, जबकि पालमपुर में 16 कार्यकर्ता और 32 सहायिकाओं के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। धीरा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 18 अगस्त तथा पालमपुर के लिए 19 अगस्त 2026 है। पात्र महिला उम्मीदवारों के साक्षात्कार क्रमशः 21 और 22 अगस्त को होंगे। न्यूनतम योग्यता जमा दो, आयु 18-35 वर्ष तथा वार्षिक आय 50 हजार रुपये से कम होना आवश्यक है।

वन विभाग में भरे जाएंगे पटवारियों के दो पद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। मुख्य अरण्यपाल वन्यप्राणी वृत्त (उत्तरी) धर्मशाला ने पटवारी के दो रिक्त पदों पर सेवानिवृत्त राजस्व कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 40,000 रुपए प्रतिमाह पारिश्रमिक मिलेगा। आवेदक हिमाचल प्रदेश राजस्व विभाग से सेवानिवृत्त पटवारी या उससे ऊपर के अधिकारी होने चाहिए तथा आयु 65 वर्ष से कम होनी चाहिए। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त, शाम 5 बजे है। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति चंबा और हमीरपुर वन्यप्राणी मंडलों में की जाएगी। पात्रता व आवेदन संबंधी जानकारी वन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

एचपीयू क्षेत्रीय केंद्र में काउंसिलिंग 28 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र खनियारा के निदेशक प्रो. कुलदीप कुमार ने बताया कि एमए (संस्कृत, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र), एमकॉम, एमसीए, एमएससी भूविज्ञान और पीजीडीसीए में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए 28 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विशेष काउंसिलिंग आयोजित होगी। प्रवेश परीक्षा देने वाले तथा बिना परीक्षा वाले पात्र अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क, आवेदन पत्र और मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित हो सकते हैं। एमएससी भूविज्ञान और पीजीडीसीए में प्रवेश योग्यता के आधार पर किया जाएगा। आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

डाडासीबा में आपदा से निपटने के दिए टिप्स

अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा। बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय, डाडासीबा में आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के तहत जागरूकता एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। अग्निशमन विभाग के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बाढ़, भूकंप और अग्निकांड जैसी आपदाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण भी करवाया। विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्रों का उपयोग कर आग बुझाने का अभ्यास किया। प्राचार्य प्रो. रजनी सांख्यान ने ऐसे कार्यक्रमों को उपयोगी बताया। प्रशिक्षण में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

निर्माणाधीन आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी भवन का निरीक्षण

अनंत ज्ञान, परागपुर। क्षेत्रवासियों को आधुनिक आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को निर्माणाधीन आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी भवन का निरीक्षण किया गया। जिला आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी धर्मशाला डॉ. बृजनंदन शर्मा ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया। इस अवसर पर पूर्व उपाध्यक्ष सुरिंदर मनकोटिया, उपमंडल आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण शर्मा, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

लाका पास से त्रियुंड पहुंचेगा पानी

वन विभाग ने 34 लाख का प्रोजेक्ट किया तैयार, त्रियुंड में बनेगा ओवरहैड टैंक, गलू तक पहुंचेगा पानी

त्रियुंड की फाइल फोटो।

अनंत ज्ञान

राजेश कुमार, धर्मशाला। पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के रमणीक पर्यटक स्थल त्रियुंड में अब पानी की समस्या नहीं होगी।

लाका पास से त्रियुंड तक पानी पहुंचाया जाएगा। वन विभाग ने इसके लिए 34 लाख का प्रोजेक्ट तैयार किया है। प्रोजेक्ट के तहत त्रियुंड में पानी के लिए ओवरहैड टैंक का निर्माण किया जाएगा, जिससे त्रियुंड ट्रैक, विश्राम गृह तक पानी उपलब्ध होगा। यही नहीं पाइप के माध्यम से पानी को गलू स्थित चेक पोस्ट तक पहुंचाया जाएगा।

त्रियुंड ट्रैक पर पानी उपलब्ध होने पर विभाग ने इस ट्रैक पर प्लास्टिक पानी की बोतलें प्रतिबंधित करने की भी योजना बनाई है। जानकारी के अनुसार त्रियुंड में पानी पहुंचाने का कार्य बरसात के बाद शुरू कर दिया जाएगा।

◆ त्रियुंड ट्रैक पर प्लास्टिक बोतलें भी प्रतिबंधित करने की योजना

एसईटीएस से मांगा 15 लाख का ऋण

डीएफओ धर्मशाला अमित शर्मा ने बताया कि लाका पास से त्रियुंड तक पानी पहुंचाया जाएगा, जिसके लिए स्टेट ईको टूरिज्म सोसायटी (एसईटीएस) ने 15 लाख रुपए का ऋण उपलब्ध करवाया है, यह राशि विभाग को प्राप्त हो चुकी है।

बरसात के बाद शुरू होगा कार्य

डीएफओ के अनुसार 19 लाख रुपए की राशि डीसी कांगड़ा से भी मांगी गई है, क्योंकि लाका से त्रियुंड पानी पहुंचाने की योजना करीब 34 लाख की है। जिस पर डीसी कांगड़ा ने राशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है। ऐसे में विभाग का प्रयास है कि बरसात के बाद लाका से त्रियुंड पानी पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

पाइपलाइन की होगी नियमिति मॉनिटरिंग

बकौल डीएफओ त्रियुंड में पानी की व्यवस्था होने पर ट्रैक पर प्लास्टिक बोतल को पूरी तरह से प्रतिबंधित करने की भी योजना है। लाका से पानी लाकर त्रियुंड में ओवरहैड टैंक बनाया जाएगा, जिससे पानी त्रियुंड स्थित वन विभाग के विश्राम गृह तक भी ले जाया जाएगा। साथ ही गलू स्थित चेक पोस्ट तक भी पाइप के माध्यम से पानी लाया जाएगा, जिसकी नियमित तौर पर मॉनिटरिंग की जाएगी।

मानव कल्याण संस्था शाहपुर की आज होगी मासिक बैठक

अनंत ज्ञान, शाहपुर। मानव कल्याण संस्था, शाहपुर की नियमित मासिक बैठक रविवार को प्रातः 11 बजे संस्था के सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता संस्था के प्रधान रामप्रसाद शर्मा करेंगे। महासचिव चंडीदत्त शर्मा ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से संस्था सभागार के जीर्णोद्धार कार्य की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही संस्था का नाम शीर्षक व पंजीकरण संख्या को बाहरी दीवार पर लिखित रूप से प्रदर्शित करने के प्रस्ताव पर सहमति/अनुमोदन लिया जाएगा। बैठक में संस्था का आय-व्यय का विवरण भी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जिसे अनुमोदन हेतु सभागार पटल पर रखा जाएगा।

हैप्पी बर्थडे

मोक्ष रांगडा को को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

एयरपोर्ट विस्तार से प्रभावित थ्री व्हीलर और पिकअप चालकों ने मांगा मुआवजा

अनंत ज्ञान, राजकुमार चौधरी, गगल। गगल एयरपोर्ट विस्तार के चलते थ्रीव्हीलर और पिकअप चालक रोजगार संकट का सामना कर रहे हैं। शनिवार को पिकअप वाहन मालिकों ने डीसी कांगड़ा को ज्ञापन सौंपकर अपनी गाड़ियों को एयरपोर्ट से जुड़े कार्यों में लगाने या मासिक मुआवजा देने की मांग की। चालकों ने बताया कि वे गगल बाजार में सरिया, सीमेंट और निर्माण सामग्री की ढुलाई का काम करते थे, लेकिन दुकानों के हटने से उनका रोजगार बंद हो गया है। कई लोगों ने 5 से 10 लाख रुपये का ऋण लेकर वाहन खरीदे हैं और अब बैंक की किस्तें चुकाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने मांग की कि एयरपोर्ट निर्माण कार्यों में स्थानीय वाहनों को प्राथमिकता दी जाए। ऐसा संभव न होने पर स्थायी पुनर्वास तक बेरोजगारी भत्ता या बिजनेस लॉस मुआवजा दिया जाए। चालकों ने उन्हें भी पुनर्वास योजना में शामिल करने की मांग उठाई।

बरसात में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, विभाग सतर्क रहें : परमार

अनंत ज्ञान, डरोह। सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता विपिन सिंह परमार ने बरसात के मौसम को देखते हुए जल शक्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही के कारण आम जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए। लोगों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं से कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने जल शक्ति विभाग को निर्देश दिए कि पेयजल स्रोतों की नियमित निगरानी की जाए और पानी की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि दूषित पेयजल से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, इसलिए शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाए। वहीं, लोक निर्माण विभाग को सड़कों पर लगातार नजर रखने और भूस्खलन, मलबे या मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में तुरंत बहाली कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

बाल मेला : पहले दिन 1137 युवाओं ने करवाया पंजीकरण, 458 का चयन

सांसद अनुराग शर्मा व विधायक नीरज नैय्यर ने किया रोजगार मेले का शुभारंभ

◆ युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना प्राथमिकता : आरएस बाली

अनंत ज्ञान

कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां। विकास पुरुष जीएस बाली जी ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में युवाओं को रोजगार दिलाने की लड़ाई को निरंतर लड़ा और उन्हें रोजगार दिलाने के कार्य को सर्वोपरि रखा। उन्होंने नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे प्रदेश के युवाओं को रोजगार दिलाने की मुहिम को बड़े स्तर पर लड़ा।

यह बात पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने विकास पुरुष जीएस बाली की जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित बाल मेला 2026 के आयोजन के दूसरे दिन संबोधन के दौरान कही। बाल मेले के दूसरे दिन राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवा में मेगा रोजगार मेला आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ सांसद अनुराग शर्मा और चंबा के विधायक नीरज नैय्यर द्वारा किया गया। आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा वगवां के युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। इस वर्ष इस मेगा रोजगार मेले में 52 कंपनियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है, जो लगभग 6000 युवाओं को रोजगार देने जा रही हैं। सांसद अनुराग और विधायक नीरज ने बाल मेले के भव्य आयोजन के लिए बाल मेला कमेटी के मुख्य संरक्षक आरएस बाली और समस्त मेला कमेटी को शुभकामनाएं दीं। वहीं, जिला रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार और बाल मेला रोजगार कमेटी को-ऑर्डिनेटर अमित सूद के अनुसार रोजगार मेले के प्रथम दिन 1137 युवाओं ने पंजीकरण करवाया और साक्षात्कार उपरांत 458 युवाओं का प्रथम दिन चयन किया गया।

2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता का एचजीटीयू ने किया विरोध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल गवर्नमेंट टीचर्स यूनियन (एचजीटीयू) ने वर्ष 2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए वर्ष 2028 तक टीईटी उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता संबंधी आदेशों का विरोध किया है। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान और महासचिव तिलक नायक ने कहा कि ये शिक्षक पुराने भर्ती एवं सेवा नियमों के तहत नियुक्त हुए हैं और वर्षों से अपने अनुभव व समर्पण से विद्यार्थियों का भविष्य संवार रहे हैं। यूनियन ने कहा कि आरटीई अधिनियम लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों पर बाद के प्रावधान लागू करना उचित नहीं है। उन्होंने सरकार से शिक्षकों के हितों की रक्षा करने, सर्वोच्च न्यायालय में प्रभावी पैरवी करने और आवश्यक कानूनी कदम उठाने की मांग की है। यूनियन ने चेतावनी दी कि समाधान न होने पर लोकतांत्रिक माध्यमों से संघर्ष जारी रखा जाएगा।

कांग्रेस पर भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा का हमला

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने कांग्रेस के जंतर-मंतर प्रदर्शन पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए विरोध प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार कांग्रेस की देन है। शर्मा ने कहा कि युवाओं ने कांग्रेस की नीतियों को पहचान लिया है और अब वे पारदर्शिता व विकास की राजनीति के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विरोध और झूठे आरोपों के सहारे खोया जनसमर्थन वापस नहीं पा सकती। जनता विकास, राष्ट्रहित और मजबूत भविष्य को प्राथमिकता दे रही है।

केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में शाहपुर में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

शाहपुर में धरना-प्रदर्शन करती कांग्रेस कमेटी।

अनंत ज्ञान

कोहली, शाहपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शाहपुर द्वारा केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह शाहपुर के प्रांगण में विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शाहपुर के अध्यक्ष सुरेश कुमार पटाकू ने की, जबकि उप मुख्य सचेतक एवं शाहपुर विधायक केवल सिंह पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। धरना-प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह से रामेश्वर मंदिर शाहपुर तक विरोध रैली निकाली। रैली के दौरान पूरे शाहपुर बाजार में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भजन-कीर्तन के माध्यम से अपना विरोध दर्ज करवाया। विधायक केवल सिंह पठानिया ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक मामलों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि देश का युवा रोजगार और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की मांग कर रहा है, लेकिन उसकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी तथा जनता से जुड़े मुद्दों को सड़क से सदन तक उठाती रहेगी। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल कार्यकर्ताओं आदि ने भाग लिया।

बैजनाथ में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन छात्रों पर लाठीचार्ज का किया विरोध

अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। विधायक बैजनाथ किशोरी लाल के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के माध्यम से जंतर-मंतर पर पेपर लीक मामले को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ किए गए कथित बर्बर व्यवहार का विरोध दर्ज करवाया गया। विधायक किशोरी लाल ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। छात्रों की आवाज को दबाने के लिए बल प्रयोग करना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि युवाओं के अधिकारों, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कांग्रेस संघर्ष जारी रखेगी। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवा, छात्र और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया तथा छात्रों के सम्मान एवं न्याय की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। उन्होंने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट रहने का संकल्प लिया।

पनापर पंचायत ने अवैध खनन पर कसा शिकंजा, जेसीबी से बंद करवाए रास्ते

अनंत ज्ञान

राकेश डोगरा, डरोह। पनापर पंचायत के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने शनिवार को न्यूगल खड्ड में हो रहे अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध खनन के लिए बने रास्तों को जेसीबी मशीन से बंद करवा दिया। पनापर पंचायत प्रधान गुरजीत राणा, उप-प्रधान रॉकी ठकुर सहित पंचायत के अन्य सदस्यों ने वन विभाग के वन रक्षक की उपस्थिति में यह कार्रवाई अमल में लाई। पंचायत प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंचायत प्रधान गुरजीत राणा ने बताया कि न्यूगल खड्ड में हो रहे अवैध खनन से एक ओर जहां गांव की उपजाऊ जमीन नष्ट हो रही है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के प्राकृतिक पेयजल स्रोत भी प्रभावित हो रहे हैं। इससे आने वाले समय में गांववासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता था।

8वीं, 10वीं और 12वीं की सितंबर परीक्षाओं के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एचपीएसओएस) से शिक्षा ग्रहण कर रहे हजारों विद्यार्थियों के लिए राहत की खबर है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सितंबर 2026 में आयोजित होने वाली 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण एवं प्रवेश फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार विद्यार्थी अब विलंब शुल्क के साथ 29 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। नवीन प्रवेश, टीओसी के साथ प्रवेश, अतिरिक्त विषय और विशेष अंक सुधार परीक्षा के अभ्यर्थी 2000 रुपए, विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर सकेंगे। वहीं, री-अपीयर तथा एक वर्ष के भीतर प्रदर्शन सुधार श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए 1000 रुपए विलंब शुल्क निर्धारित किया गया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने सभी एचपीएसओएस अध्ययन केंद्रों को निर्देश दिए हैं कि वे संशोधित नियमों और नवीनतम प्रॉस्पेक्टस का पालन सुनिश्चित करें।

प्रताप वर्ल्ड स्कूल के 20 विद्यार्थियों ने नीट में लहराया सफलता का परचम

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, पठानकोट। प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में अपनी पहचान को मजबूत करते हुए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में शानदार उपलब्धि हासिल की है। देश की सबसे प्रतिष्ठित और कठिन मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में शामिल नीट परीक्षा में विद्यालय के 20 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है।

नीट में सफल होने वाले विद्यार्थियों में अपूर्वा शर्मा, आयुष कौल, बंशिका, हर्षिता, कीर्ति, मेहक चौधरी, राधिका, संचिता शर्मा, संजम, तमन्ना शर्मा, तनमप्रीत कौर, जीशान अली, खुशी मिश्रा, मुस्कानप्रीत कौर, प्रीति, डोलसी, जतिन सैनी, अफरीन फरहत, युक्ता शर्मा और मानस संधू शामिल हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को उनके कठिन परिश्रम, निरंतर अभ्यास तथा शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया गया है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह सफलता प्रताप वर्ल्ड स्कूल के इंटीग्रेटेड स्कूलिंग एवं कोचिंग प्रोग्राम की प्रभावशीलता को दर्शाती है। इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को सीबीएसई पाठ्यक्रम की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेषज्ञ मार्गदर्शन एक ही परिसर में उपलब्ध करवाया जाता है। विद्यालय में नियमित टेस्ट, व्यक्तिगत मेंटरिंग, प्रदर्शन विश्लेषण और अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर तैयारी का अवसर मिलता है। इसके अतिरिक्त डे-स्कॉलर्स के लिए सुरक्षित परिवहन सुविधा तथा बोर्डिंग विद्यार्थियों के लिए वातानुकूलित आवासीय छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे विद्यार्थियों को अनुशासित और अनुकूल अध्ययन वातावरण मिलता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या शुभ्रा रानी ने विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यार्थियों को बधाई दी। वहीं, निदेशक सनी महाजन ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में बीबीए प्रथम सत्र के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बीबीए समन्वयक डॉ. प्रदीप सिंह ने मुख्य अतिथि एवं नए विद्यार्थियों का स्वागत किया। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति, महाविद्यालय की कार्यप्रणाली तथा शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर कल्पना ऋषि ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। डॉ. बोविंदर कटोच ने नशा मुक्ति एवं रैगिंग विरोधी जागरुकता पर विचार रखे। प्रोफेसर अतुल चौधरी ने छात्रवृत्ति योजनाओं और प्रोफेसर तनवीर ने ईआरपी प्रणाली की जानकारी दी।

डॉ. अभिनव ने 20 साल में कैमरे में कैद की 600 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां

अनंत ज्ञान

◆ 60 से अधिक रिसर्च पेपर प्रकाशित

◆ कहा- प्रकृति संरक्षण के बिना विकास अधूरा

ब्यूरो, धर्मशाला। पेशे से चिकित्सक और जुनून से पक्षी प्रेमी एवं बर्ड फोटोग्राफर डॉ. अभिनव चौधरी ने कहा कि प्रकृति और पक्षियों के प्रति लगाव ने उन्हें पिछले दो दशकों से अधिक समय तक हिमाचल के जंगलों, पहाड़ों और दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचाया।

इस दौरान उन्होंने 600 से अधिक पक्षी प्रजातियों का फोटोग्राफिक रिकॉर्ड तैयार किया। 60 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए और कई दुर्लभ पक्षियों का दस्तावेजीकरण कर वैज्ञानिक समुदाय को महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने यह बातें एक विशेष बातचीत के दौरान साझा कीं। डॉ. अभिनव चौधरी ने बताया कि पक्षियों को देखने का शौक बचपन से था। शुरुआत केवल दूरबीन के सहारे हुई, लेकिन समय के साथ पुस्तकों, कैमरे और आधुनिक तकनीक ने उनकी जानकारी और अनुभव को और समृद्ध किया। उन्होंने कहा कि कैमरे की मदद से न केवल पक्षियों की पहचान आसान हुई, बल्कि उनके संरक्षण के लिए वैज्ञानिक रिकॉर्ड तैयार करना भी संभव हो सका। अपने 23 वर्षों के इस सफर का श्रेय उन्होंने अपने परिवार और बर्डिंग से जुड़े मित्रों को दिया, जिन्होंने हर कदम पर उनका सहयोग किया और नई प्रजातियों की जानकारी साझा कर उनके शोध कार्य को आगे बढ़ाया। उन्होंने बताया कि डॉक्टर होने के बावजूद उन्होंने अपने पेशे और शौक के बीच हमेशा संतुलन बनाए रखा। छुट्टियों या ड्यूटी से पहले मिलने वाले समय में ही वे बर्डिंग करते हैं और कभी भी अपने पेशे को प्रभावित नहीं होने देते।

दुर्लभ पक्षियों की खोज में मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

डॉ. चौधरी ने बताया कि लाहौल-स्पीति, पांगी और अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पक्षियों की फोटोग्राफी अत्यंत चुनौतीपूर्ण है। कठिन ट्रैकिंग और कम संख्या के बावजूद उन्होंने स्थानीय बर्डर्स के सहयोग से येलो-ब्रेस्टेड बंटिंग, पर्पल बैक स्टारलिंग और लिटिल क्रेक जैसी दुर्लभ प्रजातियों का फोटोग्राफिक रिकॉर्ड तैयार किया। उन्होंने कहा कि लंबी यात्राओं के बाद किसी दुर्लभ पक्षी का कैमरे में कैद होना सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। अब तक वे लगभग 600 पक्षी प्रजातियों और 25 उप-प्रजातियों का रिकॉर्ड बना चुके हैं। उनके 60 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं तथा उन्हें बर्ड्स ऑफ द वर्ल्ड में लेखन और इंडियन बर्ड्स के संपादकीय बोर्ड में सदस्य बनने का सम्मान मिला है।

न्यूज ब्रीफ

रघुवीर सिंह ठाकुर को मॉरीशस में सम्मान

अनंत ज्ञान, सोनल, नादौन। नादौन उपमंडल के कांगू निवासी ठाकुर रघुवीर सिंह को पीएनबी मेटलाइफ में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मॉरीशस में अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया। उन्हें हमीरपुर से टॉप परफार्मर एवं एमडीआरटी के रूप में सम्मानित किया गया। कांगू पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वक्ताओं ने उनकी सफलता को मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा का परिणाम बताया। कार्यक्रम का आयोजन पीएनबी मेटलाइफ के क्लस्टर हेड अनूप शर्मा के नेतृत्व में किया गया।

कारगिल दिवस पर शहीदों के परिजन होंगे सम्मानित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रविवार सुबह 10 बजे हमीरपुर के शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा पार्क एवं निर्माणाधीन युद्ध स्मारक परिसर में जिला स्तरीय समारोह आयोजित होगा। सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक स्क्वॉड्रन लीडर (सेवानिवृत्त) मनोज राणा ने बताया कि कार्यक्रम में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी तथा कारगिल युद्ध में शहीद हुए जिला हमीरपुर के आठ वीर सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी नागरिकों, विशेषकर भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों से समारोह में भाग लेने की अपील की।

वन्य प्राणी विंग में रखे जाएंगे 2 रिटायर्ड पटवारी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। वन विभाग की वन्य प्राणी विंग, धर्मशाला वृत्त ने हमीरपुर और चंबा मंडलों में जमीन संबंधी कार्यों के लिए राजस्व विभाग से सेवानिवृत्त एक-एक पटवारी या उच्च अधिकारी की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित अधिकारियों को प्रारंभिक एक वर्ष के लिए 40,000 रुपए मासिक फिक्स मानदेय दिया जाएगा। आवेदक की आयु 65 वर्ष से कम, राजस्व विभाग में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव तथा कोई लंबित अनुशासनात्मक मामला नहीं होना चाहिए। आवेदन 10 अगस्त तक वन्य प्राणी वृत्त कार्यालय, धर्मशाला में जमा किए जा सकते हैं। आवेदन के साथ मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र अनिवार्य है

कठियाणा पंचायत ने की बधाई राशि 3100 तय

अनंत ज्ञान, भोटा। कठियाणा पंचायत के नवनिर्वाचित प्रधान चैन सिंह पठानिया ने किन्नर समाज से शादी और अन्य शुभ अवसरों पर पंचायत द्वारा निर्धारित 3100 रुपए की बधाई राशि ही स्वीकार करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है। परिवार पंचायत में राशि जमा करेगा, जिसे पंचायत किन्नर समाज को सौंपेगी। प्रधान ने कहा कि अधिक राशि मांगने की शिकायतें मिली हैं। नियमों की अवहेलना होने पर प्रशासन से लिखित शिकायत की जाएगी।

टिक्कर क्षेत्र में आज बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। विद्युत उपमंडल लंबलू के तहत टिक्कर अनुभाग में 26 जुलाई को लाइनों की आवश्यक मरम्मत के चलते टिक्कर बाजार, ककड़ियाणा, कधरियाणा, मसरेडू और कई अन्य गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अधिशाषी अभियंता सौरभ राय ने बताया कि अगर 26 जुलाई को मौसम खराब रहा तो लाइनों की मरम्मत का कार्य अगले दिन किया जाएगा।

पैरा लीगल वालंटियर के लिए 28 तक करें आवेदन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, हमीरपुर ने जिले के पांच ग्राम विधिक सेवा केंद्रों में पैरा लीगल वालंटियर की इम्पैनलमेंट के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से 28 जुलाई तक आवेदन मांगे हैं। सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि बोहनी, पटलांदर, भोरंज, नादौन और बड़सर केंद्रों में तैनात वालंटियर आम लोगों को कानूनी सहायता और नालसा की योजनाओं की जानकारी देंगे। अभ्यर्थी का कम से कम मैट्रिक पास होना आवश्यक है। आवेदन एडीआर सेंटर, पक्का भरो में जमा किए जा सकते हैं।

सुजानपुर-बड़सर कांग्रेस का केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

रैली निकालकर पेपर लीक और राम मंदिर चंदा चोरी मामले के विरोध में की नारेबाजी

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। नीट पेपर लीक मामले के विरोध में बड़सर कांग्रेस ने उपमंडल बड़सर के मैहरे बाजार तक विरोध रैली निकाली। रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं, छात्र और स्थानीय लोग शामिल हुए।

कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुई रैली मैहरे बाजार से होते हुए आदि श्री जगतेश्वर नाथ मंदिर पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने भजन-कीर्तन भी किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नीट पेपर लीक और राम मंदिर निर्माण के लिए एकत्रित चंदे में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। 'चंदा चोर गद्दी छोड़ो', 'नीट घोटाला बंद करो' और 'धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो' जैसे नारे लगाए गए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती ने भाजपा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि कथित चंदा अनियमितताओं और नीट पेपर लीक जैसे मामले सरकार की विफलताओं को दर्शाते हैं।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया, पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा, राजेंद्र वर्मा, प्रेम सिंह, रुबल ठाकुर सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एसडीएम सुजानपुर के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विधायक कैप्टन रणजीत सिंह के नेतृत्व में केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पेपर लीक और राम मंदिर निर्माण के लिए एकत्रित चंदे में कथित अनियमितताओं को लेकर नारेबाजी की तथा एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। विधायक ने आरोप लगाया कि पेपर लीक से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की। उन्होंने प्रभावित परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने तथा पेपर लीक रोकने के लिए कड़े कानून बनाने की मांग उठाई। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रजिंदर वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मेधावी छात्रा को 51 हजार की छात्रवृत्ति से किया सम्मानित

बाबा बालकनाथ महाविद्यालय चकमोह में सम्मान समारोह आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। बाबा बालकनाथ महाविद्यालय, चकमोह में शनिवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सत्र 2023-26 की महाविद्यालय टॉपर कुमारी करीना को 51 हजार रुपये की राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान वरिष्ठ छात्र नरेश ठाकुर द्वारा अपने माता-पिता के नाम पर शुरू की गई 'सलोचना उत्तम छात्रवृत्ति योजना' के तहत प्रदान किया गया। करीना ने बीए, बीएससी और बीकॉम के सभी विद्यार्थियों में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। समारोह में नरेश ठाकुर के माता-पिता तथा उनके मामा-मामी विशेष रूप से उपस्थित रहे। नरेश ठाकुर ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में जुड़े और विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की पूर्व छात्रा कुमारी अंकिता भी विशेष आकर्षण रहीं। उन्होंने महाविद्यालय को विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक कूलर भेंट किया। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ठाकुर ने नरेश ठाकुर व उनके परिवार का आभार जताते हुए कहा कि ऐसी पहल विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने अंकिता के सहयोग के लिए भी धन्यवाद व्यक्त किया। समारोह में प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

हिंद संग्राम परिषद ने जरूरतमंदों को दी 30 हजार की आर्थिक सहायता

पीड़ित परिवार आर्थिक सहायता प्राप्त करने के बाद परिषद के उपाध्यक्ष वासु देव शर्मा के साथ सामूहिक चित्र में अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

नादौन। समाजसेवी संस्था हिंद संग्राम परिषद की हिमाचल प्रदेश एवं नादौन इकाई की संयुक्त बैठक गगाल स्थित राजेंद्रा पैलेस में आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष आशा रानी ने की, जबकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में परिषद के विभिन्न पदाधिकारियों, जिला प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक के दौरान संस्था ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए जरूरतमंद परिवारों को कुल 30 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। सहायता प्राप्त करने वालों में उर्मिला देवी, प्रवीण कुमारी, मोनिका भाटिया, सीमा देवी, पवना देवी, सुहानी, कल्पना देवी, रीता कुमारी तथा रितिका व अंशिका सहित कई लाभार्थी शामिल रहे। प्रदेशाध्यक्ष आशा रानी ने कहा कि परिषद भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों की हरसंभव सहायता करती रहेगी और समाजसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाएगी।

उन्होंने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से अधिक से अधिक लोगों तक सहायता पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संस्था की आगामी गतिविधियों और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

टीसीपी एक्ट के उल्लंघन पर व्यक्ति को नोटिस

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। नगर निगम हमीरपुर के वार्ड नंबर-8 नयानगर में एक व्यक्ति द्वारा करवाए जा रहे भवन निर्माण में हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) अधिनियम-1977 के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन का कड़ा संज्ञान लेते नगर निगम ने संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किया है। निगम के आयुक्त राकेश शर्मा की ओर से जारी इस नोटिस में उक्त व्यक्ति को तुरंत निर्माण कार्य रोकने और 15 दिन के भीतर जमीन पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

रजिंदर शर्मा ने सीएम सुक्खू का जताया आभार

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। नादौन विधानसभा क्षेत्र में बनने जा रहे मल्टीपर्पज इंडोर स्टेडियम से हिमाचल के खिलाड़ियों को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। सरकार द्वारा स्टेडियम में विभिन्न पद सृजित किए जाने पर भारतीय बैडमिंटन संघ के पूर्व संयुक्त सचिव एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी-कोच रजिंदर शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया। उन्होंने मांग की कि यहां सभी इंडोर खेलों के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण सुविधा मिले और इसे जुब्बल के स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स की तर्ज पर विकसित किया जाए। खिलाड़ियों ने कहा कि खेलो हिमाचल पहल युवाओं को नशे से दूर रखकर प्रदेश का नाम रोशन करेगी।

उपभोक्ता संरक्षण संगठन की मासिक बैठक में जनता से जुड़े मुददों पर की चर्चा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। दि उपभोक्ता संरक्षण संगठन जिला हमीरपुर की मासिक बैठक कार्यकारी अध्यक्ष विपिन शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मक्की की फसल में फाल आर्मी वर्म की समस्या, सड़कों की मरम्मत, पार्कों की सफाई, आवारा कुत्तों की समस्या और खराब स्ट्रीट लाइटों सहित कई जनहित मुद्दों पर चर्चा की गई। संगठन ने नगर निगम, कृषि विभाग, पुलिस, आरटीओ और अन्य विभागों से शीघ्र कार्रवाई की मांग की। सदस्यों ने मेडिकल कॉलेज में रोगी वाहनों की व्यवस्था, फुटपाथ निर्माण, सीसीटीवी कैमरे लगाने और आयुर्वेदिक अस्पताल में टेस्ट सुविधाएं बहाल करने की भी मांग उठाई।

तकनीकी विवि ने किया काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय, हमीरपुर ने बी फार्मेसी (लेटरल एंट्री), बीटेक (लेटरल एंट्री), बी आर्क, एमटेक और एम फार्मेसी की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया है। बी फार्मेसी और बीटेक (लेटरल एंट्री) की पहली ऑनलाइन काउंसलिंग 29 जुलाई को होगी। बी आर्क, एमटेक और एम फार्मेसी की काउंसलिंग भी 28 जुलाई से 4 अगस्त तक विभिन्न चरणों में आयोजित की जाएगी। अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने अभ्यर्थियों से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर शेड्यूल देखने की अपील की।

सुजानपुर कांग्रेस का धरना पूरी तरह रहा फ्लॉप और हास्यास्पद : नरेंद्र ठाकुर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, हमीरपुर। भाजपा नेता इंजीनियर नरेंद्र ठाकुर ने कहा कि सुजानपुर में कांग्रेस द्वारा आयोजित धरना पूरी तरह फ्लॉप और हास्यास्पद साबित हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि धरना स्थल पर अपेक्षित संख्या में कार्यकर्ता भी नहीं पहुंचे, जिससे सुजानपुर कांग्रेस की संगठनात्मक स्थिति उजागर हो गई।

उनके अनुसार कार्यक्रम में कांग्रेस के विभिन्न गुट अलग-अलग नजर आए और कई वरिष्ठ नेता भी अनुपस्थित रहे। नरेंद्र ठाकुर ने आरोप लगाया कि धरने के दौरान कांग्रेस विधायक ने बार-बार 'कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद' के नारे लगाए, जबकि जिस मुद्दे को लेकर प्रदर्शन आयोजित किया गया था, उस पर कोई ठोस चर्चा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दों पर न तो कोई स्पष्ट समाधान रखा गया और न ही कोई ठोस रोडमैप प्रस्तुत किया गया। उनका कहना था कि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा लगाए गए 'राहुल गांधी आप आगे बढ़ो, हम आपके साथ हैं' जैसे नारों से स्पष्ट हो गया कि कार्यक्रम जनहित से अधिक पार्टी नेतृत्व तक सीमित था। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनता से किए गए वादे पूरे करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि सुजानपुर क्षेत्र में बस सेवाएं प्रभावित हैं, टाउन हॉल का निर्माण लंबित है, आईटीआई उटपुर और उहल क्षेत्र में पेयजल संकट बना हुआ है।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा के प्रयास लाए रंग

बंगाणा-हटली-पिपलू-तल्पी सड़क का 10 करोड़ से होगा सौंदर्यीकरण

अनंत ज्ञान

बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी सौगात मिली है। विधायक विवेक शर्मा के अथक प्रयासों से बंगाणा-हटली-पिपलू-तल्पी सड़क के चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 10 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। करीब आठ किलोमीटर लंबी हटली से पीपलू तल्पी सड़क को डबल लेन के रूप में विकसित किया जाएगा।

इस सड़क के निर्माण में केवल यातायात सुविधा ही नहीं, बल्कि पर्यटन, धार्मिक आस्था और यात्रियों की सुविधा को भी विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इस सड़क का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि यह प्रसिद्ध नरसिंह नारायण मंदिर पीपलू तक पहुंचने का मुख्य मार्ग है। हर वर्ष निर्जला एकादशी के अवसर पर यहां तीन दिवसीय विशाल धार्मिक एवं सांस्कृतिक मेला आयोजित होता है, जिसमें प्रदेश सहित अन्य राज्यों से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेले के दौरान वाहनों की भीड़, पार्किंग की समस्या को देखते हुए इस परियोजना में विशेष पार्किंग स्थलों का निर्माण भी प्रस्तावित किया गया है।

नरसिंह नारायण मंदिर पीपलू की धार्मिक महत्ता को ध्यान में रखकर बनेगी आधुनिक सड़क

विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य को नरसिंह नारायण मंदिर पीपलू की धार्मिक महत्ता को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। साथ ही सड़क किनारे रेन शेल्टर, सुलभ शौचालय, पार्किंग स्थल और बाहरी राज्यों से आने वाले वाहन चालकों के विश्राम के लिए विशेष स्थान विकसित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विश्राम स्थल पर चालक अपनी गाड़ियां सुरक्षित खड़ी कर आराम कर सकेंगे। वहीं एक कैफे की भी व्यवस्था प्रस्तावित है, जिस से यात्रियों और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। सड़क के दोनों ओर आवश्यक स्थानों पर सुरक्षा दीवारें एवं अन्य सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी ताकि भविष्य में यह मार्ग धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन सके।

जल शक्ति विभाग में भरे जाएंगे 4 हजार पद : मुकेश अग्निहोत्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जल शक्ति विभाग में इस वित्त वर्ष करीब 4000 पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मैनपावर के बिना कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती। इसलिए सरकार विभाग को सुदृढ़ बनाने के साथ युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दे रही है। उपमुख्यमंत्री शनिवार को हरोली के पालकवाह ऑडिटोरियम में जल शक्ति विभाग, हमीरपुर जोन द्वारा आयोजित जलापूर्ति एवं सिंचाई योजनाओं के संचालन, रखरखाव एवं जल गुणवत्ता निगरानी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने नव नियुक्त पैरा पंप ऑपरेटरों, पैरा फिटरों, मल्टीपरपज वर्कर्स तथा वाटर गार्ड्स को विभाग का ध्वजवाहक बताते हुए कहा कि प्रदेश के लोगों तक स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि उनका भविष्य उज्ज्वल है और उन्हें धैर्य के साथ कार्य करते रहना चाहिए। यह 58 वर्ष तक पेंशन लाभ वाली नौकरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में इन कर्मचारियों के हित से जुड़े निर्णायक फैसले लिए जाएंगे। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में पेयजल की गुणवत्ता सुधारने और जल शुद्धिकरण व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए लगभग 2000 करोड़ रुपये की व्यापक योजना लागू की जाएगी। योजना के तहत आधुनिक तकनीक आधारित जल शुद्धिकरण प्रणालियां स्थापित की जाएंगी, जिससे प्रदेशवासियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होगा तथा जलजनित बीमारियों में भी कमी आएगी।

एसएसआरवीएम स्कूल में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान

ऊना। एसएसआरवीएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कक्षा आठ के विद्यार्थियों के लिए 'सहयोग' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रभावी अभिव्यक्ति, तार्किक चिंतन, आत्मविश्वास तथा सार्वजनिक वक्तृत्व कौशल का विकास करना था। प्रतियोगिता में अंशिका, आराध्या, सांची, रिधिमा, दक्षिता, ईशान, विनायक शर्मा, विनायक कपिला, रेहान तथा कृतिका ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन संगीता ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास एवं प्रस्तुति कौशल की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन पूजा शर्मा एवं पूजा दत्ता के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुमेश शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को उनकी उत्साहपूर्ण भागीदारी के लिए बधाई दी तथा आयोजकों के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि वाद-विवाद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में तार्किक सोच, प्रभावी संवाद, आत्मविश्वास तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करती हैं, जो उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

वैशाली मौत मामला: पीड़ित परिवार से मिली महिला आयोग की सदस्य

अनंत ज्ञान, घनारी। गगरेट उपमंडल के अंबोआ गांव की 26 वर्षीय वैशाली की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। आयोग की सदस्य सरोज शर्मा पीड़ित परिवार के घर पहुंचीं और परिजनों से मुलाकात कर उनकी बात विस्तार से सुनी। सरोज शर्मा ने बताया कि मामले के प्रत्येक पहलू की निष्पक्ष और गहन जांच सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों से भी बातचीत कर जांच की प्रगति की जानकारी ली तथा सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष जांच आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। मुलाकात के दौरान वैशाली के माता-पिता और अन्य परिजनों ने आयोग के समक्ष अपनी पीड़ा और आशंकाएं व्यक्त कीं। परिजनों का कहना था कि वैशाली हंसमुख और मिलनसार स्वभाव की थी तथा वे उसकी मौत को सामान्य घटना नहीं मानते।

उन्होंने मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। महिला आयोग की सदस्य ने कहा कि आयोग इस मामले की जांच पर लगातार नजर बनाए रखेगा। पोस्टमार्टम और फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विभागों और अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट भी तलब की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए आयोग हरसंभव प्रयास करेगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयोग ने स्पष्ट किया कि इस संवेदनशील मामले में सच्चाई सामने लाने और यदि किसी की जिम्मेदारी बनती है तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित कराने के लिए वह पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। निष्पक्ष जांच और न्याय दिलाना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जन समस्याओं का समयबद्ध समाधान सरकार की प्राथमिकता : धर्माणी

अनंत ज्ञान

घुमारवीं। नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि जन समस्याओं का समयबद्ध निपटारा प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही है।

धर्माणी ने लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह घुमारवीं में जन समस्याएं सुनीं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की शिकायतों का निपटारा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित समस्याओं का भी प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को बरसात के मौसम को देखते हुए स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, क्षतिग्रस्त सड़कों की बहाली और निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने और विकास कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा महज नाटक : पांडेय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। विश्व मानव कल्याण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तेज प्रताप पांडेय ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने इसे नाटकीयता बताते हुए कहा कि इससे छात्रों के साथ हुए अन्याय की भरपाई नहीं हो सकती। डॉ. पांडेय ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं से लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। नीट और यूजीसी नेट जैसे मामलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि केवल इस्तीफा देना पर्याप्त नहीं, बल्कि जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं और यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग के छात्र मेहनत व संसाधन लगाकर परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, ऐसे में परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है।

सिकरोहा पेयजल योजना का फिल्टर प्लांट जल्द शुरू करें सरकार : सुरभि

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। जिला परिषद सदस्य एवं अधिवक्ता सुरभि ठाकुर ने सिकरोहा पंचायत की ग्राम सभा में सिकरोहा-चांदपुर पेयजल योजना के फिल्टर प्लांट को जल्द शुरू करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपए की लागत से तैयार प्लांट लंबे समय से बंद पड़ा है, जिससे क्षेत्रवासियों को स्वच्छ पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि रखरखाव के अभाव में फिल्टर प्लांट खराब होने की स्थिति में पहुंच रहा है, जबकि लोग आज भी मटमैला पानी पीने को मजबूर हैं। उन्होंने विभाग और सरकार से मामले का तुरंत संज्ञान लेकर प्लांट को जनता को समर्पित करने की मांग की। सुरभि ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही फिल्टर प्लांट शुरू नहीं किया गया तो क्षेत्र के लोग आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा जनता की समस्याओं को उठाने का महत्वपूर्ण मंच है और मूलभूत सुविधाओं के लिए वह हर स्तर पर आवाज उठाती रहेंगी।

पेपर लीक पर रोक की मांग को लेकर कांग्रेस ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, झंडूता। प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के मामलों को लेकर कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय कौशल की अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार झंडूता विपिन के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया कि बार-बार पेपर लीक होने से लाखों विद्यार्थियों की मेहनत प्रभावित हो रही है और परीक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और भविष्य में ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की।

31 जुलाई तक पेंशनरों का भुगतान करे सरकार : वर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर इकाई ने सरकार से 31 जुलाई से पहले पेंशनरों की लंबित देनदारियों के भुगतान और अधिसूचना जारी करने की मांग की है। एसोसिएशन के प्रधान चेत राम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त करीब 47 हजार पेंशनरों को देनदारियों का 40 प्रतिशत भुगतान करने का निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा कि 65 से 70 वर्ष आयु वर्ग के पेंशनरों को एकमुश्त वित्तीय लाभ देने की बात भी कही गई थी, लेकिन अभी तक इसकी अधिसूचना जारी नहीं हुई है। उन्होंने सरकार से जल्द कार्रवाई कर पेंशनरों में बढ़ रहे असंतोष को दूर करने का आग्रह किया।

एक माह में शुरू होगा हिमाचल का पहला आइलैंड टूरिज्म प्रोजेक्ट: डीसी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश का पहला आइलैंड टूरिज्म प्रोजेक्ट जिला बिलासपुर की गोबिंदसागर झील स्थित ज्योरी पत्तन में एक माह के भीतर शुरू होगा। उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि यह परियोजना बिलासपुर को ईको टूरिज्म, वॉटर स्पोर्ट्स, एयरो स्पोर्ट्स और एडवेंचर टूरिज्म के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने में अहम भूमिका निभाएगी।

उपायुक्त ने पर्यटन, खेल, व्यापार एवं रोजगार सृजन से जुड़ी संस्था की समीक्षा बैठक में बताया कि ज्योरी पत्तन, धररसानी और भोलू द्वीपों को अंडमान एवं निकोबार की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। यहां पर्यटकों के लिए आधुनिक आवास, स्थानीय व्यंजन, फिशिंग, प्री-वेडिंग शूट और सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय हस्तशिल्प, कृषि उत्पादों और पारंपरिक वस्तुओं की बिक्री से स्वयं सहायता समूहों, कलाकारों और उद्यमियों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। बैठक में वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के विस्तार को लेकर भी चर्चा हुई और अधिकारियों को लंबित कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए गए।

नए विद्यार्थियों को कॉलेज की गतिविधियों से कराया परिचित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, नियमों, सुविधाओं और गतिविधियों से अवगत करवाना था। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए अनुशासन, नियमित अध्ययन और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास, कौशल संवर्धन और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

न्यूज ब्रीफ

भर्ती घोटाले की जड़ में कांग्रेस की नाकामी और संरक्षण की राजनीति : राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान, मंडी। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस आज पेपर लीक और परीक्षा व्यवस्था के मुद्दे पर राजनीतिक नौटंकी कर रही है, जबकि हिमाचल प्रदेश का इतिहास गवाह है कि जब-जब कांग्रेस सत्ता में रही, तब-तब भर्ती प्रक्रियाओं और परीक्षा प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए। कांग्रेस को दूसरों पर उंगली उठाने से पहले अपने कार्यकाल का हिसाब प्रदेश की जनता को देना चाहिए। राकेश जम्बाल ने कहा कि वर्ष 2006 का चर्चित सीपीएमटी पेपर लीक मामला आज भी हिमाचल के युवाओं के लिए एक काला अध्याय है। कांग्रेस शासनकाल में हुई इस घटना ने हजारों मेहनती विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद परीक्षा दोबारा करवानी पड़ी। जांच में सामने आया कि प्रश्नपत्र लखनऊ की प्रिंटिंग प्रेस से लीक हुआ और इसमें अंतरराज्यीय नेटवर्क की भूमिका रही। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि लगभग दो दशक बाद भी यह मामला पूरी तरह समाप्त नहीं हो पाया है। कांग्रेस को बताना चाहिए कि उस समय छात्रों के साथ हुए इस अन्याय की जिम्मेदारी किसकी थी?

सरकाघाट में कल बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। विद्युत उपमंडल भांवला के सहायक अभियंता ई. हंसराज ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 27 जुलाई, 2026 (सोमवार) को 11 केवी खुडला-सुलपुर बही फीडर की एचटी लाइन के नीचे स्थित बतेल के समीप विद्युत ट्रांसफार्मर को बदलने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के चलते फीडर के अंतर्गत आने वाले खुडला, धतोली, मनवाना, भांवला, बतेल, सुलपुर, कैंचीमोड, अपर भांवला, ढलवाण कोलनी, मश्याणी , गुड़ सदवाला सहित आसपास के क्षेत्रों में प्रातः 9 बजे से कार्य पूर्ण होने तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

डीसी से छम्यार मार्ग की मरम्मत कराने की गुहार

अनंत ज्ञान, भीम बसेडू राजपूत, महादेव। नाचन विधानसभा क्षेत्र एवं विकास खंड धनोटू के अंतर्गत आते प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थली हाटेश्वरी माता मंदिर मार्ग से संपर्क करता छम्यार संपर्क मार्ग जो आगे किलिंग बाढू आदि कई ऊंचाई वाले ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ता है का एक बड़ा भाग गहरी खाइयों में तब्दील हो गया है यानि सड़क मार्ग ऐसे बह गया है जैसे कोई नाला हो। मार्ग को देखकर ऐसा लगता है कि पिछले कई वर्षों से इसकी सुध नहीं ली गई है और इसे राम भरोसे छोड़ दिया गया है। मार्ग की बदहाली से वाहन चालक ही नहीं, अपितु पैदल यात्रियों को भी खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। नाचन विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में यही एक मार्ग नहीं, बल्कि और भी बहुत से मार्ग हैं जो अपनी बदहाली पर इसी तरह आंसू बहा रहे हैं। मार्ग सुधार को लेकर बार-बार गुहार लगाए जाने के बावजूद भी विभाग गंभीरता न दिखाते हुए केवल उदासीन रवैया अपनाए हुए है। लोगों ने डीसी से इस मांग की तुरंत मरम्मत करवाने की मांग उठाई है।

धनोटू में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, भीम बसेडू राजपूत, महादेव। हर वर्ष की भांति इस बार भी गांव धनोटू स्थित लखदाता मंदिर समिति ने विधिवत पूजा-अर्चना कर पावन श्रावण मास के शुभ अवसर पर शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा का आरंभ कर दिया। भारी बारिश के बीच भारी संख्या में एकत्र स्त्री एवं पुरुष श्रद्धालु लोगों ने ढोल टामक की थाप ध्वनि संग लखदाता मंदिर से लेकर प्राचीन शिव मंदिर महादेव तक कलश यात्रा निकाली। तदोपरांत धनोटू स्थित मैदान में सजे पांडाल में ग्राम पंचायत महादेव के प्रधान विरेन्द्र कुमार सहित नाचन आदि से संबंधित पंचायत प्रतिनिधि, महिला मण्डल इत्यादि कई क्षेत्र में जुड़े लोगों ने कथा वाचक को सर आंखों पर बिठाया।

बीबीएमबी की रोशनी से जयूणी मार्ग जगमग

अनंत ज्ञान, बालक राम, पंडोह। नवनिर्वाचित पंडोह पंचायत के वार्ड सदस्य देश राज ठाकुर ने शपथ ग्रहण के बाद अपने वार्ड जयूणी मार्ग में विद्युत प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध करवाकर क्षेत्र को रोशन कर दिया है। पूरे वार्ड में लगी नई बत्तियों से क्षेत्र जगमगा उठा है, जिसकी स्थानीय लोग सराहना कर रहे हैं। स्थानीय व्यापारी चमन शर्मा, राजेश शर्मा, कमल किशोर, पदम नेगी, बंटी सूद, खूब राम शर्मा और जीवानंद ठाकुर ने बताया कि पिछले लगभग 50 वर्षों से क्षेत्र अंधेरे में रहता था। अंधेरे का लाभ उठाकर चोरी की घटनाओं की आशंका बनी रहती थी और राहगीरों के गिरकर चोटिल होने की घटनाएं भी होती थीं। अब बाजार में रोशनी होने से जहां इसकी सुंदरता बढ़ी है, वहीं लोगों और व्यापारियों की सुरक्षा भी बेहतर हुई है। वार्ड सदस्य देश राज ठाकुर ने बताया कि पंचायत प्रधान और उपप्रधान के सहयोग से बीबीएमबी पंडोह के अधिकारियों के समक्ष यह मांग प्रमुखता से उठाई गई, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए। उन्होंने इस कार्य के लिए बीबीएमबी अधिकारियों का आभार भी व्यक्त किया है।

बालीचौकी में कांग्रेस का प्रदर्शन

दिल्ली में छात्रों के साथ हुई मारपीट और अमानवीय व्यवहार पर जताया रोष

अनंत ज्ञान

नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी। अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की बालीचौकी जोन इकाई ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग तथा दिल्ली में छात्रों के साथ हुई कथित मारपीट और अमानवीय व्यवहार के विरोध में बालीचौकी बाजार में रैली निकालकर प्रदर्शन किया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपमंडल कार्यालय के बाहर धरना दिया। प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करवाया।

धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी जिला मंडी के महासचिव संतराम ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार को समय रहते शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा लेना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि छात्रों से जुड़े मुद्दों पर सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई तो जनता इसका जवाब देगी।

उन्होंने कहा कि छात्रों के साथ कथित मारपीट और अमानवीय व्यवहार को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रदर्शन को युवा कांग्रेस के

बालीचौकी बाजार में रैली निकालकर रोष जताते अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

महासचिव देवेंद्र प्रताप, पंचायती राज सराज के अध्यक्ष जसवंत मेहता, पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष दलीप सिंह तथा बालीचौकी जोन अध्यक्ष लाल सिंह ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने छात्रों से जुड़े घटनाक्रम को लेकर केंद्र सरकार से जवाबदेही की मांग की।

धरने को सेवानिवृत्त अधिकारी एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित आरआर ठाकुर, मत्स्य विभाग से सेवानिवृत्त उपनिदेशक खेम सिंह ठाकुर तथा आयकर विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी हरि सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य दिलेराम, युवा नेता अमर सिंह, नारी सभा अध्यक्षा राधा देवी, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष चेतन कुमार, जीवन सिंह, उपप्रधान बीजू देवधार, पार्वती, गुड्डी देवी, कांग्रेस पार्टी के महामंत्री शेर सिंह, ओमचंद, हेतराम और इंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन सरकाघाट इकाई द्वारा आज दिल्ली के जंतर-मंतर में परीक्षा प्रणाली में व्याप्त भ्रष्टाचार, पेपर लीक तथा छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में आंदोलनरत छात्रों के समर्थन एवं एकजुटता के रूप में सरकाघाट में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम उप-मंडलाधिकारी (नागरिक), सरकाघाट के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में देश की परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार करने, पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानून बनाने, परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने तथा जंतर-मंतर में छात्रों पर हुए कथित बर्बर लाठीचार्ज की न्यायिक जांच करवाने की मांग की गई। साथ ही आंदोलन कर रहे छात्रों पर दर्ज मामलों को वापस लेने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की भी मांग की गई।

ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन की सरकाघाट इकाई ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में लगातार सामने आ रही परीक्षा अनियमितताओं और पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों छात्रों एवं उनके परिवारों का विश्वास डगमगा दिया है। संगठन का मानना है कि इन घटनाओं के लिए जवाबदेही तय होना आवश्यक है। AILU ने मांग की कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए अपने पद से इस्तीफा दें। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो सरकार को जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जयदेवी में तैनात डॉक्टर भारती ने जीता जनता का भरोसा

लोगों को अब दूरदराज के अस्पतालों का नहीं करना पड़ता है रुख

अनंत ज्ञान

राजेंद्र राजन, जयदेवी। स्वास्थ्य सुविधाएं यदि गांव के द्वार तक पहुंच जाएं तो लोगों का जीवन अधिक सुरक्षित और स्वस्थ बनता है। विकास खंड धनोटू की ग्राम पंचायत जयदेवी स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इसी सोच को साकार कर रहा है। उपचार से आगे बढ़कर यह स्वास्थ्य केंद्र लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, समय पर जांच, परामर्श और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन गया है। क्षेत्र के लोगों को अब अनेक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूरदराज के अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ता, जिससे समय और धन दोनों की बचत हो रही है। स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारती के नेतृत्व में यहां मरीजों को नियमित उपचार के साथ योग शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, निशुल्क दवा वितरण और परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। क्षय रोग से पीड़ित मरीजों के लिए विशेष

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

परामर्श शिविर आयोजित किए जाते हैं, जहां उन्हें उपचार के साथ बीमारी से बचाव और पोषण संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी जाती है।

गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच, आवश्यकतानुसार घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण और उनकी निरंतर निगरानी भी केंद्र की प्राथमिकताओं में शामिल है। ई-संजीवनी सेवा के माध्यम से लोगों को दूरभाष पर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे विशेषज्ञ सलाह तक उनकी पहुंच और आसान हुई है। इन दिनों स्वास्थ्य केंद्र में एचपीवी टीकाकरण अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से बालिकाओं को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के प्रति जागरूक करने के साथ टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं, क्रस्ना लैब के कलेक्शन सेंटर की स्थापना से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिली है। पहले सामान्य जांच के लिए सुंदरनगर जाना पड़ता था, जबकि अब कई आवश्यक जांचें स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हैं। डॉ. भारती ने कहा कि बरसात के मौसम में पीलिया, टाइफाइड और अन्य जलजनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में लोगों को स्वच्छ पेयजल का उपयोग करने, पानी उबालकर पीने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा संतुलित एवं हल्का भोजन करने की आदत अपनानी चाहिए। उन्होंने क्षेत्रवासियों से स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सभी सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि समय पर जांच और जागरूकता ही बेहतर स्वास्थ्य की सबसे मजबूत आधारशिला है।

सुंदरनगर के व्यक्ति से 7 .79 लाख की ठगी

पुराने सिक्कों के बदले 2.55 करोड़ रुपए के लालच में ठगों के जाल में फंसा

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। इंटरनेट पर पुराने सिक्कों को करोड़ों रुपये में खरीदने का झांसा देकर साइबर ठगों ने सुंदरनगर के एक व्यक्ति को 7,79,250 रुपए की ठगी का शिकार बना दिया है। आरोपियों ने दुर्लभ पुराने सिक्कों की कीमत करीब ₹2.55 करोड़ बताकर पहले भरोसा जीता और फिर फाइल चार्ज, टैक्स, ई-मेल वेरिफिकेशन, प्रोसेसिंग फीस तथा डिलीवरी शुल्क जैसे अलग-अलग बहाने बनाकर किश्तों में लाखों रुपए अपने खातों में जमा करवा लिए। मामले में Cyber Crime Police Station, Mandi की जीरो एफआईआर के आधार पर पुलिस थाना सुंदरनगर में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव बारल डाकघर तलेली तहसील सुंदरनगर निवासी प्रकाश चंद ने शिकायत में बताया कि बीते 14 जुलाई को उसने इंटरनेट पर पुराने सिक्कों की खरीद-फरोख्त से संबंधित एक वीडियो देखा। वीडियो के बाद उसने दिए गए

◆ **सुंदरनगर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। सामने वाले व्यक्ति ने स्वयं को पुराने सिक्कों का खरीदार बताते हुए व्हाट्सएप पर सिक्कों के फोटो और आधार कार्ड की प्रति मंगवाई। इसके बाद आरोपियों ने कहा कि उसके सिक्कों की कीमत ₹2,55,80,900 है और पूरी राशि शीघ्र उसके खाते में भेज दी जाएगी।

शिकायतकर्ता के अनुसार इसके बाद ठगों ने भुगतान प्रक्रिया पूरी कराने के नाम पर अलग-अलग कारण बताते हुए बार-बार धनराशि जमा करवाई। कभी फाइल चार्ज, कभी टैक्स, कभी ई-मेल वेरिफिकेशन, तो कभी प्रोसेसिंग और डिलीवरी शुल्क के नाम पर रकम मांगी जाती रही। हर बार यह भरोसा दिया गया कि यह अंतिम भुगतान है और इसके तुरंत बाद करोड़ों रुपये उसके खाते में स्थानांतरित कर दिए जाएंगे। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने स्वयं तथा अपने रिश्तेदारों और मित्र की सहायता से विभिन्न तिथियों में कुल 7,79,250 आरोपियों को भेज दिए। इस दौरान अलग-अलग मोबाइल नंबरों से लगातार कॉल आती रहीं। एक व्यक्ति ने स्वयं को एमडी जगर्नाथ का बेटा बताते हुए दावा किया कि पहले भेजी गई राशि दूसरे राज्य से भेजे जाने के कारण भुगतान अस्वीकृत हो गया है। इसके बाद उससे ₹17 लाख जमा करने की मांग की गई और ₹6.30 लाख की कथित छूट देकर ₹10.70 लाख तुरंत जमा करने का दबाव बनाया गया।

लगातार नई-नई रकम मांगने और बहाने बनाए जाने पर शिकायतकर्ता को धोखाधड़ी का संदेह हुआ। इसके बाद उसने साइबर अपराध पुलिस स्टेशन, मंडी में शिकायत दर्ज करवाई। जीरो एफआईआर के आधार पर मामला पुलिस थाना सुंदरनगर को भेजा गया, जहां आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस मोबाइल नंबरों, बैंक खातों और डिजिटल लेनदेन के आधार पर आरोपियों की पहचान कर मामले की गहन जांच कर रही है।

संधोल में लगातार 28वें दिन भी जारी रहा आंदोलन

क्रमिक अनशन के बाद भी आंदोलनकारियों की मांगों को पूरा नहीं कर रही सरकार

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर युवाशक्ति एवं मातृशक्ति का जनआंदोलन शनिवार को 28वें दिन भी लगातार जारी रहा। आंदोलन के 28वें दिन पम्मी देवी, मनसा देवी, सरोज, सरला देवी, डिंपल, नीलम, वीना राणा, वीना जम्वाल, तलीन और अरुण क्रमिक अनशन पर बैठे।

युवाशक्ति के प्रतिनिधियों ने कहा कि रविवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टिहरा दौरे पर आ रहे हैं, लेकिन वे संधोल में धरना स्थल पर बैठे आंदोलनकारियों से मिलने नहीं आ रहे। उन्होंने कहा कि यदि स्वास्थ्य मंत्री स्वयं धरना स्थल पर

आकर लोगों की समस्याएं सुनें, तो इससे क्षेत्र की जनता में सकारात्मक संदेश जाएगा।

युवाओं ने यह भी चिंता जताई कि विशेषज्ञ चिकित्सकों के नियुक्ति आदेश जारी हुए लगभग एक सप्ताह बीत चुका है, लेकिन अभी भी कुछ चिकित्सकों ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। उनका कहना है कि इससे अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ होने की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। आंदोलनकारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) मंडी से आग्रह किया कि वे संबंधित चिकित्सकों से तत्काल संपर्क कर उन्हें शीघ्र नागरिक अस्पताल संधोल में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दें, ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। युवाशक्ति ने दोहराया कि जब तक मेडिसिन विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट सहित शेष आवश्यक चिकित्सक कार्यभार ग्रहण नहीं कर लेते, तब तक उनका क्रमिक अनशन और शांतिपूर्ण जनआंदोलन पूर्ववत जारी रहेगा।

फसल बीमा पोर्टल 4 दिन से ठप किसानों-बागवानों की मुश्किलें बढ़ीं

अनंत ज्ञान, मंडी। मौसम के बदलते मिजाज और प्राकृतिक आपदाओं के खतरे के बीच किसानों और बागवानों की चिंता बढ़ गई है। कृषि विभाग ने खरीफ फसलों की बीमा प्रक्रिया 15 जुलाई से शुरू की थी लेकिन प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की वेबसाइट पिछले चार दिनों से ठप होने के कारण हजारों किसान अपनी फसलों का बीमा नहीं करवा पा रहे हैं। वेबसाइट बंद होने से किसान लोकमित्र केंद्रों और बैंकों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन आवेदन जमा नहीं हो पा रहे। किसानों का कहना है कि तकनीकी खराबी के कारण यदि फसल का नुकसान हो गया तो वे बीमा के लाभ से भी वंचित रह जाएंगे। बल्ह घाटी के किसान राज कुमार, पवन कुमार, सुरेश कुमार, जितेंद्र, हेमराज, चमन लाल और किशन चंद ने मांग की है कि वेबसाइट की तकनीकी खराबी जल्द दूर की जाए, ताकि कोई भी किसान आर्थिक सुरक्षा से वंचित न रहे। मक्की और धान की फसल के लिए 60,000 रुपये प्रति हेक्टेयर बीमित राशि तय की गई है। किसानों को केवल 2 प्रतिशत प्रीमियम यानी 1,200 रुपये प्रति हेक्टेयर या 98 रुपये प्रति बीघा देना होता है, जबकि शेष राशि सरकार सब्सिडी के रूप में वहन करती है।

नाचन से नवभारत जनविकास फाउंडेशन ने की राशन वितरण सेवा की शुरुआत

अनंत ज्ञान

मंडी। ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध राशन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नवभारत जनविकास फाउंडेशन ने नाचन विधानसभा क्षेत्र के धनोटू स्थित मुख्य कार्यालय से अपनी राशन वितरण सेवा का शुभारंभ किया जा रहा है। इस अवसर पर धनोटू मुख्य वितरण केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। फाउंडेशन द्वारा प्रारंभिक चरण में 13 वितरण केंद्रों के माध्यम से नाचन के दूरदराज के गांवों तक राशन पहुंचाया जाएगा। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लखपति लाल ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य ऐसे क्षेत्रों तक आवश्यक खाद्य सामग्री पहुंचाना है, जहां समय पर राशन उपलब्ध नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन केवल राशन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी

कार्य कर रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने बताया कि वितरण केंद्रों के माध्यम से लोगों को स्वच्छ, गुणवत्तापूर्ण एवं उचित मूल्य पर राशन उपलब्ध कराया जाएगा। फाउंडेशन ने वर्ष 2026 के दौरान नाचन विधानसभा क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में 60 से अधिक वितरण केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। फाउंडेशन का कहना है कि आने वाले समय में यह अभियान पूरे प्रदेश में विस्तार पाकर गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों तक गुणवत्तापूर्ण राशन और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

वीर शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

कारगिल विजय दिवस पर द्रंग कॉलेज में गूंजा राष्ट्रभक्ति का स्वर

अनंत ज्ञान

कविता, पधर। राजकीय महाविद्यालय द्रंग (नारला) में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के तत्वावधान में शनिवार को कारगिल विजय दिवस श्रद्धा, गौरव एवं राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. निशा वैद्य रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सैनिक सुखदेव तथा युधि चन्द उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण, गैर-शिक्षण कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य कारगिल युद्ध के अमर वीरों के अदम्य साहस, शौर्य एवं सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की भावना का विकास करना था। इस अवसर पर एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट हुकम चन्द ने प्रेरणादायी संबोधन में कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों की वीरता, साहस और बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को देशभक्ति और अनुशासन के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों के जीवन, संघर्ष, वीरता और बलिदान पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए तथा आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष के हर्षित ने प्रथम तथा प्रथम वर्ष की अंजलि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कविता पाठ प्रतियोगिता में तृतीय वर्ष की जन्नत प्रथम और प्रियंका द्वितीय स्थान पर रहीं।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। प्रथम वर्ष की छात्राओं ने 'तेरी मिट्टी', प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने 'संदेशे आते हैं' तथा द्वितीय वर्ष के एनसीसी कैडेट्स ने 'ओ देश मेरे' गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर कारगिल के अमर शहीदों को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में प्राचार्या प्रो. निशा वैद्य ने कारगिल विजय दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से नशामुक्त जीवन अपनाने, मोबाइल फोन का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा एक जिम्मेदार विद्यार्थी एवं नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने देश की रक्षा में सैनिकों के साथ-साथ उनके परिवारों के त्याग, धैर्य और समर्पण को भी नमन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान 'जन गण मन' के सामूहिक गायन के साथ हुआ।

कार्यक्रम सरकाघाट कॉलेज में न्यू स्टूडेंट्स के लिए इंडक्शन-कम-ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

शिक्षा के साथ खेलकूद भी जीवन का हिस्सा: डॉ. कौंडल

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। रवींद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन-कम-ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, कार्यप्रणाली, अनुशासन, उपलब्ध सुविधाओं एवं विभिन्न अवसरों से परिचित करवाकर उनके कॉलेज जीवन को सहज, सकारात्मक एवं उद्देश्यपूर्ण बनाना रहा। कार्यक्रम में बी.ए., बी.बी.ए., बी.वॉक., बी.सी.ए. एवं

पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल रहे। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का महाविद्यालय परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि कॉलेज जीवन विद्यार्थियों के ज्ञान, व्यक्तित्व एवं भविष्य निर्माण का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं समय के सदुपयोग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, पाठ्यक्रम एवं शैक्षणिक व्यवस्था, परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रणाली, छात्रवृत्ति योजनाओं तथा महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं एवं अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों को एनएसएस, एनसीसी, रोवर्स एवं रेंजर्स, महिला प्रकोष्ठ एवं आंतरिक शिकायत समिति, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों, विभिन्न क्लबों तथा नशा विरोधी प्रकोष्ठ की गतिविधियों से भी अवगत करवाया गया।

विद्यार्थियों को इन गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के माध्यम से अपनी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता एवं व्यक्तित्व को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर आईक्यूएसी की संयोजक प्रो. रेखा कुमारी, बी.ए., बी.बी.ए., बी.वॉक., बी.सी.ए. एवं पीजीडीसीए से संबंधित संकायों के शिक्षक तथा नवप्रवेशी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

' **अकर्मण्य** मनुष्य श्रेष्ठ होते हुए भी पापी है।
-ऐतरेय ब्राह्मण

संपादकीय

मानसून आपदा का पर्याय

हिमाचल प्रदेश में जब भी मानसून दस्तक देता है, अपने साथ राहत से अधिक तबाही लेकर आता है। इस वर्ष भी मानसून के प्रवेश करते ही कुल्लू, किन्नौर और अन्य पर्वतीय क्षेत्रों में बादल फटने की घटनाओं ने एक बार फिर पूरे प्रदेश को दहला दिया। बादल फटना ऐसी प्राकृतिक आपदा है, जिसका पूर्वानुमान लगाना अत्यंत कठिन होता है। कुछ ही मिनटों में एक सीमित क्षेत्र में टनों के हिसाब से पानी बरसता है और देखते ही देखते घर, सड़कें, पुल, खेत तथा लोगों की वर्षों की मेहनत पानी में बह जाती है। कई बार यह आपदा सैकड़ों परिवारों की खुशियां छीन लेती है और अनेक लोगों की जान भी चली जाती है।

पिछले छह वर्षों का रिकॉर्ड बताता है कि हिमाचल में मानसून अब सिर्फ आपदाओं का पर्याय बन गया है। हर वर्ष हजारों परिवार मानसूनी कहर का सामना करते हैं। अत्यधिक वर्षा, बादल फटना, भूस्खलन और अचानक आने वाली बाढ़ प्रदेश के लिए एक स्थायी चुनौती बन चुके हैं। इन आपदाओं के कारण केवल जान-माल का नुकसान ही नहीं होता, बल्कि हजारों करोड़ रुपए की सार्वजनिक और निजी संपत्ति भी नष्ट हो जाती है। पहाड़ों पर अत्यधिक वर्षा के कारण जगह-जगह भूस्खलन होते हैं, जिससे सड़कें बंद हो जाती हैं, पुल बह जाते हैं और कई क्षेत्र दिनों तक देश-दुनिया से कट जाते हैं। बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं ठप हो जाती हैं तथा अनेक गांवों में लोगों के सामने भोजन और दवाइयों का भी संकट खड़ा हो जाता है।

राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के आंकड़े स्थिति की गंभीरता को स्पष्ट करते हैं। पिछले पांच वर्षों में मानसून में 2108 लोगों की जान जा चुकी है और हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं। वर्ष 2018 से 2022 के बीच ही मानसून अवधि में 1553 लोगों की मृत्यु दर्ज की गई। वर्ष 2019 में 218, वर्ष 2020 में 240, वर्ष 2021 में सर्वाधिक 476 तथा वर्ष 2022 में 276 लोगों की जान गई। इसके बाद वर्ष 2023 ने तबाही के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। लगातार भारी वर्षा, बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ की घटनाओं में 428 लोगों की मौत हुई। हजारों मकान जमींदोज हो गए, सड़कें अवरुद्ध हो गईं, पुल बह गए और सार्वजनिक ढांचा पूरी तरह तहस-नहस हो गया। उस वर्ष आर्थिक नुकसान 5000 करोड़ रुपए से अधिक आंका गया। वर्ष 2025 भी कम भयावह नहीं रहा।

हिमाचल सरकार की आपदा आकलन रिपोर्ट के अनुसार, मानसूनी आपदाओं में 468 लोगों की मृत्यु हुई। यह स्पष्ट संकेत है कि हिमाचल में मानसून से होने वाली तबाही का दायरा लगातार बढ़ रहा है। सबसे अधिक प्रभावित जिले मंडी, चंबा, कांगड़ा, शिमला, कुल्लू और किन्नौर हैं। इन क्षेत्रों में बार-बार बादल फटने, भूस्खलन और अचानक आने वाली बाढ़ की घटनाएं सामने आती हैं। पर्वतीय भूभाग की संवेदनशीलता के कारण यहां प्राकृतिक आपदाओं का असर मैदानी क्षेत्रों की तुलना में कहीं अधिक गंभीर होता है। कई गांव पूरी तरह अलग-थलग पड़ जाते हैं और राहत एवं बचाव कार्यों में भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण कम समय में अत्यधिक वर्षा की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसके साथ ही हिमालयी क्षेत्रों में अनियोजित निर्माण, पहाड़ों की अंधाधुंध कटाई, नदी-नालों के किनारे बढ़ता निर्माण, सड़कों के विस्तार में वैज्ञानिक मानकों की अनदेखी तथा संवेदनशील भूगर्भीय संरचना आपदा के जोखिम को और बढ़ा रही है। वर्ष 2023 की त्रासदी पर हुए विभिन्न अध्ययनों ने भी स्पष्ट किया है कि अत्यधिक वर्षा और भूस्खलन की बढ़ती घटनाएं हिमालयी क्षेत्रों की बढ़ती संवेदनशीलता का गंभीर संकेत हैं। यदि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन नहीं बनाया गया तो भविष्य में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। निस्संदेह हिमाचल प्रदेश सरकार आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्यों में अपनी आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता को लगातार मजबूत कर रही है। राष्ट्रीय और राज्य आपदा मोचन बल, पुलिस, सेना तथा स्थानीय प्रशासन कठिन परिस्थितियों में सराहनीय कार्य करते हैं।

इसके बावजूद केवल आपदा आने के बाद राहत कार्य करना पर्याप्त नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि आपदा आने से पहले व्यापक तैयारी की जाए। संवेदनशील क्षेत्रों की वैज्ञानिक पहचान, समय रहते लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था, आधुनिक चेतावनी प्रणाली, नदी-नालों की नियमित निगरानी, सुरक्षित निर्माण नीति और पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों को बदला नहीं जा सकता, लेकिन आपदाओं से होने वाले नुकसान को अवश्य कम किया जा सकता है। इसके लिए सरकार, वैज्ञानिक संस्थानों, प्रशासन और आम नागरिकों को मिलकर दीर्घकालिक रणनीति अपनानी होगी। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो हर वर्ष मानसून विनाश की नई कहानी लिखता रहेगा।

आज की प्रमुख हस्ती

सामाजिक न्याय के अग्रदूत

छत्रपति साहू महाराज का जन्म 26 जुलाई 1874 को हुआ था। उनका बचपन का नाम यशवंतराव था। वे कोल्हापुर रियासत के शासक बने और 2 अप्रैल 1894 को शासन की बागडोर संभाली। राजा होते हुए भी उन्होंने समाज के दलित, पिछड़े और वंचित वर्गों के उत्थान को अपना सर्वोच्च उद्देश्य बनाया। वे महात्मा ज्योतिबा फुले के विचारों से प्रभावित थे और लंबे समय तक सत्यशोधक समाज के संरक्षक रहे।

छत्रपति साहू महाराज
जन्म : 26 जुलाई, 1874
मृत्यु : 2 अप्रैल, 1894

साहू महाराज ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम माना। उन्होंने दलित एवं पिछड़े वर्गों के लिए विद्यालय और छात्रावास स्थापित किए, गरीब विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा तथा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। बाद में, जब इन वर्गों की शिक्षा में पर्याप्त प्रगति हुई, तो अलग विद्यालयों और छात्रावासों को समाप्त कर उन्हें सामान्य विद्यार्थियों के साथ पढ़ने की व्यवस्था की, जिससे सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिला।

सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध भी उनका संघर्ष उल्लेखनीय रहा। उन्होंने बाल विवाह का विरोध किया, विधवा पुनर्विवाह और अंतरजातीय विवाह का समर्थन किया तथा छुआछूत को अस्वीकार्य बताया।

वर्ष 1902 में उन्होंने कोल्हापुर राज्य की सरकारी नौकरियों में पिछड़ी जातियों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किया, जो भारतीय इतिहास में सामाजिक न्याय की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम था। उन्होंने नगरपालिका चुनावों में भी दलितों के लिए सीटें आरक्षित कराईं। 10 मई 1922 को उनका निधन हुआ, लेकिन सामाजिक समानता, शिक्षा और न्याय के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी प्रेरणास्रोत हैं।

कविता

ओ मांझी रे मांझी

वीरेन्द्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना, हिमाचल प्रदेश

आज समुद्र में आया तूफान, लोग हो गए बेहद परेशान
पूर्णिमा की स्मृतियों को भूल, हौसला ले आ गया मांझी
ऊंची उठती लहरों को थामने, पर यह क्या हो रहा है
मन में समुद्र में एक साथ, उठ रहा अद्भुत तूफान
ऊंची ऊंची भयावह लहरें, ओ मांझी रे मांझी
हो जाओ तुम तैयार, खामोश क्यों हो ?
बोलो तो कुछ, समय को थाम, संध्याकाल समय
लहरों को रोक, बनो तुम धैर्यवान
ओ मांझी रे मांझी, तुम बलहीन नहीं
आज फिर तूफान, हृदय में समुद्र में
घमासान हो रहा, नहीं मिलेगा सुअवसर
ओ मांझी रे मांझी, टकरा जाओ लहरों से
समुद्र की तेरी गहराई, लहरों से ऊंची ऊंचाई
थकान यह कैसी, उड़ान ऐसी भरो
सांस न उखड़े रोक दो इस उठती हिलोर को
ओ मांझी रे मांझी

गिरता भारतीय लोकतंत्र और आम जनता

विगत बारह सालों में लोकतांत्रिक प्रणाली में जो गिरावट देखने को मिल रही है यह शायद अपने आप में एक इतिहास बन रहा है। और राजनीति के छात्रों के लिए भविष्य में शोध करने के लिए नया विषय भी होगा कि भारत में एक ऐसी पार्टी जो दिल्ली की सत्ता में थी, परंतु कई प्रदेशों में उसके एक-दो विधायक ही थे बावजूद इसके केंद्र में बैठी सरकार ने प्रदेश में सरकारें बना ली। पंजाब जैसे सूबे में बिना विधायक सात सांसद भी बना लिए। यह कैसे बने, जनता तो जानती ही होगी।

डॉ. अशोक कुमार चौबे
रि. प्रोफेसर, कृषि प्रसार शिक्षा

लोकतंत्र बिक रहा है। दुनिया देख रही है, पर विश्व मंच पर बस एक पुरस्कारों की ऐसी लड़ी चल रही है, जिसे पहनकर हम कहने लगे हम विश्व गुरु बन गए हैं, बस शब्दों में। भारत में लोकतंत्र जब बहुत प्रिय शासन प्रणाली है यह राम राज्य के मूल मंत्र से लिया गया पंच ही महान है के आधार पर बना है। लोकतंत्र में सत्ता का अंतिम स्रोत जनता होती है, परंतु आज जनता न मशीन और चुनाव आयोग हो लोकतंत्र का अंतिम स्रोत बन गया है। वर्तमान सरकार अभी अनेक उपलब्धियों और चुनौतियों के बीच में खड़ा हैं। जहां सरकार जवाबदेही से बच रही है मौन बन गई है। सरकार तमाम तरह के नए सवालों के घेरे में यह स्थिति 2019 में नहीं थी।

आज जनता के साथ छात्रों का समूह भी चिंतित दिख कर रहा है तो बुद्धजीवी समाज में भी आक्रोश है। विदेश नीति पर सब लोग सवाल उठा रहे हैं जो सरकार के पास बहुत से माध्यमों से पहुंच रहा है। बस एक सरकारी मीडिया वह प्रिंट हो या इलेक्ट्रॉनिक हो सब सवालों को छिपा रहे हैं, परंतु सोशल मीडिया तो पहुंचा रहा है फिर भी सवाल का जवाब जनता को देश को नहीं मिल रहा है। यदि मिल रहा है तो बस देश के प्रधानमंत्री को किस देश ने पुरस्कार दिया, सम्मान दिया यह भी जरूरी है कि देश के प्रधानमंत्री का हर देश स्वागत सम्मान कर रहा है। भले ही हम कूटनीतिक रूप से अमेरिका से नहीं लड़ पा रहे हैं। वह भारत को गाहे-बगाहे असमय ही धमकी देता रहता है, टैरिफ लगाता रहता है। जिस तरह से आज अमेरिका धनबल बाहुबल से ईरान पर आक्रमण कर रहा, वेनेजुएला के राष्ट्रपति को बंधक बनाया है वैसा ही अब भारतीय लोकतंत्र में होता दिख रहा है।

विपक्ष की पार्टी के सांसद धनबल शासन बल पर अपनी पार्टी तोड़कर सत्ता के चरण में आ रहे हैं। यह दर्शाता है कि धनबल ही लोकतंत्र है। हमारे देश में कोई पढ़ा-लिखा प्रोफेसर कभी पंचायत में वार्ड पंच नहीं बन पाता है, परंतु धनबल बाहुबल पर लोग विधायक सांसद बन जा रहे हैं।

आखिर यह प्रेरणा किस लोकतंत्र से मिली। निश्चित ही सरकार ने लोकतंत्र में चुने लोगों को डराकर बिकाऊ बनाया है, जो बिक रहे हैं। आज जनता के मत का कोई मूल्य नहीं रह गया है।

भारत के गिरते लोकतंत्र में जातिवाद क्षेत्रवाद धर्मवाद की बढ़ती भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। जाति और धर्म के नाम पर पार्टियां देश में विचरण करती हैं, चुनाव लड़ रही हैं। जीतकर नेता मंत्री बन जाते हैं, परंतु जाति जहां है जिस स्तर पर है वहां से आगे नहीं बढ़ी। उनकी भागीदारी किसी क्षेत्र में बढ़ी नहीं। बस जाति के वोट चुनाव के समय देखे जा सकते हैं जो एक साथ एक जगह पड़ जाता है फिर वही जाति जाति संघर्ष में जीती है। उसके नेता पूछते नहीं हैं। यह गिरावट लोकतंत्र को कमजोर और खोखला करने लगी है। जाति के नेता दीमक की तरह जाति को खाने में लगे हैं। और हर गांव में जाति संघर्ष का रास्ता बनाकर आगे बढ़ रहे हैं। भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करने के कई कारक जिम्मेदार हैं। हाल के वर्षों में जाति और धर्म की राजनीति बढ़ी है। कई स्थानों पर जातीय हिंसा हुई, जबकि नेता भी जाति-धर्म के आधार पर राजनीति कर रहे हैं। चुनाव आयोग और न्यायालय की चुप्पी से लोकतंत्र का स्तर और गिरा है।

भ्रष्टाचार भी लोकतंत्र को कमजोर करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। सरकारी कार्यालयों से लेकर सांसद-विधायक निधि तक भ्रष्टाचार फैला है। विकास कार्यों में कमीशन और धन की वापसी जैसी शिकायतें आम हैं। राजनीति में धनबल, बाहुबल और अपराधियों का प्रभाव बढ़ने से पंचायत से संसद तक विकास प्रभावित हो रहा है।

राजनीतिक दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव भी लोकतंत्र के लिए खतरा है। अधिकांश दलों में पदों के लिए चुनाव नहीं होते। विरोध की आवाज दबाने की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। मीडिया का एक वर्ग भी निष्पक्ष भूमिका निभाने में असफल रहा है, जिससे जनता का विश्वास कम हुआ है। न्यायपालिका, चुनाव आयोग, जांच एजेंसियों और अन्य संस्थाओं की निष्पक्षता पर भी सवाल उठ रहे हैं। बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता ने लोकतंत्र को और कमजोर किया है।

सबसे बड़ी जिम्मेदारी आम जनता की भी है, जो जाति और धर्म में बंटकर लोकतंत्र में अपनी सक्रिय भागीदारी कम कर रही है। सरकार की गलत नीतियों पर सवाल उठाने और हर स्तर पर गलत का विरोध करने के बजाय लोग पक्ष-विपक्ष में बंट गए हैं। लोकतंत्र को बचाने के लिए सरकार, विपक्ष और जनता के बीच संवाद आवश्यक है। विरोध को सम्मान मिले, सभी संवैधानिक संस्थाएं स्वतंत्र रूप से कार्य करें और जनता के अधिकारों की रक्षा हो। तभी भारतीय लोकतंत्र मजबूत होगा और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की गरिमा बनी रहेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

कारगिल के रणबांकुरों को नमन, राष्ट्रीय सुरक्षा की नई चुनौतियां

कारगिल युद्ध भारत के सैन्य इतिहास का वह स्वर्णिम अध्याय है, जिसने देशवासियों को वीरता, त्याग और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय संदेश दिया। वर्ष 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच लगभग 60 दिनों तक चले कारगिल युद्ध में भारतीय सेना ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मन को परास्त किया। इस विजय की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। इस दिन मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है और उनके शौर्य को नमन किया जाता है। कारगिल युद्ध ने भारत को यह सीख दी कि सीमाओं की सुरक्षा किसी भी राष्ट्र की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर (कांगड़ा)

इसके बाद देश ने अपनी थल, जल और वायु सीमाओं की सुरक्षा को और अधिक मजबूत किया। आधुनिक हथियारों, निगरानी प्रणालियों और बेहतर सैन्य ढांचे के कारण आज भारतीय सेनाएं पहले की तुलना में कहीं अधिक सक्षम हैं। यही कारण है कि विश्व में भारत की सैन्य शक्ति और रणनीतिक क्षमता का सम्मान बढ़ा है।

भारत ने पिछले वर्षों में अपनी विदेश नीति को भी मजबूत किया है। विभिन्न देशों के साथ मित्रतापूर्ण संबंधों और व्यापारिक साझेदारी ने भारत की वैश्विक स्थिति को सुदृढ़ किया है। मजबूत कूटनीति और रक्षा क्षमता किसी भी राष्ट्र की सुरक्षा के दो महत्वपूर्ण स्तंभ होते हैं। भारतीय जनता को अपने सैनिकों पर अटूट विश्वास है, क्योंकि जब पूरा देश चैन की नींद सोता है, तब सैनिक कठिन परिस्थितियों में सीमाओं की रक्षा कर रहे होते हैं। भारत की सीमाएं पाकिस्तान, चीन, बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार सहित कई देशों से लगती हैं। इन सीमाओं की सुरक्षा भौगोलिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण है। पाकिस्तान के साथ नियंत्रण रेखा पर लंबे समय से तनाव की स्थिति बनी रही है, वहीं चीन के साथ भी

सीमा विवाद समय-समय पर सामने आते रहे हैं। ऐसे में सीमाओं की निगरानी, आधुनिक तकनीक का उपयोग और सुरक्षा बलों की सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। साथ ही सीमापार से होने वाली घुसपैठ, आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी चुनौतियों पर भी कठोर कार्रवाई की आवश्यकता है।

दक्षिण एशिया के देशों के बीच सहयोग और विश्वास बढ़ना पूरे क्षेत्र के हित में है। भारत ने समय-समय पर नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसे पड़ोसी देशों की विभिन्न क्षेत्रों में सहायता की है। यदि क्षेत्रीय सहयोग मजबूत हो तो आतंकवाद, बेरोजगारी, महंगाई व अन्य साझा समस्याओं से बेहतर ढंग से निपटा जा सकता है।

जम्मू-कश्मीर लंबे समय से आतंकवाद की चुनौती का सामना करता रहा है। सुरक्षा बल लगातार आतंकवादी गतिविधियों के विरुद्ध अभियान चला रहे हैं और अनेक आतंकियों को निष्,य भी किया गया है। समय-समय पर आतंकवादी हमलों में सैनिकों और नागरिकों को निशाना बनाया गया है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की आवश्यकता महसूस होती है। आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ खुफिया तंत्र, स्थानीय सहयोग और कानून के प्रभावी क्रियान्वयन की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

भारत का उद्देश्य केवल अपनी सीमाओं की रक्षा करना ही नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर सहित सभी क्षेत्रों में शांति, विकास, पर्यटन, शिक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना भी है। विकास और सुरक्षा एक-दूसरे के पूरक हैं। जब नागरिकों को बेहतर अवसर मिलते हैं और कानून-व्यवस्था मजबूत होती है, तब हिंसा और अस्थिरता के लिए स्थान कम होता है। कारगिल विजय दिवस हमें यह याद दिलाता है कि देश की आजादी और अखंडता लाखों सैनिकों के त्याग और बलिदान से सुरक्षित है। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और देशहित को सर्वोपरि रखें। भारतीय सेनाओं का शौर्य और देशवासियों का विश्वास ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है। वीर शहीदों को शत-शत नमन।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

युवा आक्रोश और लोकतंत्र की मर्यादा: अधिकारों की आवाज से जिम्मेदार बदलाव तक

भारत विश्व का सबसे युवा देश कहलाता है। यह केवल एक सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि हमारे भविष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। जब यही युवा अपने भविष्य, शिक्षा और रोजगार को लेकर सड़कों पर उतरने को मजबूर हो जाएं, तो यह केवल एक प्रदर्शन नहीं रहता, बल्कि पूरे समाज और शासन व्यवस्था के लिए आत्म मंथन का विषय बन जाता है। दिल्ली के जंतर मंतर पर हजारों छात्र, और विभिन्न संगठनों के लोग अपनी मांगों को लेकर कर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

जंतर मंतर लंबे समय से लोकतांत्रिक विरोध और जन भावनाओं की अभिव्यक्ति का मुख्य केंद्र रहा है। यहां देश के विभिन्न वर्ग अपनी समस्याओं को लेकर आवाज उठाते रहे हैं। जब कोई नागरिक यह महसूस करता है कि उसकी बात सुनने वाला कोई नहीं है, तब वह लोकतांत्रिक तरीके से धरना और प्रदर्शन का सहारा लेता है इसीलिए जंतर मंतर पर हो रहा यह आंदोलन केवल एक स्थान विशेष का कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जीवंतता का भी प्रतीक है। पिछले कुछ दिनों से देश में हो रहे विरोध प्रदर्शन के दृश्य मन को विचलित कर रहे हैं। लोकतंत्र में अपनी बात रखना, सरकार से प्रश्न पूछना और नीतियों का विरोध करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। यही अधिकार भारत को एक सशक्त लोकतंत्र बनाता है, लेकिन जब किसी आंदोलन में भाषा की मर्यादा टूटने लगे, व्यक्तिगत अपमान, अभद्र नारे या कटु शब्द चर्चा का केंद्र बन जाएं, तब चिंता केवल किसी सरकार या किसी नेता की नहीं रह जाती बल्कि पूरे लोकतांत्रिक समाज की हो जाती है।

शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं है। शिक्षा मनुष्य को विवेक, अनुशासन, सहिष्णुता और सम्मान का पाठ भी पढ़ाती है। यदि शिक्षित समाज भी मतभेद व्यक्त करने के लिए अपमानजनक भाषा का सहारा ले, तो हमें

स्वयं से पूछना चाहिए कि कहीं हम शिक्षा का मूल उद्देश्य तो नहीं भूल रहे? लोकतंत्र की खूबसूरती यह है कि यहां सरकार की आलोचना की जा सकती है। किसी नीति से असहमत होना पूरी तरह स्वाभाविक है, लेकिन असहमति और असभ्यता समान नहीं हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में तर्क, तथ्य और शांतिपूर्ण संवाद सबसे प्रभावी माध्यम होते हैं। कटु भाषा से क्षणिक ध्यान तो आकर्षित किया जा सकता है लेकिन सम्मान नहीं जीता जा सकता। हाल के दिनों में शिक्षा व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, पारदर्शिता की कमी और भविष्य को लेकर बढ़ती चिंता ने लाखों युवाओं को आंदोलित किया है। वर्षों की कठिन मेहनत, आर्थिक संघर्ष और मानसिक दबाव के बाद यदि किसी परीक्षा की निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह लग जाए, तो स्वाभाविक है कि युवाओं का विश्वास डगमगाने लगता है। एक परीक्षा केवल अंक नहीं देती, बल्कि किसी छात्र के सपनों, उसके परिवार की उम्मीद और वर्षों की मेहनत का परिणाम होती है। लोकतंत्र में किसी मंत्री के इस्तीफे की मांग उठना असामान्य नहीं है, लेकिन केवल एक इस्तीफे से व्यवस्था की सभी कमियां दूर नहीं हो सकतीं। स्थायी सुधार के लिए परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीकी रूप से सुरक्षित बनाना आवश्यक है। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, डिजिटल निगरानी, परीक्षा केंद्रों की सख्त मॉनिटरिंग तथा जांच प्रक्रिया की नियमित जानकारी छात्रों और अभिभावकों तक पहुंचाई जानी चाहिए।

सरकार, विपक्ष, न्यायपालिका और समाज सभी का दायित्व है कि इस मुद्दे को राजनीतिक विवाद से ऊपर उठकर छात्रों के भविष्य के दृष्टिकोण से देखें। युवाओं को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का पूरा अधिकार है, लेकिन विरोध शांतिपूर्ण, संवैधानिक और मर्यादित होना चाहिए। हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान और घृणा फैलाने वाली भाषा किसी भी आंदोलन की नैतिक शक्ति को कमजोर करती है। एक मजबूत लोकतंत्र वही है जो असहमति का सम्मान करते हुए कानून के शासन, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द की रक्षा करे। राष्ट्र निर्माण संयमित भाषा, जिम्मेदार नागरिकता और सकारात्मक संवाद से ही संभव है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

कारगिल विजय दिवस : भारतीय सेना के अदम्य साहस एवं पराक्रम की महागाथा

26 जुलाई का दिन प्रत्येक वर्ष पूरे भारतवर्ष में कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन भारतीय सेना के अद्भुत साहस, पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करने का अवसर है। वर्ष 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्ध हुआ था, जिसमें पाकिस्तानी सेना और घुसपैठिए आतंकवादियों ने नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय क्षेत्र की महत्वपूर्ण चोटियों पर कब्जा कर लिया था। लगभग 60 दिनों तक चले इस युद्ध में भारतीय सेना ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मन को परास्त किया और देश की संप्रभुता की रक्षा की।

आचार्य दीप चंद भारद्वाज
स्वतंत्र लेखक

पाकिस्तानी सेना के साथ बड़ी संख्या में घुसपैठियों ने कारगिल-लद्दाख क्षेत्र की सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पहाड़ियों पर अपना कब्जा जमा लिया था। भारतीय सेना ने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में ऑपरेशन विजय चलाकर इन घुसपैठियों को भारतीय क्षेत्र से बाहर खदेड़ा। लगभग तीन महीने तक चले इस अभियान के बाद 26 जुलाई 1999 को भारत ने ऑपरेशन विजय की सफलता की घोषणा की। इस दिन भारतीय रणबांकुरों ने कारगिल की ऊंची चोटियों पर विजय का परचम लहराकर पूरे विश्व को अपने शौर्य और सैन्य क्षमता का परिचय दिया।

इस युद्ध में 500 से अधिक वीर सैनिकों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जबकि बड़ी संख्या में सैनिक घायल हुए। भारतीय वायुसेना ने भी ऑपरेशन सफेद सागर के तहत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अत्यंत ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अपने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन करते हुए सेना को आवश्यक सहायता प्रदान की।

कारगिल युद्ध भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और दृढ़ नेतृत्व का उदाहरण है। अपने प्राणों की आहुति देकर भारतीय सैनिकों ने देश की अखंडता, अस्मिता और स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाए रखा। अनेक वीर जवानों को उनकी अद्भुत वीरता, त्याग और पराक्रम के लिए परमवीर चक्र, महावीर चक्र और वीर चक्र जैसे सर्वोच्च सैन्य सम्मानों से

सम्मानित किया गया। कारगिल युद्ध के वीरों में कैप्टन योगेंद्र यादव का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उस समय मात्र 19 वर्ष की आयु में उन्होंने बर्फीली और दुर्गम चोटियों पर अद्भुत साहस का प्रदर्शन किया और दुश्मन के विरुद्ध असाधारण वीरता दिखाई।

इसी प्रकार कैप्टन विक्रम बत्रा ने अपनी टीम का नेतृत्व करते हुए चोटी नंबर 5140 पर तिरंगा फहराया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अपने अदम्य साहस से चोटी नंबर 4875 पर विजय प्राप्त करते हुए देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। कारगिल युद्ध भारतीय सेना के लिए अत्यंत चुनौतीपूर्ण था। दुश्मन सैनिक ऊंची चोटियों पर आधुनिक हथियारों के साथ बैठे थे, जबकि भारतीय जवानों को नीचे से कठिन रास्तों और विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए आगे बढ़ना था। कठोर मौसम, बर्फीले पहाड़ और सीमित संसाधनों के बावजूद भारतीय सैनिकों ने अपने अद्वितीय युद्ध कौशल, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से असंभव को संभव कर दिखाया। कारगिल विजय भारतीय सैन्य इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय है। इस युद्ध ने विश्व को भारतीय सेना के साहस और क्षमता से परिचित कराया। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी अपने प्रेरणादायक वक्तव्यों से देशवासियों में एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत किया था। यह दिवस उन महान योद्धाओं को नमन करने का दिन है जिन्होंने अपना सर्वस्व मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। यह दिन हमें याद दिलाता है कि देश की स्वतंत्रता और सुरक्षा के पीछे हमारे सैनिकों का त्याग और बलिदान सबसे बड़ी शक्ति है। भारतीय सेना की यह शौर्य गाथा हर भारतीय को सदैव गौरवान्वित करती रहेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

जुब्बल नगर पंचायत का होगा योजनाबद्ध विकास : रोहित ठाकुर

बोले-जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना जनप्रतिनिधियों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि जुब्बल नगर पंचायत का समग्र, संतुलित और योजनाबद्ध विकास सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जाएगा। जुब्बल में नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनीता चौहान एवं अन्य सदस्यों के सम्मान में आयोजित जन आभार समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए शहरी निकाय चुनावों में जनता ने विकास, पारदर्शिता और सकारात्मक राजनीति पर अपना भरोसा जताया है। उन्होंने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना अब उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों बाद नगर पंचायत जुब्बल में कांग्रेस की वापसी इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्र की जनता ने विकास कार्यों और जनहित की नीतियों को समर्थन दिया है।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत की सात में से छह सीटों पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। जन आभार समारोह के दौरान सांस्कृतिक संध्या और रात्रि भोज का भी आयोजन किया गया। प्रदेश के प्रसिद्ध लोक कलाकार कपिल शर्मा, दिवान सिवान, विनोद शर्मा तथा उमेश जलटोली ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

महिलाओं की भागीदारी से मजबूत होगा स्थानीय शासन

रोहित ठाकुर ने कहा कि इस बार के पंचायत एवं शहरी निकाय चुनावों में महिला शक्ति ने नया इतिहास रचा है। नगर पंचायत जुब्बल में अनीता चौहान के अध्यक्षा बनने के साथ तीनों जिला परिषद सीटों पर महिलाओं की जीत तथा पंचायत समितियों में महिला अध्यक्षों का चुना जाना सामाजिक बदलाव का सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं बल्कि सशक्त समाज की आधारशिला है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी निर्वाचित महिला प्रतिनिधि विकास कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते हुए क्षेत्र को नई दिशा देंगी और जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरेंगी।

ऑनलाइन फर्जी निवेश ठगी मामलों में छह आरोपी काबू

अनंत ज्ञान

शिमला। हिमाचल प्रदेश साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन फर्जी निवेश ठगी के मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच मामलों में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन मामलों की जांच के दौरान आरोपियों से कुल 14.70 लाख रुपये बरामद किए हैं। साइबर क्राइम पुलिस के अधीक्षक अभिषेक एस. ने शनिवार को ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, नॉर्दर्न रेंज धर्मशाला की तीन विशेष जांच टीमों को उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान और कर्नाटक भेजा गया था। इन टीमों ने ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी करने वाले गिरोहों की पहचान कर उनके नेटवर्क तक पहुंचने का काम किया।

पुलिस के अनुसार मई 2026 में सामने आए 32 लाख रुपये के फर्जी निवेश ठगी मामले की जांच के लिए हेड कांस्टेबल अमित कुमार और कांस्टेबल ओंकार सिंह की टीम बेंगलुरु पहुंची थी। इलेक्ट्रॉनिक सिटी पुलिस स्टेशन क्षेत्र में स्थानीय पुलिस की मदद से कार्रवाई करते हुए आरोपी बैंक खाता धारक अबू सल्या को गिरफ्तार किया गया। वह बेंगलुरु, कर्नाटक का रहने वाला है। जांच के दौरान आरोपी से सात लाख रुपये बरामद किए गए। मार्च 2024 में दर्ज आठ लाख रुपये के फर्जी

निवेश ठगी मामले में पुलिस टीम ने एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर कमलेश कुमार, हेड कांस्टेबल अमित कटोच, हेड कांस्टेबल अनीश कुमार और कांस्टेबल अनुज पराशर की टीम ने उत्तर दिल्ली निवासी आरोपी निशा को पकड़ा। पुलिस ने जांच के दौरान उससे पांच लाख रुपये बरामद किए। दिसंबर 2025 में दर्ज 50 लाख रुपये के फर्जी निवेश ठगी मामले में भी पुलिस ने कार्रवाई की। इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल अनिरुद्ध सिंह, हेड कांस्टेबल अमित कुमार, कांस्टेबल विनोद कुमार और कांस्टेबल ओंकार सिंह की टीम ने उत्तर प्रदेश पुलिस की मदद से 18 जुलाई 2026 को आगरा निवासी राजकुमारी को गिरफ्तार किया। इस मामले में जांच के दौरान आरोपी से 2.70 लाख रुपये बरामद किए गए। इसके अलावा जांच टीमों ने फर्जी निवेश से जुड़े तीन अन्य साइबर ठगी मामलों में आगरा, उत्तर प्रदेश से दो और पूर्वी दिल्ली से एक आरोपी खाता धारक को गिरफ्तार किया है।

न्यूज ब्रीफ

विधानसभा अध्यक्ष ने हादसे पर जताया शोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने चंबा के पांगी और लाहौल-स्पीति की सीमा के समीप उदयपुर-किलाड़ सड़क पर कड़ू नाले के पास हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस दर्दनाक दुर्घटना में टाटा सूमो वाहन पर पहाड़ी से भारी चट्टानें गिरने के कारण 13 लोगों की असमय मृत्यु हो गई। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह हादसा अत्यंत हृदयविदारक और पीड़ादायक है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने दिवंगतों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से शोकाकुल परिवारों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने तथा दिवंगत आत्माओं को शांति देने की प्रार्थना की। पठानिया ने शिमला से जारी बयान में प्रदेशवासियों से बरसात के मौसम में विशेष सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि अनावश्यक यात्रा से बचें और केवल अत्यावश्यक होने पर ही सफर करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बादल फटने, भूस्खलन और पहाड़ियों से मलबा व चट्टानें गिरने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपनी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे तथा प्रशासन और मौसम विभाग की ओर से जारी सलाह और चेतावनियों का पूरी गंभीरता से पालन करे।

क्योंथल कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने रोपे पौधे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। क्योंथल कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल जुन्गा में शनिवार को वन महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए स्कूल परिसर के समीप खाली भूमि पर विभिन्न प्रजातियों के 50 से अधिक पौधे रोपे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने का सामूहिक संकल्प भी लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एम.के. शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वन केवल पर्यावरण को शुद्ध करने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आपदा प्रबंधन, विशेषकर बाढ़ नियंत्रण में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि वन वन्य जीवों को प्राकृतिक आवास प्रदान करने के साथ-साथ ईंधन, लकड़ी और अनेक जीवनरक्षक जड़ी-बूटियों का स्रोत भी हैं, जिनसे महत्वपूर्ण औषधियों का निर्माण किया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में इको क्लब की समन्वयक सुनीता ठाकुर और नीलम शर्मा ने विशेष सहयोग देते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

शिमला में राज्य अनुसूचित जाति आयोग आज से 30 तक करेगा योजनाओं की समीक्षा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल 26 से 30 जुलाई तक शिमला प्रवास पर रहेगा। आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान के नेतृत्व में होने वाले इस दौरे में सदस्य दिग्विजय मल्होत्रा, डॉ. विजय डोगरा और शैलजा जम्वाल भी शामिल होंगे। प्रवास के दौरान आयोग अनुसूचित जाति समुदाय के अधिकारों की सुरक्षा, कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा करेगा। आयोग नगर निगम शिमला, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, आईजीएमसी, एआईएमएसएस, एपीजी शिमला विश्वविद्यालय और स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न संस्थानों के अधिकारियों के साथ बैठकें कर जमीनी स्तर की स्थिति का आकलन करेगा। दौरे के दौरान आयोग सफाई कर्मचारियों, गैर-सरकारी संगठनों, पंचायत एवं नगर निगम प्रतिनिधियों, जिला परिषद और बीडीसी सदस्यों, आंगनवाड़ी तथा आशा कार्यकर्ताओं के साथ भी संवाद करेगा, ताकि अनुसूचित जाति समुदाय से जुड़े मुद्दों और योजनाओं की वास्तविक स्थिति सामने आ सके। 29 जुलाई को बचत भवन में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में अनुसूचित जातियों के विरुद्ध अत्याचार निवारण अधिनियम से जुड़े मामलों, विकास योजनाओं की प्रगति और कल्याणकारी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

कांग्रेस सरकार के खिलाफ अगस्त से राज्यव्यापी जनआंदोलन : डॉ. बिंदल

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में कांग्रेस सरकार के खिलाफ व्यापक जनआंदोलन छेड़ने का ऐलान करते हुए स्पष्ट किया है कि यह अभियान सरकार को सत्ता से हटाने तक जारी रहेगा। प्रदेश भाजपा मुख्यालय दीपकमल में आयोजित विशेष बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि अगस्त से मंडल स्तर पर आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसे चरणबद्ध तरीके से विधानसभा, जिला और प्रदेश स्तर तक विस्तार दिया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर कांग्रेस सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों, वादाखिलाफी और भ्रष्टाचार के मुद्दों को जनता के बीच ले जाएंगे।

डॉ. राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने चुनावी गारंटियों के नाम पर प्रदेश की जनता को भ्रमित किया और सत्ता में आने के बाद स्कूलों, कॉलेजों, स्वास्थ्य संस्थानों, सरकारी कार्यालयों तथा अन्य सार्वजनिक संस्थानों पर ताले लगाने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बदहाल सड़कें, बढ़ते बिजली-पानी के बिल, बेरोजगारी, किसानों, बागवानों, महिलाओं और कर्मचारियों से किए गए वादों को पूरा न करना सरकार की सबसे बड़ी विफलताएं हैं। भाजपा इन सभी मुद्दों पर जनता के बीच जाकर सरकार से जवाब मांगेगी और लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष को आगे बढ़ाएगी।

विधानसभा सत्र से पहले ही जनसंपर्क अभियान होगा तेज

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के समय स्वीकृत अनेक विकास कार्यों को वर्तमान सरकार ने रोक दिया, जबकि भ्रष्टाचार, नए करों का बोझ और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों पर जनता लगातार परेशान है। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र से पहले ही भाजपा का जनसंपर्क अभियान तेज होगा और जिन स्थानों पर विकास कार्य बंद किए गए हैं, वहां जाकर वास्तविक स्थिति जनता के सामने रखी जाएगी। भाजपा का यह आंदोलन केवल सांकेतिक नहीं होगा, बल्कि कांग्रेस सरकार को सत्ता से हटाने तक सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रहेगा।

जनविरोधी सरकार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी भाजपा: जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने पंचायत राज संस्थाओं और नगर निकाय चुनावों में स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अब कांग्रेस सरकार की विदाई का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विशेष बैठक में निर्णय लिया गया है कि सरकार की जनविरोधी नीतियों, चुनावी वादाखिलाफी और विकास कार्यों में आई रुकावट के खिलाफ पूरे प्रदेश में चरणबद्ध जन आंदोलन चलाया जाएगा। यह आंदोलन मंडल स्तर से शुरू होकर जिला, विधानसभा और प्रदेश स्तर तक पहुंचेगा।

जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने चुनावों के दौरान जनता से अनेक गारंटियां और बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन्हें पूरा करने के बजाय लोगों को निराश किया। भाजपा अब गांव-गांव जाकर सरकार की कथित विफलताओं और जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी। मुख्यमंत्री की ओर से प्रस्तावित कैंडल मार्च के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी का कार्यक्रम है और उसे आयोजित करना उनका निर्णय है, जबकि भाजपा को इससे कोई आपत्ति नहीं है।

पेपर लीक के दोषियों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

जयराम ठाकुर ने कहा कि पेपर लीक जैसे मामलों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंभीरता से लिया है और केंद्र सरकार दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य ठप हो गए हैं और भाजपा सरकार के समय शुरू की गई अनेक योजनाओं को रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश की जनता की आवाज बनकर हर जनहित के मुद्दे पर संघर्ष जारी रखेगी।

बस में 12 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, शिमला। नशा तस्करी के खिलाफ शिमला पुलिस की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत स्पेशल सेल शिमला को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने गश्त और चेकिंग अभियान के दौरान एक व्यक्ति को 12 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस थाना बालुगंज में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 24 जुलाई को शोघी पुलिस चौकी के नजदीक स्पेशल सेल शिमला की टीम एचआरटीसी बसों की जांच कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को एक व्यक्ति पर संदेह हुआ। पुलिस ने जब उसके बैग की तलाशी ली तो बैग के अंदर रखी माचिस की डिब्बी से 12 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई।

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

मैं, कस्तुरु (80) पत्नी श्री अर्जुन निवासी गांव कोट डाकघर सेरी कोठी तहसील निहरी जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करती हूं कि मेरा असली और सही नाम वासतुरु के स्थान पर कस्तुरु है। सभी संबंधित नोट करें।

व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी नूरपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0

पियूष पठानिया पुत्र जनमेज सिंह गांव व डाकघर लदोडी, उप तहसील सद्वां, जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ...वादी

वनाम आम जनता ...प्रतिवादी

इस ईश्तहार अखवार द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी पियूष पठानिया पुत्र जनमेज सिंह गांव व डाकघर लदोडी उप तहसील सद्वां, जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ने एक प्रार्थना पत्र गुजारा है, जिसमे निवेदन किया है कि उनके पिता का सही नाम जनमेज सिंह था, परन्तु महाल काथल के राजस्व रिकार्ड में उनका नाम चमेल सिंह लिखा है, जो कि गलत लिखा गया है। इनके नाम की महाल काथल के राजस्व रिकार्ड में दरुस्ती की जाए। प्रतिवादी आम जनता को इस ईश्तहार अखवार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थी के नाम की दरुस्ती होने पर कोई आपति हो तो वह 15 दिन के अन्दर इस न्यायालय मे असालतन या वकालतन हाजिर होकर एतराज दायर कर सकता है। अन्यथा यह समझा जायेगा कि किसी को नाम दरुस्ती पर आपति नहीं है। अतः नियमानुसार नाम दरुस्ती के आदेश जारी कर दिये जायेगें। आज दिनांक 23-07-226 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी नूरपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0

कार्यालय ग्राम पंचायत खरगा, विकास खण्ड निरमण्ड जिला कुल्लू (हि0प्र0)

निविदा आमंत्रण सूचना

एततद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खारगा को वित वर्ष 2026-27 के विभिन्न विकास कार्यों के लिए सामान जैसे बागवानी, जंगली पौधा बजरी, रेत, टाईल, पत्थर, ईट, शरिया, एन्गल, शैटरिंग, प्लाई बोर्ड, ईमारती लकड़ियां, सिनेटरी, बिजली इलेक्ट्रोनिकस और हार्डवेयर की सभी प्रकारी की वस्तुएं खरीद / ढुलान, जनसूचना बोर्ड पेंटिंग/लेखन, कृषि, बागवानी, कारपेंटर उपकरण और फर्नीचर इत्यादि होना हैं जिसके लिए पात्र आपूर्तिकर्ता अपनी निविदाएं सील बंद लिफाफे में सचिव ग्राम पंचायत खरगा के कार्यालय में दिनांक 05-08-2026 तक पंहुच जानी चाहिए। पंचायत में प्राप्त निविदाएं पंचायत की कय कमेटी के द्वारा दिनांक 06-08-2026 को खोली जाएगी। **आपूर्ति का विवरण निम्न प्रकार से है:-**

क्र. सं.	आपूर्ति का स्थान/गाँव	रेत सप्लाई (स्थान) खान	रेत सप्लाई (स्थान) क्रेशर	सीमेंट ढुलवान ..से..	पत्थर प्रति टिप्पर	ईंट	रोड़ी	सरिया
1.	खरगा							
2.	शेलाबाई							
3.	माहवा							
4.	सौरा-आगे							
5.	निचली माहवा							
6.	काजू खडड							
7.	दोगरी							

शर्तें :- 1. निविदादाता GST में पंजीकृत होना और फार्म का खाता आधार संख्या आदि होना अनिवार्य है। 2. सामग्री की गुणवता तकनिकी कारणों से होनी चाहिए। यदि आपूर्ति की गई सामग्री तकनिकी कारणों से अस्वीकृत होती है तो उसकी अदायगी नहीं की जाएगी। 3. सामग्री की आपूर्ति समय पर करनी होगी। अत्याधिक समय परेशान करने पर किसी अन्य वैंडर से भी सामग्री क्रय की जा सकेगी। 4. निविदाओं के माध्यम से केवल दरें निर्धारित की जाएगी न कि कोई फार्म विशेष। न्यूनतम दरें निर्धारित होने पर कोई स्थानीय गाड़ी वाले भी ढुलवान कर सकेंगे। 5. निविदा स्वीकार्य होने पर आपूर्तिकर्ता को अपनी गाड़ी के कागजात जैसे RC/DL पंचायत में जमा करने होंगे। 6. निविदादाता रोड़ी, रेत व पत्थर ढुलान बिलों के साथ खददान (खान) का M फोर्म आवश्य संलग्न करें। अन्यथा बिना फोर्म पेपर के बिना कोई भी बिल स्वीकार्य नहीं होंगे और न ही अदायगी होगी। रेत, रोड़ी, पत्थरों की रॉयल्टी स्वीकार्य नहीं है। 7. निविदादाता जो उपरोक्त दर्शाए गए स्थानों से 2 किलोमीटर के दायरे के लिए दरें उसी गाँव की रहेगी। 8. निविदादाताओं के ध्यान में लाया जाता है कि निविदा स्वीकार्य होने पर पंचायत में दस हजार रूपये स्कयोर्टी जमा करनी होगी जो अवधि समाप्त होने पर निविदादाता को वापिस लौटा दी जाएगी। 9. निविदादाताओं की CGST और SGST की देय राशि Clear होनी चाहिए।

प्रधान / सचिव, ग्राम पंचायत खरगा, विकास खण्ड निरमण्ड, जिला कुल्लू हि0प्र0।

कार्यालय ग्राम पंचायत गरौड़, विकास खण्ड धर्मपुर जिला मंडी (हि0प्र0)

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसहमती से पंचायत बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि ग्राम पंचायत के समस्त विकास कार्यों के लिए वर्ष 2026-27 के लिए निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। सामग्री सप्लाई हेतु बन्द लिफाफे में डाक के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से है:- 1. क्रशर रेता (प्रति घन. मी.) 2. क्रशर बजरी (प्रति घन. मी.) 3. पत्थर सोलिंग (प्रति घन. मी.) टूटे पत्थर (प्रति घन. मी.) 4. सीमेंट किराया S.K.T. to Panchyat- प्रति बैग, 5. जेसीबी-प्रति qm3 - 6. साईन बोर्ड, 7. सरिया-प्रति किलो, 8. पार्क मैटीरियल सामान, 9. ईंट-प्रति ईंट, 10. एल्युमीनियम वर्क, 11. सीमेंट स्टोर किराया। निविदाएं बंद लिफाफे में दिनांक 09.08.2026 को सायं 3.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत गरौड़ में पहुंच जानी चाहिए। सामग्री सप्लाई पंचायत के हर वार्ड में सड़क सुविधा अनुसार पहुंचानी होगी। निवेदक का जीएसटी टिन नं. लाईसेंस पत्र संलग्न करना आवश्यक है। निविदाएं पंचायत में दिनांक 10.08.2026 को उपस्थित सदस्यों के समक्ष खोली जाएंगी। स्वीकृत निवेदक द्वारा सप्लाई देने में कोताही करने पर निविदा को रद्द कर दिया जाएगा।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत गरौड़, विकास खण्ड धर्मपुर जिला मंडी (हि0प्र0)

कार्यालय ग्राम पंचायत भरमोटी खुर्द
विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत भरमोटी खुर्द द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में करवाए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसके टेंडर फार्म पंचायत कार्यालय में उपलब्ध हैं जिस पर निविदा डाली जाएगी। **शर्ते निम्न प्रकार से हैं :-** 1. निविदाएं सीलबंद लिफाफे में पंचायत कार्यालय भरमोटी खुर्द में दिनांक 07.08.2026 तक जमा करवानी होंगी। दिनांक 07.08.2026 पश्चात कोई निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. निविदाएं दिनांक 10.08.2026 को सुबह 11:00 बजे पंचायत कार्यालय भरमोटी खुर्द में कमेटी के समक्ष खोली जाएंगी। सबसे कम दर वाली निविदा पास की जाएगी। पास निविदाधारक को धरोहर राशि के रूप में मात्र रु.10,000/- (रु. दस हजार मात्र) की राशि पंचायत कार्यालय में जमा करवानी होगी, अन्यथा निविदा रद्द कर दी जाएगी। 3. निविदाधारक के पास अपना GST नम्बर होना अनिवार्य है, जिसमें निर्माण कार्य से सम्बन्धित समस्त सामग्री सप्लाई हेतु दर्ज हो। 4. किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत भरमोटी खुर्द
विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत भदरोल विकास खण्ड नादौन जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भदरोल में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न मदों के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लिए सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ सील बंद लिफाफे में डाक के माध्यम से दिनांक 04/08/2026 तक पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। इसके पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। खुली अधूरी दी गयी निविदाएँ स्वीकार नहीं की जायेंगी। सभी निविदादाताओं को जरुरी दस्तावेज साथ संलग्न करने अनिवार्य हैं। निविदाएँ दिनांक 05/08/2026 को पंचायत कार्यालय में कमेटी के समक्ष खोली जायेंगी। नियम व शर्तें इस प्रकार से हैं। 1. निविदादाता के पास अपना GST न.व M FORM होना अनिवार्य है। 2. पंचायत पदाधिकारियों/ कर्मचारियों के परिवार से सम्बंधित सदस्यों की निविदाएँ स्वीकार नहीं की जायेंगी। 3. सबसे कम दर वाली निविदा को ही स्वीकृति दी जायेगी व निविदाधारक को पंचायत कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर-भीतर मु. 20000/- रू. की धरोहर राशि जमा करवानी अनिवार्य होगी अन्यथा निविदा रद्द कर दी जायेगी। 4. निविदाधारक यदि समय पर सामग्री की आपूर्ति नहीं करता है या घटिया सामग्री की आपूर्ति करता है तो निविदा रद्द कर दी जाएगी। 5. सामग्री की अदायगी कार्य पूर्ण होने व कार्य का मूल्यांकन के पश्चात मापक पुस्तिका के आधार पर ही की जायेगी। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास सुरक्षित होगा। **सामग्री का विवरण-**1.क्रेशर बजरी-प्रति घनमीटर, 2. क्रेशर रेता-प्रति घनमीटर, 3. वोल्डर -प्रति घनमीटर, 4.ईट अब्बल-प्रति ईट, 5.सीमेंट ढुलाई प्रति बैग सिविल सप्लाई डिपो से बसारल स्टोर तक-प्रति बैग, 6. मिक्सर डीजल सहित-प्रति दिन, 7. वाटर टैंकर (4000 लीटर) (With Stay per Day)-प्रति दिन, 8. JCB-प्रति घंटा, 9.सटरिंग लकड़ी व लोहे की-प्रति वर्ग फुट, 10. साइन बोर्ड 3*2-प्रति पीस

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत भदरोल विकास खण्ड नादौन जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत गौना विकास खण्ड नादौन जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गौना में वितीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न मदों के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लिए सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ सील बंद लिफाफे में डाक के माध्यम से दिनांक 05/08/2026 तक पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। इसके पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। खुली अधूरी दी गयी निविदाएँ स्वीकार नहीं की जायेंगी। सभी निविदादाताओं को जरुरी दस्तावेज साथ संलग्न करने अनिवार्य हैं। निविदाएँ दिनांक 06/08/2026 को पंचायत कार्यालय में कमेटी के समक्ष खोली जायेंगी। नियम व शर्ते इस प्रकार से हैं। 1. निविदादाता के पास अपना GST न.व M FORM होना अनिवार्य है। 2. पंचायत पदाधिकारियों/कर्मचारियों के परिवार से सम्बंधित सदस्यों की निविदाएँ स्वीकार नहीं की जायेंगी। 3. सबसे कम दर वाली निविदा को ही स्वीकृति दी जायेगी व निविदाधारक को पंचायत कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर-भीतर मु. 20000/- रू. की धरोहर राशि जमा करवानी अनिवार्य होगी अन्यथा निविदा रद्द कर दी जायेगी। 4. निविदाधारक यदि समय पर सामग्री की आपूर्ति नहीं करता है या घटिया सामग्री की आपूर्ति करता है तो निविदा रद्द कर दी जाएगी। 5. सामग्री की अदायगी कार्य पूर्ण होने व कार्य का मूल्यांकन के पश्चात मापक पुस्तिका के आधार पर ही की जायेगी। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास सुरक्षित होगा। **सामग्री का विवरण-**1. क्रेशर बजरी-प्रति घनमीटर, 2. क्रेशर रेता-प्रति घनमीटर, 3. वोल्डर-प्रति घनमीटर, 4. ईट अव्वल-प्रति ईट, 5.सीमेंट ढुलाई प्रति वैग सिविल सप्लाई डिपो से बसारल स्टोर तक-प्रति बैग, 6. मिक्सर डीजल सहित-प्रति दिन, 7. वाटर टैंकर (4000लीटर) (With Stay per Day)-प्रति दिन, 8.JCB- प्रति घंटा, 9.सटरिंग लकड़ी व लोहे की-प्रति वर्ग फुट,10. साइन बोर्ड 3*2-प्रति पीस

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत गौना विकास खण्ड नादौन जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत पुतडियाल
विकास खंड नादौन जिला हमीरपुर (हि0प्र0)

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत पुतडियाल में वित्तीय वर्ष 2026-27 के विकास कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है। जिसके बारे पंचायत बैठक में चर्चा करने उपरांत सर्वसम्मति से पास किया गया। 1. ग्राम पंचायत पुतडियाल में दिनांक 04-08-2026 को खोली जानी है। 2. पंचायत में दिनांक 03-08-2026 को शाम 5-00 बजे तक निविदा ली जानी हैं। दिनांक 03-08-2026 को शाम 5.00 बजे के बाद निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 3. टेंडर फॉर्म पंचायत से किसी भी कार्य दिवस के दौरान इच्छुक फर्म विक्रेता प्राप्त कर सकता है। टेंडर फॉर्म की कीमत 500-00 रुपए होगी। जिसे वापिस नहीं किया जाएगा जो टेंडर फॉर्म पंचायत द्वारा जारी किया होगा वो ही स्वीकृत होगा अन्य किसी भी फॉर्म पर निविदा स्वीकृत नहीं होगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

संपर्क सूत्र प्रधान ग्राम पंचायत पुतडियाल मो. न. 8219940034/9418563433
पंचायत सचिव मोबाइल नo-8628801597

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत पुतडियाल
विकास खंड नादौन जिला हमीरपुर (हि0प्र0)

कार्यालय ग्राम पंचायत बसारल
विकास खण्ड नादौन जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बसारल में वितीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न मदों के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लिए सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ सील बंद लिफाफे में डाक के माध्यम से दिनांक 08/08/2026 तक पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। इसके पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। खुली अधूरी दी गयी निविदाएँ स्वीकार नहीं की जायेंगी। सभी निविदादाताओं को जरुरी दस्तावेज साथ संलग्न करने अनिवार्य हैं। निविदाएँ दिनांक 10/08/2026 को पंचायत कार्यालय में कमेटी के समक्ष खोली जायेंगी। नियम व शर्ते इस प्रकार से हैं। 1. निविदादाता के पास अपना GST न.व M FORM होना अनिवार्य है। 2. पंचायत पदाधिकारियों/कर्मचारियों के परिवार से सम्बंधित सदस्यों की निविदाएँ स्वीकार नहीं की जायेंगी। 3. सबसे कम दर वाली निविदा को ही स्वीकृति दी जायेगी व निविदाधारक को पंचायत कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर-भीतर मु. 20000/- रू की धरोहर राशि जमा करवानी अनिवार्य होगी अन्यथा निविदा रद्द कर दी जायेगी। 4. निविदाधारक यदि समय पर सामग्री की आपूर्ति नहीं करता है या घटिया सामग्री की आपूर्ति करता है तो निविदा रद्द कर दी जाएगी। 5. सामग्री की अदायगी कार्य पूर्ण होने व कार्य का मूल्यांकन के पश्चात मापक पुस्तिका के आधार पर ही की जायेगी। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास सुरक्षित होगा। **सामग्री का विवरण-**1. क्रेशर बजरी-प्रति घनमीटर, 2. क्रेशर रेता-प्रति घनमीटर, 3. वोल्डर-प्रति घनमीटर, 4. ईट अव्वल-प्रति ईट, 5.सीमेंट ढुलाई प्रति बैग सिविल सप्लाई डिपो से बसारल स्टोर तक-प्रति बैग, 6. मिक्सर डीजल सहित-प्रति दिन, 7. वाटर टैंकर (4000 लीटर) (With Stay per Day)- प्रति दिन, 8.JCB-प्रति घंटा, 9. सटरिंग लकड़ी व लोहे की-प्रति वर्ग फुट, 10. साइन बोर्ड 3*2- प्रति पीस।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बसारल विकास खण्ड नादौन जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत उम्मर
विकास खंड सुरानी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

निविदा सूचना

पंचायत बैठक में निर्णय लिया कि ग्राम पंचायत उम्मर में वर्ष 2026-27 के विकास कार्यों को करवाने हेतु निविदा मटीरियल आमंत्रित की जा रही हैं। जिस में निर्माण सामग्री को न्यूनतम दरों पर खरीदा जाएगा। जिन मदों की निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं उनका विवरण इस प्रकार से है।

क्रमांक	मद का नाम	इकाई / मात्रा
1	रेता धुला	प्रति घन मीटर
2	रेता दरियाई	प्रति घन मीटर
3	रेता डस्ट	प्रति घन मीटर
4	बजरी क्रेसर	10एमएम प्रति घन मीटर
5	बजरी क्रेसर	20एमएम प्रति घन मीटर
6	बजरा क्रेसर	40एमएम प्रति घन मीटर
7	बजरी दरियाई	प्रति घन मीटर
8	बजरा दरियाई	प्रति घन मीटर
9	सोलिंग	प्रति घन मीटर
10	टूटा पत्थर	प्रति घन मीटर
11	पानी का टैंकर	प्रति दिन
12	मिक्चर मशीन तेल सहित	प्रति दिन
13	सेटरिंग के लिए	प्रति वर्ग फुट
14	सेटरिंग नाली व डंगा के लिए	प्रति फटा प्रति दिन
15	लोकल फेरा	प्रति फेरा
16	स्टील प्लेट	प्रति प्लेट
17	सीमेंट बैंच	प्रति बैंच
18	सीमेंट साइन बोर्ड	प्रति बोर्ड
19	इंटरलॉक टाइल 60mm,80mm	प्रति टाइल
20	सीमेंट किराया लोडिंग एंड अनलोडिंग सहित देहरा सिविल सप्लाई से	

निविदाएं दिनांक 05/08/2026 तक समय प्रातः 11 बजे तक पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। जिन्हें पंचायत दिनांक 08/08/2026 को समय प्रातः 11 बजे खोलेगी। आपूर्तिकर्ता को सामग्री ट्रैक्टर योग्य मार्ग तक पहुंचानी होगी। इछुक आवेदक के पास GST नंबर होना अनिवार्य है। बिना GST नंबर के निविदाएं रद्द समझी जाएंगी व भरे रेटों में ही GST शामिल समझा जाएगा। अलग से देय नहीं होगा। सामग्री की गुणवाता, आपूर्ती, का समय स्थान का विशेष ध्यान रखना होगा। यदि आपूर्तिकर्ता समय पर आपूर्ति नहीं करता है तो पंचायत उसी दर पर अन्य आपूर्तिकर्ता से सामग्री लेकर उसे अदायगी करने के लिए स्वतंत्र होगी। सीमेंट ढुलान या सटरिंग जिस फर्म से लिया जाएगा पंचायत उसे पेमेंट करने के लिए स्वतंत्र होगी। निविदाएं रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास रहेगा। आपूर्तिकर्ता यदि सप्लाई आदेश के बाद दो दिन तक सामग्री नहीं फैंकता है तो निविदाओं को नोटिस देकर रद्द किया जाएगा जिस के लिए कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। **नोट :-** जिस आपूर्तिकर्ता की निविदा न्यूनतम दर पर होगी, वह आपूतिकर्ता ग्राम पंचायत उम्मर में जमा करवाएगा। निविदा खोलते समय निविदादाता या कोई प्रॉक्सी मौके पर उपस्थित होना चाहिए अन्यथा वह निविदा नहीं खोली जाएगी।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत उम्मर विकास खंड सुरानी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

नीट पेपर लीक पर कांग्रेस ने केंद्र के खिलाफ खोला मोर्चा

कुल्लू सहित बंजार में सड़क पर उतरे कांग्रेसी, कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

पेपर लीक और जंतर-मंतर की कथित लाठीचार्ज घटना के विरोध में आनी में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता व केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला जलाते हुए।

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू जिले में शनिवार को कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन नीट पेपर लीक मामले और दिल्ली में प्रदर्शनकारियों व राहुल गांधी के साथ अभद्रता के खिलाफ किया गया। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय कुल्लू में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस मौके पर कुल्लू जिला कांग्रेस अध्यक्ष सेस राम आजाद की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान पार्टी पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस दौरान पार्टी कार्यालय से रैली के रूप में पदाधिकारी ढालपुर चौक लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र, क्षेत्रीय अस्पताल होते हुए उपायुक्त कार्यालय तक रैली निकली और प्रदर्शन किया। इस दौरान मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ भी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष सेसराम आजाद ने इस मौके पर कहा कि केंद्र सरकार की मिलीभक्ति से पेपर लीक हुआ है। उन्होंने कहा कि 10 सालों में 90 बार पेपर लीक होना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। वहीं, मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षा के लिए छात्र वर्षों तक कड़ी मेहनत करते हैं। ऐसे में पेपर लीक जैसी घटनाएं उनकी मेहनत और भविष्य पर गंभीर असर डालती हैं। धरने में शामिल जिला कुल्लू एनएसयूआई के अध्यक्ष गौरव ठाकुर ने बताया कि आज युवा अपनी मांगों को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन कर रहा है। लेकिन केंद्र की सरकार उन पर तानाशाही कर रही है और अब युवाओं के खिलाफ झूठे मामले भी दर्ज किया जा रहे हैं। ऐसे में अब कांग्रेस के साथ-साथ एनएसयूआई भी केंद्र सरकार से मांग करती है कि युवाओं के साथ न्याय किया जाए और उनके साथ मारपीट तथा जो झूठे मामले दर्ज हुए हैं। वह भी तुरंत प्रभाव से वापस लिए जाने चाहिए। वहीं, बंजार में भी एपीएमसी के अध्यक्ष राम सिंह मियां और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में विश्राम गृह खूंदन से पुराने बस अड्डा बंजार तक रैली निकाली गई। कार्यकर्ताओं ने धरना देकर केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ नारेबाजी की। मोहर सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार छात्र विरोधी नीतियां अपना रही है। परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के बजाय छात्रों की आवाज को दबाया जा रहा है। वहीं, लाहुल स्पीति जिला में गत दिन 13 लोगों आकस्मिक मृत्यु के कारण जिला कांग्रेस कमेटी ने धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया।

नीट पेपर लीक और जंतर-मंतर की कथित लाठीचार्ज घटना के विरोध में आनी में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

◆ केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला जलाया, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान आनी। नीट पेपर लीक प्रकरण और दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शन के दौरान कथित लाठीचार्ज की घटना के विरोध में शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आनी ने रोष रैली निकाली। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद शर्मा के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रैली के बाद ओल्ड बस स्टैंड आनी में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका गया। इसके बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम आनी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और छात्रों के हितों की सुरक्षा की मांग की गई। गोविंद शर्मा ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाएं लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित करती हैं। प्रदर्शन में पूर्व विधायक किशोरी लाल सागर, परस राम, संतोष ठाकुर सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रांगड़ी कैंची मोड़ के पास कार खाई में गिरी, चालक की मौत

अनंत ज्ञान

पतलीकूहल। कुल्लू जिले के मनाली-नग्गर मार्ग पर रांगड़ी कैंची मोड़ के समीप सड़क हादसे में कार चालक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, कार (एचपी-35-6758) रांगड़ी कैंची मोड़ के पास अचानक अनियंत्रित होकर करीब 30 फुट गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक अमरनाथ (55) पुत्र स्वर्गीय थलिया राम, निवासी गांव धमसु, डाकघर करजां, तहसील मनाली, जिला कुल्लू, की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना पतलीकूहल की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की सहायता से राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया। पुलिस ने शव को खाई से बाहर निकालकर अपने कब्जे में लिया और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में पुलिस थाना पतलीकूहल में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने की बात सामने आई है, हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा। कुल्लू के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मदन लाल कौशल ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए गहन जांच की जा रही है।

कैम्ब्रिज स्कूल मौहल में शिक्षकों ने सीखे एआई शिक्षण के तरीके

कार्यशाला के दौरान विद्यार्थी व अन्य शिक्षक

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मौहल में सीबीएसई की ओर से 'कंप्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में आकलन और शिक्षण शास्त्र (शिक्षाशास्त्र)' (मध्य स्तर) विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस प्रकार की कार्यशाला कुल्लू घाटी में पहली बार हुई। कार्यशाला में 13 शिक्षकों ने केस स्टडी पेपर प्रस्तुत किए। मूल्यांकन हेतु निर्णायक रहे जिसमें मीना कुमारी लेक्चरर कंप्यूटर साइंस राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाशिंग, अमन चंद लेक्चरर फिजिक्स जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल, प्रियंका कालरा लेक्चरर कंप्यूटर साइंस केन्द्रीय विद्यालय सैंज। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या रैना वर्मा तथा वेन्यू निदेशक पुष्पिंदर ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कुल 31 शिक्षक प्रतिभागी इस कार्यशाला में शामिल हुए। प्रतिभागी दिल्ली पब्लिक स्कूल मनाली, विबग्योर वर्ल्ड स्कूल भुंतर, मैक्स स्कूल जिया, मैक्स वर्ल्ड स्कूल बजौरा और ब्रह्मऋषि मिशन स्कूल भुंतर से थे।

जिला प्रशासन से मिला प्रदेश ज्वॉइंट पेंशनर्स फेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

पेंशनर्स फेडरेशन के विरोध के बाद प्रशासन ने रद्द की कल होने वाली बैठक

अनंत ज्ञान

एडीएम कुल्लू को ज्ञापन सौंपता प्रदेश ज्वॉइंट पेंशनर्स फेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल।

ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश ज्वॉइंट पेंशनर्स फेडरेशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेशाध्यक्ष एल.आर. गुलशन की अध्यक्षता में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) कुल्लू सुरजीत सिंह राठौर और एसी टू डीसी कुल्लू जयबंती ठाकुर से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर 27 जुलाई को तथाकथित पेंशनर नेता टीडी ठाकुर के गुट के साथ प्रस्तावित बैठक को रद्द करने की मांग उठाई।

फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन और प्रदेश महासचिव खुशहाल चंद नेगी ने बताया कि जिला कुल्लू में हिमाचल प्रदेश ज्वॉइंट पेंशनर्स फेडरेशन सहित कई अन्य पेंशनर संगठन सक्रिय हैं, जो लंबे समय से पेंशनरों की मांगों और समस्याओं को प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन के समक्ष उठाते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से प्रदेश या जिला स्तर पर किसी एक पेंशनर गुट के साथ बैठक करने के लिए जिला प्रशासन को कोई लिखित निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि ऐसी स्थिति में केवल टीडी ठाकुर गुट के साथ जिला प्रशासन की बैठक आयोजित करने का कोई औचित्य नहीं है। प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने कहा कि मुख्यमंत्री की पूर्व अनुमति के बिना किसी एक संगठन के साथ विशेष बैठक करना उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा टीडी ठाकुर गुट के साथ बुलाई गई कथित एकतरफा बैठक का फेडरेशन विरोध करता है, क्योंकि इससे जिले के सैकड़ों पेंशनरों में नाराजगी है। फेडरेशन ने मांग की कि 27 जुलाई को प्रस्तावित बैठक को जनहित में रद्द किया जाए और भविष्य में जिला कुल्लू के सभी पेंशनर संगठनों को विश्वास में लेकर संयुक्त बैठक आयोजित की जाए। बैठक में सभी संगठनों के मांगपत्रों पर चर्चा कर पेंशनरों की समस्याओं का समाधान किया जाए। एडीएम कुल्लू और एसी टू डीसी कुल्लू ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि टीडी ठाकुर गुट के साथ 27 जुलाई को होने वाली बैठक को अगले आदेशों तक रद्द कर दिया गया है। प्रशासन ने कहा कि भविष्य में सभी पेंशनर संगठनों के प्रतिनिधियों से चर्चा के बाद ही संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर महासचिव खुशहाल चंद नेगी, संयुक्त सचिव बोधराज, जिला कुल्लू अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर, महासचिव खेम सिंह हांडा, जिला मंडी अध्यक्ष शारदा नंद शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, अतिरिक्त महासचिव प्रेमलाल, हीरा लाल ठाकुर सहित कई पेंशनर उपस्थित रहे।

भारी बारिश से बागीपुल-जाओं सड़क पर भूस्खलन, यातायात ठप

भूस्खलन के कारण बाधित हुई सड़क।

अनंत ज्ञान

आनी। पिछली रात हुई भारी बारिश के कारण बागीपुल-जाओं सड़क मार्ग भूस्खलन की वजह से यातायात के लिए बाधित हो गया है। बारिश के चलते मार्ग पर कई जगहों पर मलबा और पत्थर आ गिरे हैं। इससे बागीपुल, जाओं और आसपास के गांवों का संपर्क प्रभावित हुआ है।

सड़क बंद होने से स्कूली बच्चों, कर्मचारियों और मरीजों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने तुरंत लोक निर्माण विभाग को सूचना दी है। लोनिवि टीम ने मौके का जायजा लिया है और मलबा हटाने के लिए मशीनरी भेजने की बात कही है। सहायक अभियंता राकेश नेगी का कहना है कि मौसम साफ होते ही जेसीबी लगाकर मार्ग को बहाल किया जाएगा। तब तक लोगों से वैकल्पिक मार्ग अपनाने और अनावश्यक यात्रा न करने की अपील की गई है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में 1494 करोड़ की सौगात सभी जिलों में मजबूत होंगी सुविधाएं

अनंत ज्ञान

◆ अखिलेश कपूर ने मोदी सरकार व जेपी नड्डा का जताया आभार

पतलीकूहल। हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में केंद्र सरकार और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने बड़ा कदम उठाया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश को 1494 करोड़ रुपए का स्वास्थ्य बजट आवंटित किया गया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का आभार जताया। अखिलेश कपूर ने कहा कि केंद्र सरकार के इस बजट से प्रदेश के सभी 12 जिलों में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती मिलेगी। राशि का उपयोग अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने और डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ के प्रशिक्षण में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बजट में कांगड़ा जिले को सर्वाधिक 274.68 करोड़ रुपये, मंडी को 220.70 करोड़ और शिमला को 193.55 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा चंबा, सिरमौर, सोलन, हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, कुल्लू, किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों के लिए भी राशि स्वीकृत की गई है। अखिलेश कपूर ने कहा कि बिलासपुर में एम्स जैसे संस्थान केंद्र सरकार की स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि 1494 करोड़ रुपये का यह बजट प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा देगा और आम जनता को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध करवाने में सहायक सिद्ध होगा।

पर्यटन निगम मनाली पौधरोपण के बाद अब 27 को लगाएगा रक्तदान शिविर

अनंत ज्ञान

मनाली। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) कुल्लू मनाली इकाई पौधरोपण करने के बाद अब 27 जुलाई को मनाली माल रोड के होटल कुंजम में रक्तदान शिविर आयोजित करेगा।

पर्यटन विकास निगम मनाली के डीजीएम बलदेव सिंह ओक्टा ने बताया कि एचपीटीडीसी कुंजम होटल में रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा। उन्होंने बताया कि इस रक्तदान शिविर की पहल का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक सेवा और लोगों में जागरुकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि एचपीटीडीसी ने ग्लोबल वार्मिंग के हानिकारक प्रभावों से पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधरोपण अभियान चलाता रहा है। उन्होंने बताया कि गत 20 व 21 जुलाई को भी एचपीटीडीसी कुल्लू मनाली इकाई के कर्मचारियों ने पौधारोपण।अभियान चलाया और अलग अलग जगह लगभग सौ पौधे लगाए। उन्होंने मनाली के सभी सामाजिक व व्यवसायिक संगठनों से आग्रह किया कि एचपीटीडीसी के रक्तदान शिविर में भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाएं।

विक्रमादित्य सिंह करेंगे कुल्लू-मनाली वाम तट और मणिकर्ण सड़क का निरीक्षण

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। 28 और 29 जुलाई को कुल्लू-मनाली वाम तट और कुल्लू मणिकर्ण सड़क के निरीक्षण एवं सड़क सुरक्षा संबंधी दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। गौर रहे है कि लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोशल मीडिया द्वारा जानकारी साझा की है। मंत्री का दौरा करने का मकसद यह है कि जमीनी स्थिति का आकलन कर आवश्यक कदम तय किए जा सकें। जानकारी के अनुसार, निरीक्षण के दौरान संबंधित मार्गों पर मौजूदा खामियों, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों, क्षतिग्रस्त हिस्सों और यातायात दबाव का विस्तृत अध्ययन किया जाएगा। स्थानीय लोगों को भी उम्मीद है कि इस पहल से सड़क मरम्मत, सुरक्षा उपायों और यातायात व्यवस्था में सुधार की दिशा में ठोस निर्णय लिए जाएंगे।

विक्रमादित्य सिंह ने स्पष्ट किया है कि सरकार सड़क सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए गंभीर है और प्रशासनिक अमला मौके पर जाकर समस्याओं का समाधान खोजेगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग अपनी समस्याएं खुलकर रख सकते हैं, जिससे योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

विद्यार्थियों को दांतों की देखभाल रोगों से बचाव की दी जानकारी

वद्यार्थियों के दांतों की जांच करते हुए चिकित्सक।

अनंत ज्ञान

भुंतर। पनारसा महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में दंत स्वच्छता जागरुकता व्याख्यान एवं नि:शुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। दंत शल्य चिकित्सक डॉ. ईशा ने दंत स्वच्छता के महत्व पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने विद्यार्थियों को दांतों की सही देखभाल, उचित ब्रश करने की विधि, सामान्य दंत रोगों से बचाव, संतुलित आहार तथा नियमित दंत परीक्षण की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। वहीं, नि:शुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. ईशा ने प्रतिभागियों के दांतों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी सुझाव प्रदान किए। इस अवसर पर दंत तकनीशियन मनोज एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) प्रियंका ने सहयोग प्रदान किया। शिविर में 52 विद्यार्थियों तथा आसपास के अभिभावकों की दंत जांच की गई। दंत तकनीशियन मनोज और सीएचओ प्रियंका ने सहयोग प्रदान किया।

आनी कॉलेज में 31 को होगी पीटीए की वार्षिक आम सभा

अनंत ज्ञान, आनी। आनी राजकीय महाविद्यालय में अभिभावक-शिक्षक संघ (क्क) की वार्षिक आम सभा शुक्रवार, 31 जुलाई को आयोजित होगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दायक राम ठाकुर ने जानकारी दी कि इस बैठक में पुरानी पीटीए कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। सभी अभिभावकों से अपील की गई है कि वे बैठक में भाग लेकर नई कार्यकारिणी के गठन में सहयोग करें। इसके साथ ही बैठक में महाविद्यालय एवं छात्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी।

सभा दोपहर 12 बजे महाविद्यालय के मुख्य सभागार में होगी। अभिभावकों के सहयोग से महाविद्यालय की गतिविधियों में सुधार और छात्रों के हित में निर्णय लेने की प्रक्रिया मजबूत होगी। सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि वे इस महत्वपूर्ण बैठक में अवश्य भाग लें।

महिला साहित्यकार संस्था की कुल्लू इकाई का गठन

सोमलता ठाकुर को मिली महिला साहित्यकार संस्था कुल्लू की कमान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। महिला साहित्यकार संस्था (हिमाचल प्रदेश) ने जिला में अपनी गतिविधियों को विस्तार देते हुए कुल्लू जिला इकाई का पुनर्गठन किया है। संस्था की संस्थापिका सह प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रीता सिंह के अनुमोदन के बाद से नई कार्यकारिणी के नियुक्ति आदेश तत्काल प्रभाव से जारी कर दिए गए हैं। यह कार्यकारिणी 21 जुलाई 2028 तक आगामी दो वर्षों के लिए कार्य करेगी।

संस्था की प्रचार सचिव शारदा अरनोट ने बताया कि सर्वसम्मति से गठित इस इकाई में सोमलता ठाकुर को अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई है। इसके साथ ही सरला चंबयाल (साहित्य) व शकुंतला (समाज-सेवा) को उपाध्यक्ष, प्रेम सिंह को इकाई संरक्षक, धनी देवी व रेशमा ठाकुर को विशिष्ट सलाहकार, नीजू शर्मा को महासचिव, वीणा राणा को सह-महासचिव, शारदा अरनोट को प्रचार सचिव, जया ठाकुर को सह-प्रचार सचिव, सुषमा शर्मा को कोषाध्यक्ष तथा रीना कपूर को सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सुमन सिक्का, शारदा पोतदार, मनोहर ठाकुर और कर्मचंद ठाकुर का चयन सम्मानित सदस्यों के रूप में हुआ है। डॉ. रीता सिंह ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा जताई कि सभी सदस्य संस्था-हित में पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि कुल्लू इकाई की सक्रियता के आधार पर ही अन्य पदाधिकारियों की रूपरेखा और विस्तार का निर्णय लिया जाएगा। साथ ही जिला इकाई की गतिविधियों के मूल्यांकन, अनुश्रवण एवं संशोधन का अधिकार प्रदेश कार्यकारिणी के पास सुरक्षित रहेगा।

पीलिया बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की पहल, लोगों को किया जागरूक

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। जिला मुख्यालय कुल्लू में सामने आए पीलिया के मामलों के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग लगातार शहरवासियों को जागरुक कर रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुल्लू डॉ. रंजीत ठाकुर के कुशल निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में पीलिया से बचाव को लेकर एक विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समुदाय के लोगों को पीलिया के प्रति सतर्क करना और इससे सुरक्षित रहने के उपाय बताना है। सीएमओ कुल्लू डॉ. रंजीत ठाकुर ने बताया कि अभियान के तहत शनिवार को शहर के विभिन्न रिहायशी और व्यस्त इलाकों में लाउडस्पीकर (माइकिंग) के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि शनिवार को बस स्टैंड सरवरी कुल्लू, लोअर सुल्तानपुर, अपर सुल्तानपुर, इनर अखाड़ा, सब्जी मंडी अखाड़ा, रामबाग, मियां बहार, गुरु बहार, ढालपुर, लोअर ढालपुर, शीशमती चौक, रामशीला, शांगरीबाग, फॉरेस्ट, इंडस्ट्रियल ढालपुर, सरवरी होटल, महंत बहार, शास्त्री नगर, शीशमती, गांधी नगर, अखाड़ा बाजार, सरवरी स्लम एरिया, हनुमानीबाग और तिब्बती स्कूल क्षेत्र में जागरूकता अभिय चलाया गया। उन्होंने बताया कि प्रचार के दौरान लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता, पर्यावरणीय साफ-सफाई और केवल सुरक्षित पेयजल के इस्तेमाल पर विशेष जोर देने की अपील की गई। इसके अलावा, नागरिकों को हेपेटाइटिस ए के लक्षण, इसके फैलने के कारण, बचाव के तरीके और समय पर चिकित्सीय उपचार लेने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ रंजीत ने बताया कि विभाग की ओर से चलाए जा रहे अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिकतम सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करना और लोगों को स्वस्थ एवं स्वच्छ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करना है ताकि क्षेत्र में पीलिया के प्रसार को प्रभावी ढंग से रोका जा सके।

माइकिंग के माध्यम से लोगों को पीलिया से बचाव बारे जागरूक करते हुए।

न्यूज ब्रीफ

जिला स्तरीय कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम आज, उद्योग मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

अनंत ज्ञान, नाहन। उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान अपने जिला सिरमौर के प्रवास के दौरान आज प्रातः पांवटा साहिब के किसान भवन के समीप स्थित शहीद स्मारक पर पूर्व सैनिक संगठन द्वारा आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी।

रोटरी क्लब नाहन संगिनी ने बस स्टैंड पार्क में लगाए अशोक के 35 पौधे

अनंत ज्ञान, नाहन। रोटरी क्लब नाहन संगिनी द्वारा अपने गोद लिए गए बस स्टैंड पार्क, नाहन में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के तहत 35 अशोक के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन रीता कालरा एवं रोटेरियन संजय कालरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी सदस्यों को ऐसे सेवा कार्य निरंतर करते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व क्लब अध्यक्ष रोटेरियन मोनिका जैन ने किया। इस अवसर पर सचिव रोटेरियन भावना रतन,कोषाध्यक्ष रोटेरियन दीपा बंसल, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन सोना चंदेल, रोटेरियन ममता जैन, पारुल गुर्जल, शालू परमार, श्याम ठाकुर, रेनू चौधरी एवं सारिका धवन भी उपस्थित रहे और पौधारोपण अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिले के समस्त खंड विकास अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान, सोलन। उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले के सभी गांवों को आदर्श श्रेणी में लाने और कचरे के उचित निपटान पर जोर दिया। खंड विकास अधिकारियों की बैठक में उन्होंने गांवों से कूड़े के ढेर हटाने, स्वयंसेवियों व ग्रामीणों को सहयोग लेने तथा गंदे पानी के निपटान के लिए सोख्ता गड्ढों के निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लंबित आवासों की जियो टैगिंग शीघ्र पूरी करने को कहा, ताकि बजट मिलते ही निर्माण कार्य शुरू हो सके। धर्मपुर, कंडाघाट और सोलन के अधिकारियों को राष्ट्रीय राजमार्ग पर हिम ईरा दुकानों के निर्माण की औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश भी दिए, जिससे स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अपने उत्पाद बेचने का स्थायी केंद्र मिल सके। बैठक से पहले वीवी-जी-राम-जी मिशन के तहत प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया।

रोटरी व इनर व्हील क्लब ने स्कूली बच्चों को स्वच्छता व नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक

अनंत ज्ञान, सोलन। रोटरी क्लब सोलन और इनरव्हील क्लब सोलन के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोज आंजी में विद्यार्थियों के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता एवं नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। रोटरी क्लब के प्रधान डॉ. संजीव उप्पल सहित अन्य सदस्यों ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित हाथ धोने, साफ-सफाई बनाए रखने, स्वच्छ शौचालयों के उपयोग और स्वस्थ वातावरण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अच्छी स्वच्छता बेहतर स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास में सहायक होती है। नशा मुक्ति सत्र में विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और पारिवारिक दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशीले पदार्थों से दूर रहने, खेलकूद अपनाने और किसी समस्या पर अभिभावकों व शिक्षकों से खुलकर बात करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित हुआ।

सनावर मॉडल यूएन सम्मेलन का आगाज, 120 से अधिक छात्र करेंगे विश्व शांति पर मंथन

कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते छात्र। | अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान, सोलन। द लॉरेंस स्कूल, सनावर में तीन दिवसीय सनावर मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एसयूएन) सम्मेलन का शुक्रवार को दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। विश्वप्रसिद्ध गीत 'माय हार्ट विल गो ऑन' की वायलिन प्रस्तुति और रासलीला की अर्ध-शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। इस वर्ष सम्मेलन का विषय 'वन वॉयस फॉर वर्ल्ड पीस' रखा गया है। इसमें देश के 10 प्रतिष्ठित विद्यालयों के 120 से अधिक छात्र प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। छात्र संयुक्त राष्ट्र महासभा, सुरक्षा परिषद, आर्थिक एवं सामाजिक परिषद, लोकसभा और ऐतिहासिक सुरक्षा परिषद जैसी पांच समितियों में विभाजित होकर वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि प्रो. जस्टीना दिल्लों ने शांति, संवाद और सहयोग की महत्ता पर बल दिया। वहीं हेडमास्टर रुचि प्रधान दत्ता ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य छात्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों और समाधान आधारित सोच को विकसित करना है।

हिमाचल के सेब बागानों में फंगल रोगों का खतरा, नौणी विवि ने जारी की एडवाइजरी

अनंत ज्ञान, सोलन। हिमाचल प्रदेश में सेब सीजन के महत्वपूर्ण दौर के बीच डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय (यूएचएफ), नौणी ने सेब बागानों में फंगल रोगों को लेकर एडवाइजरी जारी की है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने बागवानों से समय पर फफूंदनाशी दवाओं का छिड़काव करने, वैज्ञानिक बाग प्रबंधन अपनाने तथा एकीकृत रोग प्रबंधन (आईडीएम) के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की बहु-विषयक टीमें 8 जुलाई से बागवानी विभाग के अधिकारियों के साथ राज्य के प्रमुख सेब उत्पादक क्षेत्रों का दौरा कर रही हैं। इस दौरान बागानों का निरीक्षण, किसानों से संवाद और जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। सर्वेक्षण में कई बागानों में अल्टरनेरिया लीफ स्पॉट और मार्सोनिना लीफ ब्लॉच रोग के शुरुआती लक्षण मिले हैं, हालांकि अधिकांश स्थानों पर इनका प्रकोप अभी कम स्तर पर है। वैज्ञानिकों ने सेब स्कैब, जड़ सड़न, कॉलर रॉट, छाल गलन, पौधों के मुरझाने और पोषक तत्वों की कमी जैसी समस्याओं का भी आकलन कर समय रहते रोकथाम के उपाय सुझाए।

कोरम की कमी के कारण नप कंडाघाट का अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव स्थगित

अनंत ज्ञान, कंडाघाट। कंडाघाट नगर पंचायत के अध्यक्ष और अध्यक्ष उपाध्यक्ष के चुनाव शनिवार को कोरम पूरा न होने के कारण स्थगित हुए। उपायुक्त सोलन ने इस चुनाव के लिए एसडीएम कंडाघाट गोपाल चंद शर्मा को अधिकृत किया है। उन्होंने शनिवार को यह चुनाव निर्धारित किया था। स्थानीय मिनी सचिवालय के सभागार में चुनाव के निर्धारित समय पर केवल चार पार्षद ही हाजिर हुए। चुनाव की प्रथम बैठक में कोरम के लिए पांच पार्षदों की उपस्थिति आवश्यक थी। इसलिए कोरम की कमी के कारण चुनाव आगामी 28 जुलाई को तय किए गए। शनिवार की बैठक में उपस्थित रहे चार पार्षद भाजपा से संबंधित थे। यहां कांग्रेस के दो पार्षद और एक अन्य पार्षद जो सरकारी नौकरी के लिए चयनित हुआ बताया जा रहा है वह अनुपस्थित रहे। इसके साथ सोलन के विधायक और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल को भी मत का अधिकार है। चुनाव परिणाम के समय भाजपा के पांच और कांग्रेस के दो पार्षद थे।

13 से 19 अगस्त तक सोलन में श्रीमद्भागवत कथा, आचार्य प्रेम दत्त शास्त्री करेंगे कथा वाचन

अनंत ज्ञान, सोलन। कांगड़ा-हमीरपुर मैत्री सभा भवन, सोलन में 13 से 19 अगस्त तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन होगा। कथा का वाचन सुप्रसिद्ध पुराणमार्तण्ड एवं विख्यात व्याख्याता आचार्य प्रेम दत्त शास्त्री करेंगे। 13 अगस्त को सुबह 11 बजे पुराण स्थापना, 11:30 बजे कलश स्थापना व देव पूजन तथा दोपहर 3 से 5 बजे तक कथा प्रवचन होंगे। 14 से 18 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 6 से 10 बजे मूल पाठ और दोपहर 3 से 6 बजे तक कथा आयोजित होगी। 19 अगस्त को सुबह हवन, 11:30 बजे पूर्णाहुति यज्ञ, दोपहर 12 से 1:30 बजे कथा तथा इसके बाद विशाल भंडारा होगा।

कुमारहट्टी में सांड के हमले में बुजुर्ग की मौत के बाद प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

कुमारहट्टी-परवाणू फोरलेन से हटाए गए 31 आवारा पशु

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। जिला सोलन के कुमारहट्टी में बीते दिनों आवारा सांड के हमले में एक बुजुर्ग की मौत और एक अन्य व्यक्ति के घायल होने की घटना के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। उपायुक्त सोलन के निर्देश पर पशुपालन विभाग ने नेशनल हाईवे-5 के कुमारहट्टी-परवाणू फोरलेन सहित विभिन्न संवेदनशील स्थानों से अब तक 31 आवारा पशुओं को हटाकर नालागढ़ की विभिन्न गौशालाओं और काऊ सेंचुरी में पहुंचाया है। पशुपालन विभाग की टीम ने कुमारहट्टी, जाबली तथा धर्मपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। धर्मपुर रेलवे स्टेशन से चार आवारा पशुओं को हटाया गया, जो रेलमार्ग पर दुर्घटना का खतरा बने हुए थे। वहीं कुमारहट्टी-नाहन मार्ग पर लंबे समय से लोगों के लिए आतंक का कारण बने एक आवारा सांड को बेहोश कर सुरक्षित काबू में लिया गया और उसे नालागढ़ स्थित काऊ सेंचुरी भेज दिया गया।

फोरलेन से पशुपालन विभाग ने उठाए आवारा पशु। | अनंत ज्ञान

उपायुक्त सोलन के निर्देशानुसार नेशनल हाईवे-5 से अधिकांश आवारा पशुओं को हटाया जा चुका है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप हाईवे, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, शैक्षणिक संस्थानों व अन्य सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों, बंदरों एवं लावारिस पशुओं को हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। साथ ही लोगों से भी अपील की गई है कि वे सड़क किनारे खाद्य सामग्री या कचरा न फेंकें, ताकि आवारा पशुओं का जमावड़ा न लगे।

डॉ. विवेक लाम्बा
उपनिदेशक, पशुपालन विभाग

प्रशासन का कहना है कि सड़क किनारे खाद्य सामग्री और कचरा फेंके जाने से आवारा पशुओं का जमावड़ा बढ़ जाता है। इससे न केवल राहगीरों की सुरक्षा खतरे में पड़ती है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। ऐसे में लोगों से भी सार्वजनिक स्थानों पर खाद्य सामग्री और कचरा न फेंकने की अपील की गई है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट भी प्रशासन और संबंधित विभागों को हाईवे, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, शैक्षणिक संस्थानों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों, बंदरों और लावारिस पशुओं को हटाने के निर्देश दे चुका है। इसी क्रम में जिला प्रशासन ने यह विशेष अभियान शुरू किया है।

सोलन में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने मैदान में उतरे निगम आयुक्त डॉ. राजदीप सिंह

पानी की किल्लत वाले इलाकों में प्राथमिकता से होंगे सुधार

अनंत ज्ञान

सोलन। शहर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुचारु बनाने के उद्देश्य से नगर निगम सोलन के आयुक्त डॉ. राजदीप सिंह ने जल शक्ति विभाग सोलन के एक्सइन आशीष राणा सहित चौंरी घाटी, जवाहर पार्क और अश्वनी खड्ड सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर जल वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम के जल वितरण शाखा के अधिकारी-कर्मचारी व जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता भी साथ मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया और जल वितरण में आ रही समस्याओं की विस्तृत जानकारी अधिकारियों से लेकर निर्देश दिए कि जिन इलाकों में पानी की कमी या अनियमित आपूर्ति की शिकायतें मिल रही हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके। डॉ. राजदीप सिंह ने कहा कि शहरवासियों को पर्याप्त, स्वच्छ और निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए जल वितरण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाया जाएगा। उन्होंने नगर निगम व जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि जलापूर्ति से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। दोनों विभाग मिलकर शहर के सभी क्षेत्रों में बेहतर और नियमित पेयजल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास करेंगे।

वैश्विक शिक्षा में शूलिनी की नई उड़ान पहला बैच पहुंचा यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न

अनंत ज्ञान

सोलन। शूलिनी यूनिवर्सिटी ने अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के तहत छात्रों के पूरे बैच ने डुअल-डिग्री पाथवे प्रोग्राम के पहले बैच के सभी नौ छात्र ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न पहुंच गए हैं। इसके साथ ही शूलिनी यूनिवर्सिटी भारत की पहली यूनिवर्सिटी बन गई है, जिसने पाथवे मॉडल के तहत छात्रों के पूरे बैच का यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न में सफलतापूर्वक ट्रांसफर किया है। कार्यक्रम के तहत छात्रों ने शूलिनी यूनिवर्सिटी में स्नातक पाठ्यक्रम के शुरुआती दो वर्ष पूरे किए और अब अपनी डिग्री का अंतिम चरण मेलबर्न में पूरा करेंगे। छात्रों ने सभी आवश्यक शैक्षणिक मानदंड पूरे करने के बाद वहां पढ़ाई शुरू कर दी है। इस बैच में पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, हैदराबाद और महाराष्ट्र के विद्यार्थी शामिल हैं, जिन्होंने बायोटेक्नोलॉजी, न्यूरोसाइंस और माइक्रोबायोलॉजी सहित 20 से अधिक मेजर में प्रवेश लिया है।

भारतीय छात्रों के लिए वैश्विक अवसरों का नया द्वार

विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. पीके खोसला ने इसे शैक्षणिक गुणवत्ता और वैश्विक दृष्टिकोण का प्रमाण बताया। प्रो-चांसलर प्रो. विशाल आनंद और वाइस-चांसलर प्रो. अतुल खोसला ने भी इसे भारतीय उच्च शिक्षा के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। इस सफलता में विश्वविद्यालय की विभिन्न टीमों ने छात्रों को प्रवेश, वीजा, ओरिएंटेशन और अकादमिक मार्गदर्शन में सहयोग दिया।

पेट्रोल खत्म होने पर परेशान युवतियों की मदद को आगे आए संगड़ाह के तीन युवक

अनंत ज्ञान, नाहन। नाहन-कालाअंब राष्ट्रीय राजमार्ग पर संगड़ाह के तीन युवाओं ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए पेट्रोल खत्म होने से परेशान दो युवतियों की मदद की। जानकारी के अनुसार, कालाअंब से नाहन जा रही दो युवतियों की स्कूटी अंबवाला के समीप पेट्रोल खत्म होने के कारण रुक गई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे संगड़ाह निवासी राहुल, संदीप और ललित कंठ ने युवतियों को परेशानी में देखा और तुरंत सहायता के लिए आगे आए। युवकों ने स्कूटी को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया और युवतियों को अपनी कार से सैनवाला स्थित पेट्रोल पंप तक ले जाकर पेट्रोल उपलब्ध करवाया। इसके बाद वापस आकर स्कूटी में पेट्रोल डाला और युवतियों को सुरक्षित रवाना किया। उनके इस कार्य की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

परवाणू में होटल से 70 हजार के तांबे के पाइप व नल चोरी, आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

परवाणू। परवाणू पुलिस ने होटल से तांबे की पाइपें और नल चोरी करने के मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 22 जुलाई 2026 को परवाणू निवासी एवं सनसाई होटल के मालिक भूपेंद्र कुमार ने पुलिस थाना परवाणू में शिकायत दर्ज करवाई कि उनके होटल के एक कमरे से अज्ञात व्यक्ति नल और तांबे की पाइपें चोरी कर ले गया है। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 70,000 रुपए बताई गई। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना परवाणू में एफआईआर संख्या 95/26 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने होटल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन विश्लेषण किया। इसके साथ ही तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय स्तर पर जुटाई गई सूचनाओं के आधार पर संदिग्ध की पहचान कर उसकी तलाश शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हरीश उर्फ गंजू (27 वर्ष), पुत्र मन बहादुर, मूल निवासी नेपाल तथा वर्तमान निवासी गांव कामली, डाकघर परवाणू, तहसील कसौली, जिला सोलन को गिरफ्तार कर लिया।

- **सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्यों से 24 घंटे में आरोपी तक पहुंची पुलिस**

3. पुलिस ने हरीश उर्फ गंजू को गिरफ्तार कर शुरू की आगे की जांच

सोलन-अर्की सड़क की बदहाली पर खफा जितेंद्र पाल ठाकुर, स्थायी सुधार की मांग

अनंत ज्ञान, अर्की। जनसेवक जितेंद्र पाल ठाकुर ने सोलन-सुबाथू-अर्की सड़क की जर्जर स्थिति पर गहरी चिंता जताते हुए प्रदेश सरकार और लोक निर्माण विभाग से तत्काल स्थायी समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह सड़क क्षेत्र की जीवनरेखा है, लेकिन लंबे समय से उपेक्षा का शिकार होने के कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क पर गहरे गड्ढे, टूटी सतह, जलभराव और धूल के कारण विद्यार्थियों, कर्मचारियों, व्यापारियों, मरीजों और पर्यटकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। खराब सड़क के चलते दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना हुआ है तथा वाहन चालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जितेंद्र पाल ठाकुर ने मांग की कि सड़क का युद्धस्तर पर पुनर्निर्माण किया जाए।

कार से 10.65 ग्राम चिट्टा बरामद, 3 गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

सोलन। जिला सोलन पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट (एसआईयू) ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए धर्मपुर थाना क्षेत्र के सनवारा के समीप एक कार से 10.65 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। साथ ही, तस्करी में इस्तेमाल की गई सलेरियो कार को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, 22/23 जुलाई की रात गुप्त सूचना मिलने पर एसआईयू टीम ने सनवारा के पास नाकाबंदी की। इसी दौरान एक संदिग्ध सलेरियो कार को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन में सवार तीन युवकों के कब्जे से 10.65 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने न्यायालय में पेश करने के बाद तीनों का पांच दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर नशा तस्करी के नेटवर्क, संभावित सहयोगियों व उनके पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है।

कुमारहट्टी के पास आल्टो कार से 8.32 ग्राम चिट्टा बरामद, शिमला के दो युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन। जिला पुलिस सोलन की एसआईयू टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कुमारहट्टी की ओर से आ रही एक आल्टो कार से 8.32 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। मामले में शिमला जिले के दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार एसआईयू टीम ने नाकाबंदी के दौरान कुमारहट्टी की ओर से आ रही एक आल्टो कार को जांच के लिए रोका। तलाशी लेने पर कार में सवार प्रज्वल जनारथा (34 वर्ष) निवासी गांव अड्डेगा, डाकघर रावला क्यार, तहसील कोटखाई, जिला शिमला तथा परीक्षित चौहान (32 वर्ष) निवासी गांव कलबोग, तहसील कोटखाई, जिला शिमला से 8.32 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान घटना में प्रयुक्त आल्टो 800 कार को भी जब्त कर पुलिस कब्जे में ले लिया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

अर्की में दो युवकों से 2.07 ग्राम चिट्टा बरामद

अनंत ज्ञान, अर्की। जिला पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दो युवकों को 2.07 ग्राम चिट्टा के साथ पकड़ा है। पुलिस थाना अर्की में एफआईआर संख्या 72/2026, दिनांक 20 जुलाई 2026 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 एवं 29 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 20 जुलाई को टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी की। इस दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 2.07 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है।

पेपर लीक कानून युवाओं के हित में ऐतिहासिक कदम: मेलाराम शर्मा

अनंत ज्ञान

राजगढ़। सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) संशोधन विधेयक को मंजूरी दिए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह कानून देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य की सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम साबित होगा। मेलाराम शर्मा ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता किसी भी देश की प्रतिभा आधारित व्यवस्था की नींव होती है। पेपर लीक जैसी घटनाएं मेहनत करने वाले लाखों अभ्यर्थियों के सपनों को प्रभावित करती हैं और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कानून को और सख्त बनाकर पेपर लीक माफिया के खिलाफ कठोर दंड का प्रावधान करना यह स्पष्ट करता है कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल युवाओं को भ्रमित कर अपने हित साधने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुए उपद्रव से जहां देश की छवि प्रभावित हुई, वहीं राष्ट्रीय संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा।

उन्होंने पंजाब में फार्मेसी ऑफिसर्स परीक्षा के पेपर लीक मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि कुछ लोगों ने कथित तौर पर पेपर को लाखों रुपए में बेचा। नेताओं पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि क्या वे पंजाब में हुए पेपर लीक मामले को लेकर वहां के शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्रियों से भी इस्तीफे की मांग करेंगे।

राजगढ़ के दुर्गम गांवों तक पहुंचेगी बस, 10 नए रूटों पर कवायद तेज

अनंत ज्ञान

राजगढ़। राजगढ़ उपमंडल के दूरस्थ और दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। शुक्रवार को बीडीओ कार्यालय राजगढ़ के सभागार में आयोजित उपमंडल स्तरीय बस मार्ग निर्धारण समिति की बैठक में वर्तमान बस सेवाओं की समीक्षा करने के साथ-साथ नए बस मार्गों के प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान विभिन्न पंचायतों से प्राप्त मांगों और जनप्रतिनिधियों के सुझावों के आधार पर करीब दस नए संभावित बस मार्गों की पहचान की गई, जिन्हें आवश्यक तकनीकी एवं व्यवहारिक परीक्षण के बाद स्वीकृति के लिए उच्च स्तर पर भेजा जाएगा। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम राजगढ़ एवं समिति के अध्यक्ष राज कुमार ठाकुर ने की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि तथा समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सबसे पहले उपमंडल में संचालित वर्तमान बस सेवाओं की समीक्षा की गई और यह आकलन किया गया कि किन क्षेत्रों में अब भी नियमित परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं है अथवा पर्याप्त नहीं है।

अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त सुझावों के आधार पर ऐसे मार्गों को चिन्हित करने पर विशेष जोर दिया, जहां लोगों को प्रतिदिन आवागमन के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बैठक में इस बात पर भी विशेष चर्चा हुई कि कई पंचायतों से विद्यार्थी उच्च शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने, कर्मचारी अपने कार्यस्थलों तक समय पर जाने तथा किसान अपनी कृषि एवं बागवानी उपज को बाजार तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त परिवहन सुविधा के अभाव में परेशानियों का सामना करते हैं। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए समिति ने ऐसे मार्गों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया, जिनसे अधिकतम ग्रामीण आबादी को सीधा लाभ मिल सके।

नाहन में जिला स्तरीय 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' कार्यक्रम हुआ आयोजित

साकारात्मक सोच अपनाएं, नशे को हमेशा कहें नो: उपायुक्त

अनंत ज्ञान

नाहन। संस्कृत महाविद्यालय नाहन में आयोजित जिला स्तरीय 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए सकारात्मक सोच अपनाने और जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उपायुक्त ने कहा कि आज का युवा कई बार बेहतर परिणाम देने के दबाव, प्रतिस्पर्धा और असफलता के कारण तनाव की स्थिति में पहुंच जाता है, जिसके चलते कुछ युवा नशे की ओर आकर्षित होते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि असफलता से निराश होने के बजाय अपनी कमियों को पहचानें और उनमें सुधार कर आगे की रणनीति तैयार करें। उन्होंने कहा कि नशा केवल स्वास्थ्य को ही नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि व्यक्ति के चरित्र, भविष्य, परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिरमौर निश्चिंत सिंह नेगी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी संगत जीवन को सही दिशा देती है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और अपने आसपास होने वाली नशे से संबंधित गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। इस अवसर पर संस्कृत महाविद्यालय नाहन की पत्रिका 'रसाल:' का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने नशा न करने की शपथ ली। जिला युवा अधिकारी अमृषा शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के तहत लोक नृत्य, लोक संगीत, भाषण, नुक्कड़ नाटक, स्लम पोएट्री, पेंटिंग, ऑनलाइन रील निर्माण और ऑनलाइन स्लोगन लेखन सहित आठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें लगभग 190 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

08 प्रतियोगिता में ये रहे विजेता

लोक नृत्य में राजकीय संस्कृत कॉलेज नाहन प्रथम, यूथ क्लब राजगढ़ द्वितीय और राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब तृतीय रहा। लोक संगीत में स्नेहा प्रथम रहीं। भाषण प्रतियोगिता में नेहा प्रथम स्थान हासिल किया। नुक्कड़ नाटक में राइजिंग स्टार नाहन विजेता रहा। स्लैम पोएट्री, पेंटिंग, रील निर्माण और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सिरमौर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

ठाकुर अशोक सुकेतिया
मैनेजिंग डायरेक्टर एमबीएफ कंस्ट्रक्शन

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

दीपा कुमारी
प्रधान ग्राम पंचायत राड़ी

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

सरवन कुमार
प्रधान ग्राम पंचायत भटवाड़ा

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अनिल कुमार ठाकुर
प्रधान ग्राम पंचायत गांण

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

योगराज
सचिव ग्राम पंचायत भटवाड़ा

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

रामशरण ठाकुर
उप प्रधान ग्राम पंचायत भटवाड़ा

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

Liyakat Khan
Vice Chairman Zila Parishad CHAMBA and Senior Vice President HP Congress Committee Minority Department

जिला गुज्जर कल्याण सभा चम्बा

समस्त प्रदेश वासियों को आपसी प्रेमभाव व सद्भावना के प्रतीक अंतराष्ट्रीय मिंजर मेला की बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं पेश करती है

हसन दीन अध्यक्ष
गुज्जर कल्याण सभा चम्बा

शमाऊन खान
वरिष्ठ उपाध्यक्ष

मुहम्मद रफ़ी महासचिव

याकूब मुहम्मद
प्रधान ग्राम पंचायत केला एवम् उपाध्यक्ष गुज्जर कल्याण सभा चम्बा

त्रिलोक ठाकुर
चेयरमैन
पंगवाल एकता मंच, पांगी

भगत बड़ोतरा
को-चेयरमैन
पंगवाल एकता मंच, पांगी

अजीत राणा
महासचिव
पंगवाल एकता मंच

जय पांगी जय पंगवाल। आप सभी को अंतरराष्ट्रीय मिंजर उत्सव की शुभकामनाएं।

पंगवाल एकता मंच पांगी का उद्देश्य पांगी विधानसभा क्षेत्र बहाली और चेहनी पास सुरंग निर्माण परियोजना।

न भरमौर के साथ, न चुराह के साथ न लाहौल के साथ, पांगी विधान सभा क्षेत्र हो बहाल पांगी नाम के साथ जय पांगी जय पंगवाल ।

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला 2026 की खज्जियार इको टूरिज़्म सोसायटी की तरफ से समस्त प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 (g) में वनों, झीलों, नदियों व पर्यावरण संरक्षण मौलिक कर्तव्यों में उल्लेखित हैं। चम्बा में कालाटोप – खज्जियार, गमगुल– सियाबेही, सेचु तुआन नाला, तुन्दाह एवं कुगती पांच वन्य प्राणी शरण्य स्थल हैं।

चम्बा का सेंचुरी एरिया ना सिर्फ दुलर्भ वन्य प्राणियों का घर है अपितु जीवन के लिए अति आवश्यक ऋतु चक, जल चक, पारिस्थितिक तंत्र, भूमि संरक्षण, कार्बन पृथ्थकरण आदि को भी संतुलित करता है। इन सेंचुरी एरिया में शिकार करना, हथियार लाना, कूड़ा कर्कट फैलना, अवैध प्रवेश करना, आग जलाना, यहां तक की बिना अनुमति के प्रवेश करना भी अपराध की श्रेणी में आता है। मानव जाति के उज्जवल भविष्य के लिए यह आवश्यक है कि सतत् विकास करें तथा वनों, वन्य प्राणियों एवं शरण्य स्थलों का संरक्षण करें।

सदस्य सचिव, खज्जियार इको टूरिजम सोसायटी एवं वन मण्डलाधिकारी वन्य प्राणी मण्डल, चम्बा।

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अनु कपूर
पोल्ट्री फार्म जांघी

श्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू
माननीय मुख्यमंत्री हि.प्र.

कृषि विभाग
जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश

श्री चंद्र कुमार, कृषि एवं पशुपालन मंत्री हि.प्र.

e-mail: ddachamba@ymail.com,website: agriculture.hp.gov.in

कृषि विभाग द्वारा संचालित मुख्य किसान कल्याणकारी योजनायें

योजना का नाम	सरकार द्वारा दी जा रही सहायता/उपदान
राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन	मक्की, गेहूं, दालों, धान व पोषक अनाजों के आधुनिक तकनीक के प्रदर्शन का प्रावधान इसके साथ साथ बीजों, कीट नाशक दवाईयों व कृषि उपकरणों पर 50% अनुदान का प्रावधान
राष्ट्रीय कृषि विकास योजना	कृषि विविधिकरण को बढ़ावा देने हेतु सब्जियों के खुली परागित व संकर किस्मों के बीजों पर 50% अनुदान का प्रावधान
मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना	किसानों व बागवानों को निशुल्क मृदा परीक्षण व मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध करवाना
प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना व मौसम आधारित फसल बीमा	प्रदेश के विभिन्न जिलों के चयनित खंडों में मक्की, धान, गेहूं जौ टमाटर, शिमला मिर्च, लहसुन, आलू, मटर, बंद गोभी, फूलन गोभी एवम अदरक फसलें इस योजना में शामिल हैं
सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मेकानाइजेसन (SMAM) राज्य कृषि यंत्रीकरण प्रोग्राम	इस योजना के अंतर्गत सभी किसानों के लिए ट्रैक्टर व पॉवर वीडर खरीदने पर 50% अनुदान का प्रावधान Web portal: agrimachinery.nic.in
राज्य कृषि यंत्रीकरण प्रोग्राम	इस योजना के अंतर्गत सभी किसानों के लिए मक्की का श्रेशर, घास काटने के लिए ब्रश कटर तथा स्प्रे पंप खरीदने पर 50% अनुदान का प्रावधान web portal: agridbt.hp.gov.in
मुख्य मंत्री कृषि उत्पादन संरक्षण योजना (बाड़बंदी)	व्यक्तिगत व सामूहिक स्तर पर कांटेदार तार तथा चैन लिंक बाड़ लगाने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान
	कम्पोजिट बाड़ लगाने पर 70% अनुदान का प्रावधान
मुख्यमंत्री कृषि संवर्धन योजना	इस योजना के अंतर्गत किसानों को विभिन्न फसलों के बीजों, कृषि रसायनों पर 50% अनुदान का प्रावधान है तथा रासायनिक खादों पर अनुदान का प्रावधान
मुख्यमंत्री किसान एवम खेतिहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना	कृषि मशीनरी का प्रयोग करते हुए किसान की उंगली कट जाने, या मृत्यु होने पर 40 हजार रूपये से लेकर 3.00 लाख रूपये की वित्तीय सहायता
पौषक अनाजों को बढ़ावा	इस योजना में किसानो को मोटे अनाजों के बीज 80% अनुदान पर दिया जाते हैं।

कृषि विभाग की भू एवम जल संरक्षण योजनायें

योजना का नाम	सरकार द्वारा दी जा रही सहायता/उपदान
जल से कृषि को बल	किसानों को सिंचाई जल उपलब्ध करवाने हेतु चैक डैम एवम तालाबों का निर्माण।
प्रवाह सिंचाई योजना	प्रदेश में कुहलों के स्रोतों का नवीनीकरण तथा सामुदायिक क्षेत्रों में कुहलों का सुदृढीकरण।
प्रधान मंत्री किसान उर्जा एवम उत्थान महाभियान योजना (पी एम कुसुम योजना)	सौर पम्पों से सिंचाई हेतु सभी वर्गों के किसानों को व्यक्तिगत व सामूहिक स्तर पर सौर उर्जा चलित पम्पिंग मशीनरी लगाने हेतु 85 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान।
प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना	योजना के अंतर्गत सामुदायिक स्तर पर चैक डैम, जल संचयन टैंक व सिंचाई पाइप पर शत प्रतिशत अनुदान का प्रावधान।

अधिक जानकारी के लिए कृषि विभाग में कृषि अधिकारी से संपर्क करें।

e-mail; ddachamba@ymail.com, website: agriculture.hp.gov.in

नशा मुक्त हिमाचल–स्वस्थ, सुरक्षित, समृद्ध हिमाचल

नशा एक अभिशाप
जीवन को न करें बर्बाद

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार

आइए, नशे से दूरी बनाएं– खुशहाल भविष्य अपनाएं

नशा क्या है?

ऐसी कोई भी वस्तु या पदार्थ जिसका सेवन करने से हमारे शरीर, मन व व्यवहार पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

नशे के दुष्परिणाम

- शारीरिक बीमारियाँ
- मानसिक तनाव
- परिवार का विघटन
- आर्थिक नुकसान
- अपराध की प्रवृत्ति
- जीवन की असमय समाप्ति

कौन-कौन से नशे हानिकारक हैं?

- शराब
- चरस, गांजा
- स्मैक, हेरोइन
- तंबाकू, गुटखा, सिगरेट
- अन्य मादक पदार्थ

नशे की रोकथाम के लिए हम सबकी जिम्मेदारी

- परिवार में संवाद और प्यार बनाए रखें
- बच्चों और युवाओं को सही मार्गदर्शन दें
- अच्छी संगति और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ें
- खेलकूद, योग और व्यायाम को अपनाएं
- अपना लक्ष्य तय करें और उसे प्राप्त करने का प्रयास करें
- नशा करने वालों को रोकें और समझाएं

अगर आप या आपका कोई परिचित नशे की लत से पीड़ित है तो

- शुरुआत में पहचानें
- समझदारी से बात करें
- डाँटने या अपमानित करने से बचें
- निकटतम नशा मुक्ति केंद्र या परामर्श केंद्र से संपर्क करें
- उसे अकेला महसूस न होने दें, साथ दें और प्रेरित करें

सहारा दें उम्मीद जगाएं जीवन बचाएं

नशा मुक्त्त जीवन के लाभ

- स्वस्थ शरीर और तंदुरुस्त मन
- परिवार में खुशहाली और सम्मान
- पढ़ाई-लिखाई और करियर में सफलता
- समाज में प्रतिष्ठा और आत्मविश्वास
- उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य

नशा मुक्ति के लिए उपलब्ध सुविधाएं

- नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र
- परामर्श एवं मनोवैज्ञानिक सहायता
- समूह चिकित्सा एवं नियमित फॉलो-अप
- पुनर्वास के बाद रोजगार से जोड़ना

आइए, मिलकर नशा मुक्त समाज का निर्माण करें!

नशा छोड़ें – जीवन जोड़ें

शराब से दूरी बनाएं | तंबाकू का त्याग करें | ड्रग्स को ना कहें | स्वस्थ जीवन को अपनाएं

नशा मुक्ति हेल्पलाइन
टोल फ्री नं.
14416
गोपनीय | निःशुल्क | 24x7

एक कदम आपकी ओर, एक जीवन नशे से दूर

STOP DRUGS
नशा मुक्त हिमाचल हम सबका संकल्प

अधिक जानकारी के लिए QR Code स्कैन करें

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें
जिला कल्याण अधिकारी/तहसील कल्याण अधिकारी
निदेशालय अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सशक्तिकरण, शिमला–09
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में 650 जवान संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था

चार सेक्टरों में बांटा मिंजर मेला क्षेत्र, सीसीटीवी से रखी जाएगी पूरी नजर, आठ सांस्कृतिक संध्याओं में कलाकार बिखेरेंगे रंग

◆ प्रथम सांस्कृतिक संध्या में इशांत भारद्वाज देंगे प्रस्तुति

अनंत ज्ञान

प्रेसवार्ता करते अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला–2026 से संबंधित प्रबंधों के अलावा सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित सभी तैयारियां भी पूर्ण कर ली गई हैं। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त व अधिकारी मिंजर मेला समिति अमित मैहरा ने बचत भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में दी।

अमित मैहरा ने मेले के दौरान प्रत्येक सांस्कृतिक संध्या में मुख्य कलाकारों के बारे जानकारी देते हुए बताया कि 26 जुलाई को प्रथम सांस्कृतिक संध्या में इशांत भारद्वाज प्रस्तुति देंगे। 27 जुलाई दूसरी सांस्कृति संध्या में सुनील राणा अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। 28 जुलाई को तीसरी सांस्कृतिक संध्या में कुलदीप शर्मा अपनी प्रस्तुति देंगे। 29 जुलाई को चौथी सांस्कृतिक संध्या में यासिर देसाई लोगों का मनोरंजन करेंगे। इसी तरह 30 जुलाई को मेले की पांचवी सांस्कृतिक संध्या में अंकुश भारद्वाज अपनी प्रस्तुति देंगे। 31 जुलाई को छठी सांस्कृतिक संध्या में जस्सी गिल और बब्बल राय कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि 1 अगस्त को सातवीं सांस्कृतिक संध्या में असीस कौर अपनी प्रस्तुति देंगे तथा 2 अगस्त को मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में गिप्पी ग्रेवाल लोगों का मनोरंजन करेंगे। इसके अलावा प्रथम सांस्कृतिक संध्या 26 जुलाई को इशांत भारद्वाज, अरविन्द कुमार, गुलशन पाल, करण, नरेन्द्र महाजन, भूपेश तूर, अजीत भट्ट एंड पार्टी भी अपनी प्रस्तुतियाँ देंगी इसी तरह 27 जुलाई को दूसरी सांस्कृतिक संध्या में सुनील राणा, अनुज शर्मा, जितेंद्र पंकज शर्मा, नरेंद्र कुमार निठ्ठू, भावना जरयाल, नवीन और शिव कुमार एण्ड पार्टी अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश के आलावा विभिन्न क्षेत्रों से सांस्कृतिक दल भी मिंजर मेले में अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

मिंजर मेले के दौरान सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं बारे जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी ने बताया कि सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत मिंजर मेला क्षेत्र को 4 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। उन्होंने बताया कि मिंजर मेले में कुल 650 सुरक्षा कर्मियों के अलावा महिलाओं की सुरक्षा के लिए एंटी इव टीसिंग दल, नशे की तस्करी और रोकथाम के लिए एंटी चिट्टा दल और खुफ़िया दल भी तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पार्किंग की सुविधा पुलिस ग्राउंड बारगाह में की गई है और सायं चार बजे से भरमौर चौक से मुख्य शहर की ओर वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। इसके अलावा विशेष निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए है। उन्होंने बताया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में 112 और 1930 हेल्पलाइन नंबर पर सम्पर्क किया जा सकता है वहीं चौगान नंबर 1 में पुलिस का कण्ट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि मिंजर मेले में विभिन्न खेल गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं जिसमें नए खेल शामिल किए गए हैं जैसे चम्बा का पारम्परिक खेल कोड़ी, महिला कबड्डी, जूनियर हॉकी और जूनियर बास्केट बाल है। पुलिस अधीक्षक ने मेले के दौरान नागरिकों से कानून का पालन करने तथा शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

नाटी प्रतियोगिता भी होगी, विजेता टीम को मिलेंगे 51 हजार रुपए

मिंजर मेले के शुभ आरंभ अवसर पर नाटी प्रतियोगिता किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल होंगी, विजेता टीम को 51 हजार की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त मिस मिंजर कवीन प्रतियोगिता, एंटी चिट्टा अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक प्रस्तुतियां, पुस्तक मेला, स्वास्थ्य शिविर, विधिक सेवा शिविर जहाँ मुफ्त कानूनी सलाह ली जा सकेगी भी आयोजित किए जाएंगे।

स्वयं सहायता समूहों के लगेंगे 16 स्टॉल

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में विभिन्न नई गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। इनमें स्वयं सहायता समूह मेला प्रमुख है, जिसके अंतर्गत 16 स्टॉल लगाए जा रहे हैं। इन स्टॉलों पर स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा।

मेले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लगाएगा विधिक जागरुकता एवं सहायता शिविर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुजा सूद ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला–2026 के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्बा द्वारा आम नागरिकों को कानूनी जानकारी एवं सहायता उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता एवं सहायता शिविर लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता की प्रक्रिया तथा विभिन्न जनकल्याणकारी विधिक योजनाओं के बारे में जागरूक करना है। शिविर में आने वाले लोगों को लोक अदालत, मध्यस्थता, न्यायालय में वाद दायर होने से पूर्व समझौता प्रक्रिया, स्थायी लोक अदालत तथा पीड़ित प्रतिकर योजना सहित अनेक विधिक सेवाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिविर में महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों, औद्योगिक श्रमिकों तथा अन्य पात्र व्यक्तियों के लिए उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी, पैरा विधिक स्वयंसेवक तथा प्रशिक्षित कार्मिक मौजूद रहेंगे, जो नागरिकों की कानूनी समस्याओं का समाधान करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझाई जाएगी। इसके अतिरिक्त शिविर में विधिक जागरूकता से संबंधित पुस्तिकाओं और सूचना सामग्री भी निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्बा ने सभी जिला वासियों, श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों से अपील की है कि वे मिंजर मेले के दौरान आयोजित इस शिविर का लाभ उठाएं और अपने कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी प्राप्त करें।

शिक्षा मंत्री रोहित 28–29 को रहेंगे चंबा प्रवास पर

अनंत ज्ञान, चंबा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 28 और 29 जुलाई को जिला चंबा के प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने शिक्षा मंत्री के जारी प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि रोहित ठाकुर 28 जुलाई को दोपहर बाद डलहौज़ी पहुंचेंगे। प्रवास के दौरान शिक्षा मंत्री डलहौज़ी स्थित राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान वे विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, शैक्षणिक गतिविधियों तथा निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेंगे। इसके बाद शिक्षा मंत्री सायंकाल करीब 6 बजे चंबा पहुंचेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला–2026 की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस अवसर पर वे मेले के कार्यक्रमों में भाग लेने के साथ–साथ स्थानीय लोगों और अधिकारियों से भी संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को शिक्षा मंत्री प्रातः 11 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगला के अतिरिक्त भवन की आधारशिला रखेंगे। इस भवन के निर्माण से विद्यालय में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के समापन के बाद शिक्षा मंत्री दोपहर बाद मंगला से हमीरपुर के लिए रवाना होंगे। शिक्षा मंत्री के चंबा प्रवास को लेकर विभागीय स्तर पर तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

◆ मिंजर मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि होंगे शामिल

अग्निवीर भर्ती: कांगड़ा व चंबा के अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। सेना भर्ती कार्यालय, पालमपुर द्वारा कांगड़ा एवं चंबा जिलों के अग्निवीर अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय, पालमपुर के निदेशक कर्नल विशाल शाह ने बताया कि अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क,स्टोर कीपर टेक्निकल, तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन श्रेणियों के अभ्यर्थी 21 जुलाई 2026 से भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी प्रकार की कठिनाई आती है, वे व्यक्तिगत रूप से अथवा ई–मेल aroplmvv@gmail.com या दूरभाष संख्या 8894088311 के माध्यम से सेना भर्ती कार्यालय, पालमपुर से संपर्क कर सकते हैं। कर्नल विशाल शाह ने बताया कि अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर टेक्निकल, अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं पास तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन 8वीं पास श्रेणियों के अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा 1 अगस्त 2026 से यूथ सर्विसेज हिमाचल प्रदेश स्पोर्ट्स सिंथेटिक ट्रैक, धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर क्लर्क जीडी, अग्निवीर क्लर्क टेक तथा अग्निवीर क्लर्क ट्रेड्समैन 10वीं पास श्रेणियों के कांगड़ा एवं चंबा जिलों के अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा 2 एवं 3 अक्टूबर 2026 को अनु सिंथेटिक ट्रैक, हमीरपुर में आयोजित होगी। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे अपने प्रवेश पत्र में अंकित तिथि, समय एवं निर्देशों का पालन करते हुए ही परीक्षा स्थल पर उपस्थित हों। अपने साथ सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, प्रवेश पत्र एडमिट कार्ड, वैध फोटो पहचान पत्र तथा क्षतिपूर्ति बांड इंडेम्निटी बॉन्ड अनिवार्य रूप से लेकर आएं। आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में अभ्यर्थी को भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कर्नल विशाल शाह ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया से संबंधित नवीनतम सूचनाओं एवं आवश्यक दिशा–निर्देशों के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय, पालमपुर के आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल से अवश्य जुड़ें, ताकि उन्हें समय–समय पर सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त होती रहें।

चन्हौता में 10 वर्षों से पांच प्रवक्ताओं के पद खाली, एसएमसी ने नियुक्ति की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

भरमौर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चन्हौता में लंबे समय से विभिन्न विषयों के प्रवक्ताओं के पद रिक्त होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस समस्या को लेकर स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) ने उपमंडलीय मैजिस्ट्रेट (एसडीएम) भरमौर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग उठाई है।

एसएमसी अध्यक्ष रविंद्र सिंह की अध्यक्षता में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि विद्यालय में पिछले करीब 10 वर्षों से पांच महत्वपूर्ण विषयों के प्रवक्ताओं के पद खाली पड़े हुए हैं। इनमें प्रवक्ता अंग्रेजी, प्रवक्ता हिन्दी, प्रवक्ता राजनीति शास्त्र, प्रवक्ता अर्थशास्त्र तथा प्रवक्ता आईटी/कम्प्यूटर के पद शामिल हैं। लंबे समय से पद रिक्त रहने के कारण विद्यार्थियों को संबंधित विषयों की नियमित पढ़ाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि 25 जुलाई 2026 को आयोजित एसएमसी बैठक में इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विद्यालय में रिक्त पड़े सभी प्रवक्ता पदों पर जल्द से जल्द स्थायी नियुक्तियां की जाएं। एसएमसी ने शिक्षा विभाग से आग्रह किया है कि विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इन पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाए। समिति ने यह भी मांग रखी है कि यदि स्थायी नियुक्ति प्रक्रिया में समय लगता है तो वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लमेड़ी अथवा होली से संबंधित विषयों के शिक्षकों को कम से कम तीन दिनों के भीतर अस्थायी प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारू रूप से जारी रह सके। एसएमसी ने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी है कि यदि अगले 10 दिनों के भीतर शिक्षा विभाग द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया और शिक्षकों की अस्थायी व्यवस्था भी नहीं की गई तो अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय भेजना बंद करने के लिए मजबूर होंगे। अभिभावकों और एसएमसी सदस्यों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि बच्चों के शैक्षणिक हितों को देखते हुए जल्द समाधान निकाला जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कमी का सीधा असर विद्यार्थियों की तैयारी और परीक्षा परिणामों पर पड़ सकता है, इसलिए इस गंभीर समस्या का शीघ्र निवारण आवश्यक है।

सिद्धचक्र महामंडल विधान में उमड़ी श्रद्धा

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। श्री दिगंबर जैन मंदिर, सेक्टर–27 बी, चंडीगढ़ में चल रहे अष्टान्हिका महापर्व के अवसर पर आयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं शांति महायज्ञ का पंचम दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः भगवान जिनेंद्र देव के अभिषेक, शांतिधारा और मंगलाचरण के साथ हुआ।

ब्रह्मचारिणी आशा दीदी के सानिध्य में विधान की धार्मिक क्रियाएं विधि–विधान से पूरी की गईं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर विश्व शांति, समाज कल्याण और आत्मकल्याण की कामना की। पंचम दिवस की शांतिधारा का सौभाग्य श्री नवरत्न जैन, श्री मनीष जैन और श्री जितेंद्र जैन खरड़ को प्राप्त हुआ। आशा दीदी ने प्रवचन में बताया कि पंचम दिवस उपाध्याय परमेष्ठी की आराधना को समर्पित होता है। उन्होंने कहा कि उपाध्याय परमेष्ठी जिनवाणी के अध्ययन और अध्यापन के माध्यम से आत्मकल्याण का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने बताया कि इस दिन श्रद्धालुओं द्वारा 128 अर्घ्य समर्पित किए गए, जिनका उद्देश्य ज्ञानावरणीय कर्मों की निर्जरा और आत्मज्ञान की प्राप्ति है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अध्ययन, स्वाध्याय, संयम और आत्मचिंतन को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर मंत्रोच्चारण और भगवान जिनेंद्र के जयघोष से गूंज उठा। शाम को महाआरती आयोजित की गई। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्म बहादुर जैन, महासचिव संत कुमार जैन सहित अनेक पदाधिकारी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

ट्रांसजेंडर स्टेट आइकन राजेश ने भरा एसआईआर फॉर्म

अनंत ज्ञान, साहिबजादा अजीत सिंह नगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर–2026) अभियान में जिला स्वीप टीम ने पात्र मतदाताओं को जोड़ने की मुहिम तेज कर दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कोमल मित्तल के नेतृत्व में टीम समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचकर एन्यूमरेशन फॉर्म भरवा रही है। इसी अभियान के तहत जिला स्वीप टीम ने ट्रांसजेंडर स्टेट आइकन राजेश का एसआईआर–2026 गणना फॉर्म भरवाया। इस दौरान राजेश ने 'हर एक वोट जरूरी है' का संदेश देते हुए ट्रांसजेंडर समुदाय सहित सभी पात्र मतदाताओं से अपना फॉर्म अवश्य भरने की अपील की।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है और हर वोट का अपना महत्व है। जिला स्वीप टीम ने बताया कि एसआईआर अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी और समावेशी बनाना है। अभियान के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनाकर पात्र मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया से जोड़ा जा रहा है।

पंजाब सरकार द्वारा डेयरी किसानों और दूध उत्पादकों को बड़ा तोहफा

अनंत ज्ञान

◆ दूध खरीद दर में 40 रुपये प्रति किलो फैट बढ़ोतरी

गुरनाम सागर, चंडीगढ़। पंजाब सरकार के किसानों के साथ चट्टान की तरह खड़े रहने और बातचीत के ज़रिए उनके मसलों को हल करने के वादे को दोहराते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने प्रोग्रेसिव डेयरी फार्मर्स एसोसिएशन (पीडीएफए) के प्रधान दलजीत सिंह गिल सरदारपुरा के नेतृत्व वाले एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिसमें इसकी एग्जीक्यूटिव कमेटी और कोर कमेटी के सदस्य भी शामिल थे।

मीटिंग के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को चारे की कीमतों और दूसरी लागतों में भारी बढ़ोतरी के कारण डेयरी किसानों के सामने आने वाली गंभीर चुनौतियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि दूध बनाने की लागत काफी बढ़ गई है, जिससे डेयरी सेक्टर गंभीर आर्थिक संकट में फंस गया है और किसानों के लिए अपना गुज़ारा करना मुश्किल हो रहा है।

इस मामले पर तुरंत ध्यान देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने किसानों की जायज़ मांग मान ली और दूध की खरीद दर में 40 रुपये प्रति किलोग्राम फैट बढ़ाने का ऐलान किया। यह बदला हुआ रेट 21 जुलाई, 2026 से लागू हो गया है। इससे पूरे पंजाब के लाखों डेयरी किसानों को बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी।

बरनाला में सफाई क कर्मियों के साथ हुई घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण : मीत हेयर

अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर, चंडीगढ़। संगरूर से आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद हरमीत सिंह मीत हेयर ने शुक्रवार को बरनाला में सफाई कर्मचारियों के साथ हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि भगवंत मान सरकार ने जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कार्रवाई की है। एक बयान में, आप सांसद मीत हेयर ने कहा कि यह घटना बहुत निंदनीय और अफसोसनाक है। उन्होंने कहा कि घटना के तुरंत बाद मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के साथ इस मामले पर विस्तार से चर्चा की गई थी। उन्होंने आगे कहा, 'मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए, बरनाला सब–डिवीजन के डीएसपी सतवीर सिंह को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है।'

आउटसोर्स कर्मियों को राहत के लिए ऑर्डिनेंस मंजूरी की मांग

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से 'पंजाब स्टेट आउटसोर्स्ड पर्सनेल ट्रांजिशन टू कॉन्ट्रैक्चुअल एंगेजमेंट ऑर्डिनेंस, 2026' को जल्द मंजूरी देने की अपील की है। सरकार का कहना है कि इससे हजारों आउटसोर्स कर्मचारियों को सीधे सरकारी अनुबंध पर लाने का रास्ता साफ होगा और ठेकेदारों के माध्यम से होने वाला शोषण खत्म होगा।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली कैबिनेट ने 13 जुलाई, 2026 को इस ऑर्डिनेंस को मंजूरी दी थी। इसके लागू होने से सफाई कर्मचारी, सीवरमैन और पावरकॉम सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत योग्य आउटसोर्स कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। चीमा ने कहा कि फाइल राजभवन में लंबित है और राज्यपाल से इसे जल्द मंजूरी देने की अपील की गई है, ताकि हजारों कर्मचारियों और उनके परिवारों को राहत मिल सके। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों के दौरान आउटसोर्सिंग व्यवस्था के कारण कर्मचारियों का आर्थिक शोषण हुआ। वित्त मंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार ने रोजगार और कर्मचारी हितों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने अपने कार्यकाल में 66 हजार से अधिक सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत नगेहड़
विकास खंड व तह. बैजनाथ , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत नगेहड़ द्वारा सामग्री सप्लाई हेतु निविदा आमंत्रित की हुई थी परन्तु ग्राम पंचायत को उक्त अवधि में केवल दो ही निविदाएं प्राप्त हुई थीं जिनको नियमानुमार नहीं खोला जा सकता है अतः ग्राम पंचायत नगेहड़ सामग्री की निविदाएं आमंत्रित करती है निविदा फार्म 05/08/2026 तक पंचायत कार्यालय में प्राप्त किए जा सकते हैं निविदाएं दिनांक 06/08/2026 तक पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए निविदाएं दिनांक 07/08/2026 को खोली जाएंगी निविदाएं निम्न सामग्री की आमंत्रित की जाती है। 1 क्रशर रेट 2 क्रशर 3 ईट 4 कट पत्थर 5 शटरिंग 6 सीमेंट ढुल्बाई 7 सोलिंग स्टोन 8 जेसीबी एवं निर्माण सामग्री।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत नगेहड़
विकास खंड व तह. बैजनाथ , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत बथेरी विकास खण्ड द्रंग, जिला मंडी (हि.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत बथेरी विकास खण्ड द्रंग जिला मण्डी हि प्रदेश द्वारा वर्ष 2026-2027 के लिए विभिन विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत बिक्रेताओ से मुहर बंद (सील्ड) निविदाएं कुटेशने आमंत्रित की जाती है। ये निविदाय दिनाक 10-07-2026 10 बजे से 27.7.2026 शाम 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। 28.07.2026 को 11:00 - बजे कार्यलय में पदाधिकारियों की गज पूर्ति व निविदादाताओ या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।प्रशासनीय कारणों से इस तिथि में बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। इस दशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जायगी। सूचना ग्राम पंचायत के सुचना पट पर-प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत का इस अवधि हेतु निम्न लिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी। 1. रेत क्रशर प्रति धन फुट, 2 रेत खड्ड प्रति धन फुट, 3. बजरी क्रशर प्रति धन फुट, 4. बजरी खड्ड प्रति धन फुट, 5. बोल्डर पत्थर सोलिंग प्रति धन फुट, 6. ईंट अब्बल प्रति ईंट, 7 टाइल प्रति घन मित्र, 8 JCB मशीन कटिंग रोड प्रति घन मीटर प्रति घण्टा, 9 पत्थर ब्रेकर प्रति घन मीटर प्रति घण्टा, 10 शटरिंग लोहे की प्रति वर्ग foot, 11 शटरिंग लकड़ी की प्रति वर्ग फुट, 12.दरवाजे लकड़ी, खिड़की, दरवाजे, चौखट फिटिंग प्रति वर्ग फुट, 13 प्लाई वोर्ड पीस अन्य फैंसी सीलिंग, प्लास्टिक साइज सहित रेट 1×1 per pic, 14 फर्नीचर खेल कुर्सी, सोफा मेज सेटी, लेक्चर स्टैंड Ect. प्रति न. वाइज रेट, 15 वेल्डिंग वर्क प्रति किलो, 16 मिक्चर मशीन प्रति दिन प्रति घण्टा, 17 पेंटर प्रति दिन प्रति फुट, 18 साइन बोर्ड 2×3 राइटिंग सहित प्रति पीस प्रति अक्षर, 19 बिजली फिटिंग सामग्री व लेवर आईटम बार प्रति प्वाइंट, 20 स्टेशनरी सभी प्रकार की पंचायत कार्य हेतु दर सहित, 21. कम्प्यूटर मरम्मत, प्रिंटर मरम्मत रेट अलग अलग दर्शाएं, 22 स्लेर साईज वाईज, 23 सिमेंट ढुलान पधर से पंचायत घर तक प्रति वेग,24 सीमेंट ढुलान पंचायत घर से 7 वार्ड में प्रति घन फुट, 25 ढुलान रेत बजरी पंचायत घर से 7 वार्ड में प्रति धन फुट, 26 जेसीबी रोड सफाई प्रति घंटा, 27 मिट्टी ढुलान टिपर / ट्रैक्टर प्रति दिन, 28 कम्प्रेशर प्रति घण्टा, 29 पौधे सेब, प्लम सभी प्रकार के पौधे अलग अलग रेट सहित, 30 चादर सीट 8' 10'12" अलग अलग रेट सहित, 31 सरिया 8 mm, 10mm, 12mm ,16mm वाईडिंग तार प्रति किलो अन्य लोहे के सामान क जे, कीले, होल फास्ट, रेट और आईटम अलग-2. दर्शाए, 32. रंग पेंट 1×1 लेवर रेट प्रति फुट, 33 तारपीन प्रति लिटर दर, 34 पुटी प्रति किलो, 35 पेंट प्रति बाल्टी सभी प्रकार की प्रति बाल्टी अलग अलग दर्शाएं, 36 अक्षर लेखन प्रति अक्षर, 37 GI PIPE पाईप प्रति लेंथ, Per pic., 38 pvc पाइप प्रति लेंथ per pic, 39 सौचालय सीट नल पानी की टैंकी वाशबेशन शावर चिटकनी शीशा खिड़की शीशा, स्टैंडिंग शीट 11 न0 की शीट दर सहित दर्शाए, 40 V Hole Pipe sन डंगे के लिए Per pic, 41 कलवर्ट पाईप Np2 NP3 ड्रेन कट् पीस नाली में लगने वाले Per pic, 42 इंटर लॉक टायल पाथ वर्क Per foot, 43 नाम पटिका पंचायत बथेरी No. 1 लिखाई सहित पदाधिकारियों के नाम

शर्तें निम्न है: 1 निविदा कर्ता के पास GST न0 होना चाहिए । 2. रेत बजरी के m Form wsx होने चाहिए। 3. नविदा की दरें साफ लिखी होनी चाहिए कटिंग मान्य नहीं होगी। 4. सभी करो का लेन देन सरकार के प्रावधान के अनुसार होगा। 5 यदि रेत बजरी पत्थर JCB मशीन समय पर उपलब्ध नहीं की गई तो नविदा रद होगी। 6 रेत बजरी व jcb वालो को पंचायत के नाम से FD मु0 50 हजार की देनी होगी जो बैंक द्वारा पंचायत के नाम pledged (गिरबी) 1 वर्ष को होगी। 7. नविदा डाक द्वारा बन्द लिफाफे में मान्य होगी।

प्रधान/सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत कोहला
विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

निविदा सूचना

यह कि ग्राम पंचायत कोहला में (2026-27) के विकास कार्यों को करवाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं:-

क्र.सं.	मद	इकाई/मात्रा
1.	रेता धुला	प्रति क्यूबिक मीटर
2.	रेता क्रशर	प्रति क्यूबिक मीटर
3.	बजरी क्रशर 10 एमएम	प्रति क्यूबिक मीटर
4.	बजरी क्रशर 20 एमएम	प्रति क्यूबिक मीटर
5.	बजरा क्रशर 40 एमएम	प्रति क्यूबिक मीटर
6.	बोल्डर पत्थर/सोलिंग	प्रति क्यूबिक मीटर
7.	मिक्सर मशीन तेल सहित (कार्य स्थल पर)	प्रति दिन
8.	शटरिंग	प्रति फुट
9.	बोर्ड	–
10.	टूटा पत्थर	प्रति पत्थर
11.	पानी का टैंक	प्रति टैंक
12.	लैंटर डालना, सरिया बांधना, शटरिंग करना	प्रति फुट
13.	सीमेंट ढुलान, लोडिंग व अनलोडिंग (मनरेगा) सहित नादौन सिविल सप्लाई से पंचायत घर तक	प्रति बैग किराया
14.	लोकल मैटेरियल व माल ढुलाई इत्यादि	प्रति फेरा
15.	ईंटें अव्वल, दोयम	प्रति ईंट (बाजार दर)
16.	बजरा	प्रति क्यूबिक मीटर

नियम व शर्तें :— निविदाएं सीलबंद लिफाफे में पंचायत कार्यालय कोहला में दिनांक 04.08.2026 तक पहुंच जानी चाहिए। इसके पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदाएं दिनांक 05.08.2026 को कमेटी के समक्ष खोली जाएंगी। सबसे कम दर की वाली निविदा पास की जाएगी। पास निविदाधारक को धरोहर राशि के रूप में मुचलका 10,000/- (रु0 दस हजार मात्र) की राशि पंचायत कार्यालय में जमा करवानी होगी अन्यथा निविदा रद्द कर दी जाएगी। निविदाधारक के पास अपना GST नम्बर होना अनिवार्य है जिसमें निर्माण कार्य से सम्बन्धित समस्त सामग्री सप्लाई हेतु दर्ज हो। किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत कोहला विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

ग्राम पंचायत पटेरा विकासखंड बिझड़ी जिला हमीरपुर(हिमाचल प्रदेश)

निविदा आमंत्रण सूचना

वितीय वर्ष 2026-27 के विकास कार्य हेतू रेता प्लांट / रेता क्रेशर धुला रेत, बजरी 10,20,40 mm, बोल्डर पत्थर प्रति घन मी ,कट स्टोन प्रति पत्थर.पक्की ईटे abc ग्रेड प्रति ईट, JCB मचीन प्रति घंटा,शाइन बोर्ड 3'x2',4'x3' प्रति sqr फीट, पेवर ब्लॉक,टाइल 30,45,60,80mm प्रति ब्लॉक,सीमेंट कैरिज लोडिंग अनलोडिंग सहित सिविल सप्लाई से सीमेंट स्टोर पंचायत पटेरा तक, प्रति बैंग, मिक्सचर मशीन, प्रति दिन आदि निर्माण सामग्री हेतू निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता काअपना पंजीकरण, GST नं0 व होना अनिवार्य हैं।निविदाएँ सीलबंद लिफाफे में पंचायत के पते पर भेजनी होगी,लिफाफे के बाहर आवेदक का नाम फोन न0 लिखा होना चाहिए।अपूर्ण ,खुली निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा । दरें अंकों व् शब्दों में GST सहित लिखी होनी चाहिए । निर्माण सामग्री जहाँ तक वाहन जाता हैं वहां तक पहुंचानी होगी ।सबसे कम दर वाली निविदा स्वीकार की जाएगी,सामग्री के साथ खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-फॉर्म जमा करवाने होंगें।ग्राम पंचायत द्वारा अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी,सामग्री मांग के उपरान्त सप्लायर को 3 दिन के भीतर मुहैया करवानी होगी। घटिया सामग्री होने पर निविदा रद्द करने का पूरा अधिकार पंचायत का होगा,निविदा रद्द होने पर निविदाता की जमा सुरक्षा राशि वापिस नहीं होगी। सामग्री की अदायगी TA/JE दवारा कार्य का मूल्यांकन करने पर ही की जाएगी।पंचायत के अधिकारियों/ प्रतिनिधियों/कर्मचारियों तथा उनके रिश्तेदारों/सगे सबंधियों/परिवार द्वारा भरी गई निविदाएँ मान्य नहीं होंगी।सामग्री की दरें निविदादाता के साथ नेगोसिएशन के बाद पारित होंगी । निविदाएं दिनांक 10/08/2026 को सायं 5 बजे तक ग्राम पंचायत पटेरा,विकास खंड बिझड़ी,तहसील बड़सर , जिला हमीरपुर हि0प्र0पिन 177401 डाक द्वारा अथवा पंचायत कार्यालय में पहुंचाई जा सकती हैं। सभी निविदाएं दिनांक 11/08/2026को प्रातः 11 बजे पंचायत कार्यालय में गठित समिती के समक्ष खोली जायेंगी, जिसमें निविदाताओं या उनके अधिकृत व्यक्ति का उपस्थित होना अनिवार्य है ।

प्रधान/ सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत भेदेहड़ विकास खण्ड धर्मपुर, तहसील टिहरा जिला मंडी (हि.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत भेदेहड़ , विकास खण्ड धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.) द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। ये निविदाएँ दिनांक 4/08/2026 को ग्राम पंचायत में डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्राप्त की जाएँगी। तत्पश्चात दिनांक 5/08/2026 को पंचायत पदाधिकारियों की गणपूर्ति एवं निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों (यदि उपस्थित हो) के समक्ष खोली जाएँगी। प्रशासनिक कारणों से इस तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। ऐसी स्थिति में सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी तथा केवल ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री/सेवाओं की आवश्यकता रहेगीः रेता क्रशर प्रति घन मीटर, रेता प्लांट (Fine Sand) प्रति घन मीटर, पक्की ईंटें (मिट्टी के भटे की) A,B एवं C Grade) प्रति 1000 संख्या, बजरी 10/20/40 MM (क्रशर) प्रति घन मीटर, JCB मशीन द्वारा कटान प्रति घन मीटर, पत्थर (stone) प्रति घन मीटर, Shuttering (भवन, डंगे, रास्ते व सड़क), Cement की ढुलाई, लकड़ी के दरवाजे एवं चौखट (लकड़ी का नाम सहित), Mule Carriage प्रति कि.मी., Sign Board प्रति वर्ग फुट, Painting and Carriage with Board, Dustbin (15/20/25 Ltr.) CIPET Approved, Sand (Water Bound), GI Sheet (8'×3.5' एवं 10'×3.5'), Aggregate प्रति घन मीटर, Incinerator with Complete Specification, Water Cooler (20, 40 एवं 80 Ltr.) प्रति संख्या, Cement Benches with Arm प्रति संख्या, Road Roller प्रति घंटा तथा Mixture Machine with Labour प्रति घन मीटर। आपूर्तिकर्ता का GST NO. होना आवश्यक है। बजरी एवं रेत के M/X Form ग्राम पंचायत को बिल के साथ प्रस्तुत करने होंगे तथा PWD Batch एवं प्रमाणिकता प्रमाण-पत्र भी अनिवार्य होगा। निविदा पर किसी प्रकार की कटिंग अथवा ओवरराइटिंग स्वीकार नहीं होगी। ओवरराइटिंग पाए जाने पर निविदा निरस्त कर दी जाएगी। सामग्री की आपूर्ति HPPWD Specification के अनुरुप होनी चाहिए। सामग्री के अधिकतम मूल्य निर्धारण एवं गुणवत्ता के आधार पर अनुमोदित निविदाओं की दरों में आवश्यकतानुसार Negotiation किया जाएगा। प्रत्येक निविदादाता को निविदा के साथ रु.20,000/- (बीस हजार रुपये) की एफ.डी. ग्राम पंचायत के नाम प्लेज करना अनिवार्य होगा तथा मूल एफ.डी. 5/08/2026 को साथ लानी होगी। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत भेदेहड़ विकास खण्ड धर्मपुर, तहसील टिहरा जिला मंडी (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत कुहना
विकास खंड प्रागपुर, डा. व तह. रक्कड़, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुहना में वित्त वर्ष 2026-27 में विकासकार्यों के निष्पादन हेतू निविदाए आमंत्रित की जाती है।

सामग्री का विवरण इस प्रकार से है :-

1. रेत धुला - प्रति क्यूबिक फुट, **2.** दरयाई रेता - प्रति क्यूबिक फुट, **3.** बजरी क्रेशर 10 mm - प्रति m3, **4.** दरयाई बजरी - प्रति m3, **5.** बजरी क्रेशर 20 mm - प्रति m3, **6.** बजरा क्रेशर 40 mm - प्रति m3, **7.** दरयाई बजरा - प्रति m3, **8.** बोल्डर पत्थर (सोलिंग) - प्रति क्यूबिक मीटर, **9.** रेता खडड - प्रति m3, **10.** बजरा खडड - प्रति m3, **11.** मिक्सचर मशीन तेल सहित - प्रति दिन, **12.** शटरिंग लोहे की - प्रति प्लेट, **13.** शटरिंग स्टील - प्रति प्लेट, **14.** पत्थर कट स्टोन - प्रति पत्थर, **15.** रेता क्रेशर - प्रति m3, 16. ईंट अब्बल/दोयम - प्रति ईंट, **17.** इंटरलॉक टायल 40, 60 एमएम, **18.** एंगल, पाईप, Grate Wire ट्रिन इत्यादि बाजार दर, 19. पानी, 20. जेसीबी मशीन - प्रति घंटा, 21. लोकल मैटिरियल।

नियम व शर्तें :- निविदादाता का अपना GST नम्बर, Tin नम्बर, M फार्म, WXफार्म होना अनिवाय है। निविदादाता को मु. 10,000/-रूपये धरोहर राशि पंचायत में जमा करवानी होगी। निविदा बंद लिफाफे में ही हस्ताक्षर सहित दे। निविदा आवेदन पूरी तरह से भरा हो जिनका आवेदन अधूरा हुआ उनकी निविदा रदद की जाएगी। 4. पंचायत को यह अधिकार होगा कि वह निविदा को किसी भी समय रदद कर सकती है। जिनका मुल्य कम होगा उस निविदादाता को वर्ष 2026-27 हेतू पूर्ति आदेश दिए जाएगें। अगर चयनित निविदादाता वित्त वर्ष के समय कार्य छोडता है, मेटिरियल की गुणवत्ता सही नहीं पाई जाती है, समय पर नहीं पहुंचाई जाती है और दर्शायी गई जगह पर नहीं पहुंचाया जाता है और कार्य व्यवधान पैदा होते है तो आपूर्तिकर्ता को पंचायत द्वारा 15 दिन का नोटिस देने के उपरांत किसी भी समय निविदा को रदद किया जा सकता है। फाइनल पेमेंट तकनीकी मुल्याकंन उपरांत ही दी जाएगी। निविदाएं स्वीकृत व रदद करने का अधिकार पंचायत का होगा। निविदा दिनांक **05/08/2026** को **सायं 5 बजे** तक पहुंच जानी चाहिए । इसके उपरांत किसी भी निविदा को नहीं लिया जाएगा। निविदाएं निविदादाताओं व कमेटी के समक्ष दिनांक **06/08/2026** को खोली जाएगी। उसी दिन तुलनात्मक सारणी अनुसार जिनका मुल्य कम होगा। उसी को आदेश दे दिए जाएगें। आवेदन के समय हर दस्तावेज लगा कर ही आवेदन करें।

हस्ता/- प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत कुहना, विकास खंड प्रागपुर, डा. व तह. रक्कड़, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

विश्व कप में इतिहास रचने को तैयार भारतीय पुरुष हॉकी टीम

कोच फुल्टन बोले-हरमनप्रीत की टीम किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हराने में सक्षम

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन का मानना है कि हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम आगामी विश्व कप में 51 साल से चले आ रहे पदक के सूखे को खत्म कर इतिहास रचने के लिए पूरी तरह तैयार है। पेरिस ओलंपिक में भारत को लगातार दूसरा कांस्य पदक दिलाने वाले फुल्टन ने कहा कि 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप में सफलता की कुंजी निरंतर प्रदर्शन होगी। भारत ने अब तक विश्व कप में केवल तीन पदक जीते हैं और आखिरी बार 1975 में अजीत पाल सिंह की कप्तानी में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।

फुल्टन ने पीटीआई से कहा, 'हमारे लिए प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना सबसे अहम है। विश्व कप के बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना भी हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है।' उन्होंने विश्वास जताया कि मौजूदा भारतीय टीम बड़े मंच पर किसी भी विपक्षी को चुनौती देने में सक्षम है। 'ऐसे टूर्नामेंट में सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना सबसे महत्वपूर्ण होता है। पेरिस ओलंपिक में हमने दिखाया कि युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतुलन हमें मजबूत बनाता है। हमारे पास इतिहास बदलने का अच्छा मौका है।'

एशियाई खेलों का स्वर्ण भी बड़ा लक्ष्य

भारतीय हॉकी की समृद्ध विरासत का जिक्र करते हुए फुल्टन ने कहा कि वह विश्व कप में टीम के अपेक्षा से कम सफल रिकॉर्ड से परिचित हैं और इसे बदलना चाहते हैं। 'हम भारतीय हॉकी में अपना नया इतिहास लिखना चाहते हैं।' भारत को विश्व कप के पूल डी में वेल्स, इंग्लैंड और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ रखा गया है। फुल्टन के अनुसार, वेल्स के खिलाफ पहले मैच में मजबूत शुरुआत करना बेहद अहम होगा ताकि टीम पूरे टूर्नामेंट में लय बनाए रख सके।

विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर मौजूद भारत के लिए विश्व कप के तुरंत बाद होने वाले एशियाई खेल भी बेहद महत्वपूर्ण हैं। वहां स्वर्ण पदक 2028 ओलंपिक का सीधा टिकट दिलाएगा। फुल्टन ने कहा कि रैंकिंग से अधिक मायने मैदान पर प्रदर्शन का है और जीत के लिए टीम को हर मैच में बुनियादी चीजों पर पूरा ध्यान देना होगा। विश्व कप टीम में युवा डिफेंडर यशदीप सिवाच और स्ट्राइकर आदित्य अर्जुन लागले को भी जगह मिली है। फुल्टन ने दोनों की बहुमुखी क्षमता और पिछले 18 महीनों में टीम के मजबूत तालमेल को भारत की बड़ी ताकत बताया। (अनंत ज्ञान)

युवा एशियाई चैंपियनशिप में सब जूनियर टीम की मजबूत शुरुआत

हॉकी फाइव्स में भारत ने पाकिस्तान को रौंदा

एजेंसी, मस्कट (ओमान)

भारतीय सब-जूनियर बालक हॉकी टीम ने एफआईएच यूथ हॉकी फाइव्स एशिया चैंपियनशिप में शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 7-3 और मेजबान ओमान को 10-1 से हराकर लगातार दो प्रभावशाली जीत दर्ज कीं। भारतीय सब-जूनियर बालिका टीम को एलीट पूल के मुकाबले में कड़ा संघर्ष करने के बावजूद चीन के हाथों 3-6 से हार का सामना करना पड़ा।

पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में भारतीय टीम ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। रोमित पाल (आठवें मिनट), करण गौतम (10वें मिनट) और कप्तान केतन कुशवाहा (10वें मिनट) के गोलों की बदौलत भारत ने हाफ टाइम तक 3-0 की मजबूत बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में प्रह्लाद राजभर (12वें मिनट) ने बढ़त 4-0 कर दी। इसके बाद पाकिस्तान ने मुहम्मद उस्मान (12वें और 15वें मिनट) तथा कप्तान अदील (17वें मिनट) के गोलों से वापसी की कोशिश की, लेकिन भारत की ओर से शाहरुख अली (16वें मिनट), राहुल यादव (18वें मिनट) और केतन कुशवाहा (20वें मिनट) ने गोल कर 7-3 से शानदार जीत सुनिश्चित कर दी।

बालिका वर्ग के मुकाबले में भारत और चीन के बीच पहले हाफ तक मुकाबला 3-3 की बराबरी पर था। दूसरे हाफ में चीन ने खेल पर पूरी तरह नियंत्रण स्थापित कर लिया। गुओ जियाशिन ने 13वें और 20वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की, जबकि लू तोंगतोंग ने भी 20वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागकर चीन को 6-3 से जीत दिला दी। यह प्रतियोगिता अगले वर्ष होने वाले पहले एफआईएच यूथ हॉकी फाइव्स विश्व कप के लिए एशियाई क्वालीफायर भी है। (अनंत ज्ञान)

मारिया शारापोवा खूबसूरत अंदाज में

रूस। विश्व की पूर्व नंबर वन खिलाड़ी रूस की मारिया शारापोवा अपनी सुंदरता के चलते काफी चर्चित रहीं। वह ग्रैंड स्लैम जीतने वाली रूस की पहली महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। शारापोवा दुनिया की सबसे सुंदर टेनिस खिलाड़ियों में से एक हैं।

स्पोर्ट्स विंडो

सेमवाल, रविकुमार और सीलान सिंगापुर स्क्वाश से बाहर

एजेंसी, सिंगापुर। ओम सेमवाल, संदेश रविकुमार और रतिका सीलान शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में हार के साथ पीएसए सिंगापुर चैलेंजर स्क्वाश टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पुरुष एकल में चौथी वरीयता प्राप्त सेमवाल आठवें वरीय जेम्स पीच से हार गए। ब्रिटिश खिलाड़ी ने 7-11, 11-6, 7-11, 11-9, 11-7 से जीत हासिल की। पुरुष एकल के एक अन्य क्वार्टर फाइनल में रविकुमार को दक्षिण कोरिया के तीसरी वरीयता प्राप्त जियोंगमिन रियू से 9-11, 11-5, 7-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में तीसरी वरीयता प्राप्त रतिका छठी वरीयता प्राप्त यू जी चेन से हार गईं। मलेशियाई खिलाड़ी ने 11-7, 12-10, 9-11, 11-0 से जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)

अर्जेंटीना के निकोलस ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास

एजेंसी, ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के सेंटर-बैक निकोलस ओटामेंडी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया। अपने चौथे विश्व कप में खेल रहे ओटामेंडी रविवार को फाइनल में स्पेन के खिलाफ 1-0 से अतिरिक्त समय में मिली हार में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे , जो राष्ट्रीय टीम के लिए उनका आखिरी मैच था। 38 वर्षीय आटोमेंडी ने सोशल मीडिया मंच इंस्ट्राग्राम पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा, 'आज मैं अपने पूरे करियर के सबसे कठिन शब्द लिख रहा हूं। मैं अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम को अलविदा कह रहा हूं, लेकिन मुझे अपने देश का प्रतिनिधित्व करने पर बहुत गर्व है। खिताब इतिहास में दर्ज हो जाते हैं, लेकिन इन रंगों के प्रति प्रेम जीवन भर बना रहता है।' (अनंत ज्ञान)

चाड ले ने राष्ट्रमंडल खेलों में 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में जीता कांस्य

एजेंसी, ग्लास्गो। दक्षिण अफ्रीका के तैराक चाड ले क्लॉस पुरुषों की चार गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में कांस्य पदक जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में सबसे अधिक पदक जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। ले क्लॉस ने राष्ट्रमंडल खेलों में 19वां पदक जीतकर ऑस्ट्रेलिया के निशानेबाज फिल एडम्स और इंग्लैंड के मिक गाल्ट को पीछे छोड़कर नया रिकॉर्ड बनाया। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को यह रिकॉर्ड बनाने के बाद कहा, ''भले ही मैंने कांस्य पदक जीता, लेकिन यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।'' ले क्लॉस ने राष्ट्रमंडल खेलों में अभी तक सात स्वर्ण, चार रजत और आठ कांस्य पदक जीते हैं। वह अपनी इस संख्या को बढ़ा सकते हैं, क्योंकि वह 50 और 100 मीटर बटरफ्लाई में भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। ले क्लॉस ने 2010 में नई दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण किया, जहां उन्होंने 18 वर्ष की उम्र में पांच पदक जीते थे। वह अपने पांचवें राष्ट्रमंडल खेल में भाग ले रहे हैं। ले क्लॉस ने अपने शानदार करियर में एक स्वर्ण पदक सहित चार ओलंपिक पदक और 16 विश्व खिताब जीते हैं। (अनंत ज्ञान)

भारतीय तैराक राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में पहुंचने में रहे विफल

एजेंसी, ग्लास्गो। भारतीय तैराकों का शनिवार को राष्ट्रमंडल खेलों में प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसमें धक्षन शशिकुमार और आर्यन नेहरा दोनों ही पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके। शशिकुमार ने 'टोलक्रॉस स्विमिंग सेंटर' में आयोजित 400 मीटर फ्रीस्टाइल की हीट में 27 तैराकों के बीच 3:58.09 मिनट का समय लेकर 15वां जबकि आर्यन नेहरा ने 4:00.26 मिनट के साथ 16वां स्थान हासिल किया। तीसरी हीट में उतरे शशिकुमार ने प्रतियोगिता के मध्य तक सातवें स्थान पर पहुंचकर उम्मीद जगाई, लेकिन अंतिम चरण में अपनी बढ़त बरकरार नहीं रख सके और फाइनल में प्रवेश से वंचित रह गए। चौथी हीट में प्रतिस्पर्धा कर रहे आर्यन शुरुआत से ही पिछड़ गए। मध्य चरण में वह अंतिम स्थान पर थे और अंत तक उसी स्थान पर रहे, जिसके कारण वह भी फाइनल में जगह नहीं बना सके।

विश्व जूनियर स्क्वाश फाइनल में अनाहत, रचा 21 साल बाद इतिहास

एजेंसी, ऑंटारियो

भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर 21 साल बाद इतिहास रच दिया। वह 2005 में जोशना चिनप्पा के बाद इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी हैं। दिल्ली की अनाहत ने सेमीफाइनल में मिस्र की तीसरी-चौथी वरीयता प्राप्त बार्ब समेह को 11-3, 8-11, 11-4, 11-6 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

पिछले साल कांस्य पदक जीतने वाली और विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज अनाहत अब विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियन बनने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। यदि वह फाइनल जीतती हैं तो यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगी। जीत के बाद अनाहत ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। कुछ महीने पहले ब्रिटिश जूनियर ओपन में बार्ब के खिलाफ मेरा मुकाबला बेहद करीबी रहा था, इसलिए मुझे पता था कि इस बार अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा।' उन्होंने कहा, 'कल मैं अपनी लय में नहीं थी, लेकिन आज खुद को साबित करना जरूरी था। चार विश्व जूनियर चैंपियनशिप खेलने के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचना मेरे, मेरे माता-पिता और कोच के लिए बेहद खास है। हालांकि, मेरा काम अभी पूरा नहीं हुआ है।' खिताबी मुकाबले में अनाहत का सामना मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त रुकय्या सलेम से होगा। (अनंत ज्ञान)

आशुतोष शर्मा के चार विकेट, फिर भी हैम्पशायर 160 रन से हारा

एजेंसी, नई दिल्ली। मेट्रो बैंक वनडे कप में भारतीय ऑलराउंडर आशुतोष शर्मा ने हैम्पशायर के लिए शानदार गेंदबाजी करते हुए करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन उनकी टीम को मिडिलसेक्स के खिलाफ 160 रन से हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए मिडिलसेक्स ने आठ विकेट पर 284 रन बनाए। जवाब में हैम्पशायर की पूरी टीम 124 रन पर सिमट गई। आशुतोष बल्ले से खाता भी नहीं खोल सके। हालांकि, गेंदबाजी में उन्होंने नौ ओवर में 54 रन देकर चार विकेट चटकाए। उन्होंने 45 रन बना चुके सलामी बल्लेबाज नेथन फर्नांडिस का विकेट लेकर 103 रन की शुरुआती साझेदारी तोड़ी। इसके बाद जो क्रैकनेल (17), जफर गोहर (0) और जेए नेल्सन (1) को भी पवेलियन भेजा। आखिरी सात ओवरों में हैम्पशायर ने मिडिलसेक्स को सिर्फ 41 रन बनाने दिए और छह विकेट झटके, जिनमें तीन विकेट आशुतोष ने लिए। मैच के बाद आशुतोष ने कहा, 'उम्मीद है कि आईपीएल के अगले सीजन में मुझे ज्यादा गेंदबाजी करने का मौका मिलेगा, क्योंकि यहां लोगों ने मेरी गेंदबाजी देखी है। मैं पिछले साल भी हैम्पशायर आना चाहता था। आखिरकार विदेशी खिलाड़ी का एक स्लॉट खाली होने से मुझे यह मौका मिला।' (अनंत ज्ञान)

राष्ट्रमंडल खेल : सचिन सिवाच ने प्री-क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी, ग्लासगो

भारत के स्टार मुक्केबाज सचिन सिवाच ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में शानदार शुरुआत करते हुए शनिवार को पुरुष 60 किलोग्राम भार वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल (राउंड ऑफ-16) में प्रवेश कर लिया। टॉप्स कोर समूह के खिलाड़ी सचिन ने कनाडा के केओमा अल-अहमादीह को 4-1 के विभाजित फैसले (स्प्लिट डिसीजन) से हराया।

मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। अंतिम राउंड में कनाडाई मुक्केबाज ने जोरदार वापसी की और तीन जजों से 10 अंक हासिल किए, जबकि सचिन को दो जजों ने 10 अंक दिए। हालांकि, पूरे मुकाबले के आधार पर चार जजों ने 29-28, 30-27, 29-28 और 29-28 के स्कोर से सचिन को विजेता घोषित किया। वहीं, एक जज ने 29-28 के अंतर से कनाडाई मुक्केबाज के पक्ष में फैसला दिया। इस जीत के साथ सचिन ने अंतिम-16 में जगह बना ली है, जहां उनका सामना इंग्लैंड के विलियम हेविट से होगा। यह मुकाबला 27 जुलाई को भारतीय समयानुसार शाम 4:45 बजे खेला जाएगा। इस मुकाबले का विजेता क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेगा। विश्व बॉक्सिंग कप फाइनल के स्वर्ण पदक विजेता सचिन से राष्ट्रमंडल खेलों में भी भारत को पदक की उम्मीदें हैं और उन्होंने पहले ही मुकाबले में शानदार प्रदर्शन कर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं।

श्रीलंका दौरे के लिए जल्द चुनी जाएगी भारतीय टेस्ट टीम, जसप्रीत बुमराह की फिटनेस पर नजर

एजेंसी, बेंगलुरु

श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी और चयन समिति की बैठक में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फिटनेस पर गहन चर्चा होने की संभावना है। इतिहास भारत 15 अगस्त को गॉल में होने वाले पहले टेस्ट मैच से दौरे की शुरुआत करेगा। दूसरा टेस्ट मैच 23 अगस्त से कोलंबो में खेला जाएगा।

बुमराह हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे और निर्णायक मैच से बाहर रहे थे, क्योंकि उनके बाएं घुटने में चोट लग गई थी और उसमें सूजन आ गई थी। इस घटनाक्रम से जुड़े एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''हम उनके ठीक होने की प्रक्रिया पर नजर रख रहे हैं। टेस्ट श्रृंखला शुरू होने में अभी तीन सप्ताह का समय है , इसलिए उनके पास ठीक होने और श्रीलंका में टीम से जुड़ने के लिए पर्याप्त समय है।'' भारतीय टीम चार अगस्त तक श्रीलंका पहुंच जाएगी और वहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के लिए कोलंबो के नॉनडिस्क्रिप्ट्स क्रिकेट क्लब में चार दिवसीय मैच खेलेगी, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या बुमराह अगस्त के पहले सप्ताह में टीम के साथ यात्रा कर पाएंगे या नहीं।

अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक वनडे मैच खेलने के बाद शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। श्रीलंका में उनकी भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए जडेजा को टीम में शामिल नहीं किया गया था, जिसमें भारत को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। जहां तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा संभालेंगे, वहीं अनुभवी कुलदीप यादव और बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार के साथ स्पिन विभाग की अगुवाई करेंगे। मानव ने हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करते हुए अपना प्रभाव छोड़ा था। तीसरे स्पिनर वाशिंगटन सुंदर हो सकते हैं, जिन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरी पारी में चार विकेट लिए थे, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे स्पिन विभाग में विकल्प के तौर पर टीम में बने रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

दिल्ली मेट्रो के 3 स्टेशन यात्रियों के लिए खुले

एजेंसी, नई दिल्ली। सुरक्षा कारणों और प्रदर्शनों के चलते बंद किए गए दिल्ली मेट्रो के प्रमुख स्टेशनों में से राजीव चौक, मंडी हाउस और केंद्रीय सचिवालय के गेट शनिवार को अपराह्न 3.44 बजे यात्रियों के लिए खोल दिए गए। हालांकि मध्य दिल्ली के अन्य स्टेशन अभी भी बंद या सीमित रखे गए हैं। दिल्ली मेट्रो कारपोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) ने एक्स पोस्ट पर बताया कि आज दोपहर 3.44 मिनट पर राजीव चौक, मंडी हाउस और सेंट्रल सेक्रेटेरिएट मेट्रो स्टेशनों के एंट्री गेट खुल दिए हैं। इसके साथ ही इन तीनों प्रमुख इंटरचेंज स्टेशनों पर यात्रियों का प्रवेश सामान्य रूप से शुरू हो गया है।

इन स्टेशनों के एंट्री गेट बंद होने के कारण यात्रियों को वैकल्पिक स्टेशनों या दूसरे प्रवेश द्वारों का उपयोग करना पड़ रहा था। अब एंट्री बहाल होने से दैनिक यात्रियों, ऑफिस जाने-जाने वालों और अन्य यात्रियों को काफी राहत मिलेगी तथा भीड़ प्रबंधन में भी मदद मिलेगी। इसके साथ ही आंदोलन कर रहे छात्र आसानी से अपने घर लौट सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति शहाबुद्दीन की एनसीपी ने मांगी गिरफ्तारी

एजेंसी, ढाका

बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के इस्तीफे के बाद उनकी मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने शहाबुद्दीन की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। पार्टी ने आरोप लगाया कि उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासनकाल में लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन और मानवाधिकार उल्लंघनों पर चुप्पी साधी।

एनसीपी के सदस्य सचिव अख्तर हुसैन ने कहा कि 2024 के जन आंदोलन के शहीदों को न्याय दिलाने और भविष्य में तानाशाही की वापसी रोकने के लिए शहाबुद्दीन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रपति पद छोड़ने के बाद उन्हें मिली संवैधानिक सुरक्षा समाप्त हो गई है। इस बीच, कार्यवाहक राष्ट्रपति हाफिज उद्दीन अहमद ने बताया कि शहाबुद्दीन ने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं और संवैधानिक जिम्मेदारियां निभाने में असमर्थ थे।

शहाबुद्दीन ने अप्रैल 2023 में अवामी लीग के उम्मीदवार के रूप में राष्ट्रपति पद संभाला था। उन्होंने कार्यकाल पूरा होने से करीब दो वर्ष पहले पद छोड़ा है।

मप्र में बनेंगे 4 फास्ट ट्रैक कोर्ट, 3 माह में निपटेंगे परीक्षा मामले : सीएम यादव

एजेंसी, भोपाल

मध्य प्रदेश में पेपर लीक और परीक्षा से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे के लिए चार फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में बनने वाली इन अदालतों में परीक्षा संबंधी मामलों का तीन माह के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार युवाओं और विद्यार्थियों के हितों को लेकर गंभीर है। परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने और दोषियों पर जल्द कार्रवाई के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक मामले में भी केंद्र सरकार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जांच एजेंसियों को सक्रिय किया था। डॉ. यादव ने कहा कि भविष्य में परीक्षाएं बेहतर और सुरक्षित तरीके से आयोजित हों, इसके लिए आवश्यक प्रोटोकॉल तैयार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए प्रदेश सरकार लगातार निर्णय ले रही है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने वाला मध्य प्रदेश पहला राज्य रहा है।

गौरतलब है कि पेपर लीक और परीक्षा धांधली के मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में विशेष फास्ट ट्रैक अदालतें गठित करने का आदेश दिया है। इन अदालतों में परीक्षा संबंधी अपराधों की सुनवाई कर दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

इन विशेष अदालतों के अंतर्गत पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 और भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए इन अदालतों को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की शक्तियां भी प्रदान की हैं। (अनंत ज्ञान)

कारगिल विजय दिवस समारोह में शामिल होने श्रीनगर पहुंचे रक्षा मंत्री

एजेंसी, श्रीनगर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को कारगिल विजय दिवस समारोह में शामिल होने के लिए श्रीनगर पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रक्षा मंत्री का स्वागत किया। अधिकारियों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय लद्दाख दौरे पर आए हैं, जहां वे 27वें कारगिल विजय दिवस समारोह में शामिल होंगे।

अधिकारियों ने अनुसार रक्षा मंत्री को हवाई मार्ग से सीधे द्रास पहुंचना था, लेकिन खराब मौसम के कारण हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। इसके बाद रक्षा मंत्री सड़क मार्ग से द्रास के लिए रवाना हुए। द्रास में शनिवार से दो दिवसीय कारगिल विजय दिवस समारोह शुरू हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

गूगल पर यूरोपीय संघ के जुर्माने से भड़के ट्रंप

एजेंसी, वॉशिंगटन

◆ व्यापार जांच और टैरिफ की दी चेतावनी

यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा गूगल पर करीब एक अरब डॉलर (83.5 हजार करोड़ रुपए) का एंटी-ट्रस्ट जुर्माना लगाए जाने के बाद अमेरिका और ईयू के बीच व्यापारिक तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस कार्रवाई को अमेरिकी कंपनियों के साथ 'अनुचित व्यवहार' बताते हुए ईयू के खिलाफ सेक्शन 301 व्यापार जांच शुरू करने का ऐलान किया है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि यदि जांच में आरोप सही पाए गए, तो यूरोपीय संघ पर नए और भारी टैरिफ लगाए जा सकते हैं।

रूस की अंतरराष्ट्रीय समाचार टेलीविजन नेटवर्क रशिया टुडे (आरटी) के मुताबिक यह घोषणा यूरोपीय आयोग द्वारा गूगल पर €890 मिलियन (लगभग 97.84 हजार करोड़ रुपए) का एंटी-ट्रस्ट जुर्माना लगाए जाने के बाद की गई। आयोग का कहना है कि गूगल ने अपने सर्च परिणामों में प्रतिस्पर्धी सेवाओं की तुलना में अपनी सेवाओं को अनुचित बढ़त दी।

अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने कहा कि गूगल पर एक अरब डॉलर, एप्पल पर 15 अरब डॉलर, मेटा पर 3 अरब डॉलर, अमेजन पर 2.5 अरब डॉलर समेत कई अमेरिकी कंपनियों पर लगाए गए जुर्माने का अमेरिका अब जवाब देगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जांच के नतीजों के आधार पर ईयू पर जल्द ही भारी टैरिफ लगाए जा सकते हैं।

ट्रंप ने दावा किया कि गूगल पर कुल जुर्माना 18 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है। हालांकि, उपलब्ध सार्वजनिक रिकॉर्ड के अनुसार, पिछले एक दशक में यूरोपीय आयोग द्वारा गूगल पर लगाए गए कुल जुर्माने की राशि इससे कम रही है और ट्रंप का यह आंकड़ा विवादित माना जा रहा है। इस महीने की शुरुआत में भी गूगल यूरोपीय संघ के ₹4.6 अरब (लगभग 50,571 करोड़ रुपये) के पुराने एंटी-ट्रस्ट जुर्माने के खिलाफ कानूनी लड़ाई हार गया था। यह मामला एंड्रॉइड ऑपरेटिंग सिस्टम में गूगल सर्च और क्रोम को पहले से इंस्टॉल कराने की शर्तों से जुड़ा था। (अनंत ज्ञान)